संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 24 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 173 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




टी20 वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान टीम ने खिताब की मजबूत दावेदार ऑस्ट्रेलियो को हराया।

# नीट घोटाले के लिए सरकार जिम्मेदार: विपक्ष

● केंद्र पर खरगे का करारा हमला, कहा- घोटाले के लिए सरकार के शीर्ष अधिकारी जिम्मेदार, स्टालिन ने भी कसा तंज

**सरकार को घेरा**

**इस धांधली की जिम्मेदारी केंद्र सरकार के शीर्ष अधिकारियों पर है : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे**







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नीट पेपर लीक विवाद के बाद केंद्र सरकार ने कार्रवाई करते हुए एनटीए के डायरेक्टर जनरल पद से सुबोध कुमार सिंह को हटा दिया है। फिलहाल उनकी जगह प्रदीप सिंह खरोला को नया डायरेक्टर बनाया गया है। लेकिन इस सब के बीच कांग्रेस की तरफ से केंद्र सरकार पर जुबानी हमले लगातार जारी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के बाद राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी में नौकरशाही में फेरबदल को लेकर निशाना साधा और कहा कि इस धांधली की जिम्मेदारी केंद्र सरकार के शीर्ष अधिकारियों पर है।

**'नौकरशाहों को हटाना बर्बाद शिक्षा व्यवस्था का समाधान नहीं':** मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी एक को एक स्वायत्त निकाय के रूप में पेश किया गया था, लेकिन वास्तव में इसे भाजपा और आरएसएस के कपट हितों की सेवा के लिए बनाया गया था। उन्होंने आगे लिखा नीट घोटाले की जिम्मेदारी केंद्र सरकार के शीर्ष अधिकारियों के दरवाजे पर रुकती है। लेकिन इस घोटले के बाद नौकरशाहों को हटाना भाजपा की बर्बाद की शिक्षा व्यवस्था की समस्या का समाधान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को न्याय दिलाने के लिए मोदी सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

**एनटीए के महानिदेशक सुबोध सिंह पद से हटाए गए:** नीट विवाद में शनिवार को केंद्र सरकार ने हाल के दिनों में प्रभावित होने वाली चौथी प्रवेश परीक्षा, नीट-पीजी प्रवेश परीक्षा को भी स्थगित कर दिया और एनटीए के महानिदेशक सुबोध सिंह को हटाते हुए मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में धांधली की जांच सीबीआई को सौंप दी। वहीं मामले में शिक्षा मंत्रालय ने एजेंसी के कामकाज की समीक्षा करने और परीक्षा सुधारों की सिफारिश करने के लिए पूर्व इसरो प्रमुख के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय पैनल का गठन किया है।

## व्यवस्था में शिक्षा माफिया ने की घुसपैठः खरगे

**मल्लिकार्जुन** खरगे ने आगे कहा कि नीट-पीजी की परीक्षा स्थगित कर दी और पिछले 10 दिनों में सभी चार परीक्षाओं को रद्द या स्थगित किया गया है। पेपर लीक, भ्रष्टाचार, धांधली और शिक्षा माफिया ने हमारे शिक्षा व्यवस्था में घुसपैठ कर ली है। जिसके बाद अब इस कार्रवाई का कोई मतलब और महत्व नहीं है क्योंकि अभी भी अनगिनत युवा पीड़ित हैं।

**राहुल-प्रियंका ने भी केंद्र पर साधा निशाना:** वहीं इस पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शिक्षा माफिया और पेपर लीक रैकेट के सामने असहाय बताया था।

## परीक्षा रद्द होने से हजारों डॉक्टरों में निराशाः स्टालिन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नई:** 23 जून को होने वाली नीट-पीजी परीक्षा स्थगित होने के बाद से विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर हमला बोल रही है। वहीं, शनिवार रात को सरकार ने एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को पद से हटा दिया गया है। इसी कड़ी में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में केंद्र सरकार को जमकर लताड़ा है।

**परीक्षा रद्द करना एक बार की घटना नहीं:** स्टालिन ने रविवार को कहा कि नीट-पीजी परीक्षा और यूजीसी-नेट को रद्द करना एक बार की घटना नहीं है, बल्कि केंद्रीकृत चयन की अक्षम और टूटी हुई प्रणाली के ताबूत में आखिरी कीले हैं।

## आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"

-स्वामी विवेकानंद

## सेना जल्द होगी अगली पीढ़ी की वायरलेस तकनीक से उन्नत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश की सुरक्षा और देश में लोगों को सुरक्षित रखने का महत्वपूर्ण जिम्मा संभालने वाली भारतीय सेना के संचार माध्यम को और उन्नत करने के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। एक ऐतिहासिक पल के स्वरूप भारतीय सेना के मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई) और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के तहत एक स्वायत्त अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला सोसाइटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (एसएएमईईआर) ने भारतीय सेना के लिए अगली पीढ़ी की वायरलेस प्रौद्योगिकियों में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। शनिवार को रक्षा मंत्रालय की ओर से एक बयान में इसकी जानकारी दी गई।

**भारतीय सेना की तकनीकी क्षमताओं को करेगा मजबूत:** बयान में कहा गया कि एमओयू पर लेफ्टिनेंट जनरल के एच गवास, कमांडेंट एमसीटीई और कर्नल कमांडेंट कोर ऑफ सिग्नल्स और डॉ पी एच राव, महानिदेशक समीर ने हस्ताक्षर किए।

## मानसूनी बारिश में तेजी से पहले सरकार अलर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हर साल मानसून की बारिश के कारण विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि के चलते बिहार, असम और अन्य पूर्वी राज्यों के कई क्षेत्र जलमग्न हो जाते हैं। इसी के चलते, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में आने वाली बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया, 'गृह मंत्री ने यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और देश में बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की।' केंद्रीय जय शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मौजूद रहे। इसके अलावा, जल संसाधन, नदी विकास और नदी संरक्षण, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण-वन और जलवायु परिवर्तन, सड़क परिवहन और राजमार्ग, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, एनडीएमए के सदस्य, एनडीआरएफ और आईएमडी के महानिदेशक, सीडब्ल्यूसी, एनएचएआई के अध्यक्ष और संबंधित मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

**समीक्षा**

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की अहम बैठक; बाढ़ से निपटने की तैयारी की समीक्षा की**

## आकाश आनंद फिर मायावती का उत्तराधिकारी घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** आकाश आनंद एक बार फिर से बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर बन गए हैं। सोमवार को लखनऊ में हुई बैठक में यह फैसला किया किया। मायावती ने आकाश आनंद को वापस से वही पद सौंप दिया है। इस मौके पर मायावती ने कहा कि बसपा आने वाले चुनावों में मजबूती के साथ लड़ती हुई दिखेगी। साथ ही वह किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन करने नहीं जा रही है।

## नीट गड़बड़ी मामले में सीबीआई का एक्शन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नीट को लेकर छिड़े घमासान के बाद सरकार ने इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी थी। इस मामले में लगातार स्टूडेंट्स विरोध जता रहे हैं। वहीं, अब नीट परीक्षा मामले को लेकर उझक एक्शन मोड में आ गई है। सीबीआई ने नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के संबंध में एफआईआर दर्ज की है। इसकी जानकारी अधिकारियों के हवाले से सामने आई है। वहीं, राज्यों ने जो आरोपी गिरफ्तार किए हैं, उन्हें भी कस्टडी में लिया जाएगा। इससे एक दिन पहले केंद्र ने घोषणा की थी कि परीक्षण में कथित अनियमितताओं की जांच एजेंसी को सौंपी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ नया मामला दर्ज किया है। करीब 24 लाख छात्रों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा दी है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय को कथित कदाचार की जांच की मांग को लेकर कई शहरों में प्रदर्शन कर रहे छात्रों की मांग माननी पड़ी।

**एफआईआर**

**सीबीआई ने कथित अनियमितताओं के संबंध में एफआईआर दर्ज की है, बिहार में सीबीआई टीम पर हमला**



43वें वर्ल्ड मेडिकल और हेल्थ गेम्स में चार अधिकारियों ने 32 मेडल पर कब्जा जमाया।

## आरएलवी 'पुष्पक' की हुई तीसरी सफल लैंडिंग



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को सुबह लॉन्च व्हीकल पुष्पक का तीसरी बार पूरी तरह कामयाब परीक्षण किया। पुष्पक को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी. की ऊंचाई से हवा में छोड़ा गया। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में इस रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ने खुद ही आधा घंटे बाद जमीन पर लैंड किया। आज के आखिरी परीक्षण में इसरो के 'पुष्पक' शटल ने साबित कर दिया कि यह बार-बार अंतरिक्ष में जाकर धरती पर सुरक्षित लौट सकता है। इसरो ने इससे पहले पिछले साल 02 अप्रैल को आरएलवी लेक्स-1 का सफलतापूर्वक संचालन किया था। इसके बाद इसी साल 22 मार्च को आरएलवी लेक्स-2 का सफल परीक्षण किया गया था। इसी शृंखला में तीसरा और अंतिम परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में वैमानिकी परीक्षण रेंज (एटीआर) में आज सुबह 07:10 बजे किया गया। आरएलवी लेक्स-01 और लेक्स-02 मिशनों की सफलता के बाद आरएलवी लेक्स-03 ने अधिक चुनौतीपूर्ण रिलीज स्थितियों में और अधिक गंभीर हवा की स्थिति में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमता का फिर से प्रदर्शन किया।

**लॉन्च**

**चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी. की ऊंचाई पर हवा में छोड़ा गया रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल**

## सुकमा में आईईडी ब्लास्ट में दो जवानों का बलिदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सुकमा:** सुकमा और बीजापुर की सरहद पर बसे सिलगेर और टेकुलगुडम के पास नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट करने से छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की तरफ से नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जवानों की कार्रवाई से बौखलाए नक्सलियों करतूत सामने आई है। सुकमा और बीजापुर की सरहद पर बसे सिलगेर और टेकुलगुडम के पास नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट करने से कोबरा के दो जवान बलिदान हो गए। जवानों के पार्थिव शरीर को घटना स्थल से निकाला जा रहा है। इधर, नक्सली हमले की सूचना पर अतिरिक्त बल को मौके पर भेजा गया है। इलाके में अब सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक रविवार को जगरगुंडा थाना क्षेत्र के सिलगेर कैम्प से कोबरा 201 वाहिनी की एडवांस पार्टी का मूवमेंट आरओपी ड्यूटी के दौरान ट्रक और मोटर साइकिल से कैम्प टेकलगुडेम की तरफ था।

## देश के सही कानूनी इतिहास को समझने की जरूरत: मेघवाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार) के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वंडालूर में 'आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील मार्ग' पर आयोजित सम्मेलन में देश के सही कानूनी इतिहास को समझने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत में औपनिवेशिक समय में बनाए गए कानून में भारतीय स्वाभाव और सामाजिक वास्तविकताओं की अनदेखी की गई। वो कानून सिर्फ औपनिवेशिक शासकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए ही बनाए गए थे।

**'एक जुलाई से देश में लागू होंगे तीन नए कानून':** ये सेमिनार दिल्ली, गुवाहाटी और कोलकाता में आयोजित सेमिनार के श्रृंखला का चौथा सेमिनार था।

जिसमें हाईकोर्ट के जज, वकील, शिक्षाविद, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधि और छात्रों ने हिस्सा लिया। इस सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने गुलामी की मानसिकता वाले पुराने कानूनों को हटाकर भारतीयता और न्याय की मूल भावना को समाहित करते हुए तीन नए कानून बनाए हैं।

**सम्मेलन**

**औपनिवेशिक समय में बनाए गए कानून में भारतीय स्वाभाव और सामाजिक वास्तविकताओं की अनदेखी की गई**

**नापाक हरकत** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तानी उत्तरी कश्मीर में फिर से आतंकवाद को सक्रिय करने की साजिश रच रहा

## आतंकियों की घुसपैठ की साजिश नाकाम, एक आतंकी ढेर



**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगर:** सुरक्षाबलों ने उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के उड़ी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर आतंकियों की घुसपैठ की साजिश को नाकाम कर दिया। सूत्रों के अनुसार, नियंत्रण रेखा के पास आतंकियों के एक समूह की हरकतों का इनपुट था, जिसके आधार पर सेना ने एलओसी के करीब कई जगहों पर नाके लगाए थे। इस दौरान सीमा पर संदिग्ध गतिविधियां नजर आईं। आतंकियों को पाए जाने पर उन्हें ललकारा गया, परिणाम स्वरूप मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी होते ही आतंकी भाग खड़े हुए। अधिकारियों ने बताया कि गोहालन इलाके में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। सुरक्षाबल इलाके में तलाशी अभियान चला रहे हैं। सेना ने बताया है कि उड़ी के पास एक आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई। आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। ऑपरेशन अभी चल रहा है।

फिलहाल मारे गए आतंकियों के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं है। सुरक्षाबल आतंकी की पहचान में जुटे हुए हैं। इससे पहले बीते बुधवार 21 जून को बालामुला में मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया था। ये दोनों तश्कर-ए-ताइबा से जुड़े थे।

**मुठभेड़**

**विदेशी आतंकियों की संख्या अभी स्थानीय आतंकियों से ज्यादा है, लेकिन इनका सफाया किया जा रहा**

**कश्मीर में फिर आतंकवाद को जिंदा करने की साजिश रच रहा पाकिस्तान:** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तानी उत्तरी कश्मीर में फिर से आतंकवाद को सक्रिय करने की साजिश रच रहा है। इस क्षेत्र में 2005 से 2015 तक आतंक फैला था। हालांकि 2019 में जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक मुहिम के तहत बारामुला जिले को आतंकी मुक्त घोषित किया गया था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, पाकिस्तानी मूल के विदेशी आतंकियों की संख्या अभी स्थानीय आतंकियों से ज्यादा है, लेकिन इनका सफाया किया जा रहा है।

## तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 56 लोगों की मौत, कांग्रेस को बीजेपी ने घेरा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 56 लोगों की मौत के बाद देशभर में हलचल मच गई। राज्य में जहरीली शराब पीने से अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि, सैकड़ों लोग अभी भी अस्पतालों में भर्ती हैं। इस मामले में केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण का कहना है कि अभी भी अस्पताल में भर्ती 200 से अधिक लोगों की हालत बेहद गंभीर है।

**निर्मला सीतारमण का कांग्रेस पर निशाना:** केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस मामले में कांग्रेस पर कटाक्ष किया है। उन्होंने बताया कि मृतकों में अधिकतर अनुसूचित जाति से हैं। केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर एक शब्द भी नहीं कहा। उन्होंने कहा कि राज्य में जहरीली शराब पीने से अनुसूचित जाति के कई लोगों की मौत हो गई और राहुल गांधी ने मौन साधा हुआ है। निर्मला सीतारमण ने इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने की मांग की है।

# खाना बनाते वक्त सिलिंडर में लगी आग, तेजी से पूरे घर में फैली; सात लोग झुलसे

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** टीलामोड़ थाना क्षेत्र के न्यू डिफेंस कॉलोनी में रविवार सुबह एक घर में सिलिंडर से आग लग गई। आग तेजी से पूरे घर में फैल गई। आग में सात लोग झुलस गए। जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से तीन लोगों की मौत हो गई है और चार लोगों का इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, मकान मालिक नाथूराम (55), मुकेश (40), बागमती (35), सोनू (35), हिमानी (18) और अंकित (17), प्रियंका (16) झुलस गए। स्थानीय लोगों ने सभी लोगों को तुरंत दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग की मदद से आग को बुझाने का काम शुरू किया।





एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मुकेश की पत्नी भागमती (36), बेटी हिमानी और प्रियंका को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह नाथूराम के दामाद सोनू निमार्णाधीन मकान में पत्थर लगाने के लिए ग्राइंडर मशीन से लकड़ी का दरवाजे को काट रहा था। दरवाजे से कुछ दूरी पर गैस सिलिंडर रखा था। मशीन की चिंगारी से गैस सिलेंडर में आग लग गई और चंद सेकंड में कमरे में बैठे लोग बुरी तरह झुलस गए। अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि सूचना मिलने पर तत्काल दमकल गाड़ी और टीम को मौके पर भेजा गया लेकिन स्थानीय लोगों ने पहले ही आग को काबू कर लिया। उधर, घटना की सूचना मिलने पर डीसीपी निमिष पाटिल मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिवार के लोगों से घटना की पूरी जानकारी ली।

## शिप्रा कृष्णा विस्टा मामले में 28 को सुनवाई

**साहिबाबाद।** लंबे समय से शिप्रा कृष्णा विस्टा में चल रहे सुविधा शुल्क विवाद मामले में अब 28 जून को डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय में सुनवाई होगी। सोसायटी में अपार्टमेंट एक्ट बायलॉज का उल्लंघन करते हुए कुछ लोगों ने सुविधा शुल्क लगाए जाने की शिकायत की थी। विवाद तब और बढ़ गया जब पिछले दिनों सोसायटी में आयोजित आम बैठक में ऐसे फ्लैट धारकों को प्रवेश नहीं करने दिया गया जिन्होंने एओए द्वारा निर्धारित सुविधा शुल्क जमा नहीं किया था। इसकी शिकायत सोसायटी के कुछ लोगों ने डिप्टी रजिस्ट्रार से भी की। अब डिप्टी रजिस्ट्रार ने एओए को पत्र जारी कर इस संबंध में अपने कार्यालय में 28 जून को बैठक कर पूरे मामले में दोनों पक्ष की सुनवाई के आदेश दिए हैं।

## संत कबीर दास समस्त समाज के थे संत: देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** गांव पांची जाटान, उदेशीपुर व पुरखास में हर्षोल्लास से संत कबीर दास की जयंती मनाई गई। संत कबीर की जयंती पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में बतौर मुख्यातिथि के तौर पर देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स चेयरमैन देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। यहां आयोजकों ने उनका फूलमाला व पगड़ी से स्वागत किया। कादियान ने संत कबीर दास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

## पहचान की अपील



एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **आयु:** लगभग 28–30 वर्ष, **रंग:** गेंहुआ, **कद:** 5'5'', **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** पतला, जिसने चैक कमीज, नीले रंग की पैंट और पैरों में चप्पल पहनी थी, जो मूल चंद मेंट्रो स्टेशन के पास फुटपाथ पर, अमर कॉलोनी, दिल्ली में दिनांक 18.06.2024 को मिला। इस संदर्भ में **डीडी नं. 33ए, दिनांक 19.06.2024 को थाना अमर कॉलोनी, दिल्ली** में दर्ज है।

जिसके मृत शरीर को एम्स अस्पताल के शवगृह, नई दिल्ली में रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना अमर कॉलोनी, दिल्ली**
**फोन: 011-26412194, 8750870931**
DP/7980/SE/2024

# पूर्वी छोर पर ग्लोबल वार्मिंग है, जबकि पश्चिमी छोर पर प्रदूषण है : वैज्ञानिक श्याम सुंदर राठी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पिछले मई, जून महीनों से देश ग्लोबल वार्मिंग यानी झुलसा देने वाली गर्मी (हीट वेव) की चपेट में आया हुआ है। जुलाई भी ऐसे ही झुलसा देने वाली रहेगी। देश के लोगों को घरों से बाहर निकल पाना नामुमकिन हो गया है। आम दिनों में साधारण इंसान 9 से 10 बजे के बीच काम धंधे के लिए घर से बाहर निकलता था मगर भयंकर गर्मी के कारण घर से बाहर निकला हुआ व्यक्ति भी 10 से 11 बजे तक अपने घर वापस पहुंचना चाहता हैं। सुबह 11बजे के बाद सड़के एकदम सुनसान हो जाती हैं जैसे पूरे देश में कर्फ्यू लगी हुई है। इस भयंकर गर्मी के कारण दैनिक लाखों लोग बीमार पड़ रहे हैं और हजारों लोगों को जीवन से हाथ धोना पड़ता है। मेरे लिखने का अभिप्राय स्पष्ट है "ग्लोबल वार्मिंग के कारण हमारे जीवन तथा आजीविका दोनों पर खतरा मंडराने लगा है।"



आगामी दिसम्बर जनवरी के महीनों में देश भयंकर प्रदूषण से दो दो हाथ करता हुआ नजर आएगा। ग्लोबल वार्मिंग यानी झुलसा देने वाली भयंकर गर्मी के दौरान आम लोगों को दिन के वक्त घरों में दुबक कर रहने तथा रात के समय अपेक्षाकृत गर्मी कम होने से थोड़ी बहुत राहत मिल जाती है मगर प्रदूषण रुपी राक्षस से बचना असंभव है। प्रदूषण राक्षस दिन हो या रात, घर हो या बाहर, एक मिनिट के लिए पीछा नहीं छोड़ता। प्रदूषण का जहर श्वास के साथ शरीर के अंदर जाने से दम घुटने लगता है, कांसते कांसते बेहाल हो जाता है एवं फेफड़ों की बीमारियों के कारण अच्छा भला इंसान यातना भरी मौत की ओर बढ़ने लगता है। ग्लोबल वार्मिंग पूर्व छोर है तो प्रदूषण पश्चिम छोर, दोनों समस्याएं मिलकर पृथ्वी से मानव जाति का अस्तित्व मिटाने के लिए आतुर है। दोनों रोग अलग हैं और उनसे छुटकारा मिलने के लिए अलग तरीके से उपचार किया जाएगा।

कुछ लोग मानव जाति की आपदा और लाशों के ढेर को कमाई का स्वर्णिम अवसर समझ कर फायदा उठाने के लिए तत्पर हो जाते हैं।

इसलिए ओहदे का दुरुपयोग कर एवं पैसे खर्च कर के आम लोगों में अंधविश्वास फैला कर तथा मौत का भय दिखा कर अपना उल्लू साधने का प्रयास किया जाता है। जिससे अपने वर्चस्व की पकड़ को मजबूत किया जाए, अपनी पहाड़ जैसी संपत्ति को कई गुना करने का मौका मिले और मौके का लाभ उठाया जाए।

## गजेंद्र सलूजा के नेतृत्व में श्यामा प्रसाद को किया याद



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

भारत 15 अगस्त 1947 को आजाद हो गया था भारत के तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने 500 से अधिक रियासतों का भारत में विलय एक मजबूत राष्ट्र की नींव रखी दी थी परंतु जम्मू। एवम कश्मीर की रियासत के विलय का जिम्मा तत्तकालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का था उन्होंने 370 लागू कर जम्मू कश्मीर का पूर्ण विलय भारत पूरी तरह से नहीं होने दिया जिसकी देश को बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ी ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने वार्ड 17 के आजाद नगर के राधाकृष्ण मंदिर के बाहर डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर लोगों को संबोधित करते हुए कहे। गजेंद्र सलूजा ने कहा की डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश ,एक प्रधान ,एक विधान तथा एक निशान के लिए जेल की यातनाएं सहतें हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया । उन्होंने कहा की प्रधान मंत्री मोदी ने धारा 370 हटाकर कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय किया तथा डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्वप्न एक देश एक प्रधान ,एक विधान तथा एक निशान के स्वप्न को पूरा किया। भाजपा कार्यकताओं ने गजेंद्र सलूजा के नेतृत्व में डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनके बलिदान दिवस पर भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें हजारों लोगों ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया तथा डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी।

वरिष्ठ भाजपा नेता ईश कुमार राणा ने कहा की नरेंद्र मोदी ने कश्मीर में जी ट्वेंटर का सफल आयोजन कर तथा हाल हीं में कश्मीर योग दिवस मना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व को बड़ा तथा दुश्मन देशों को कड़ा संदेश दिया। प्रधान मंत्री मोदी की उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर मुख्य रूप भाजपा राष्ट्रीय , जिला भाजपा अध्यक्ष अनुसूचित जाति मार्च रविंद्र तुषामढ़, भाजपा जिला मंत्री सुनील कंसल,भाजपा प्रदेश कार्यकारणी पर्यावरण विभाग रमेश सैन अहरिया,जिला प्रभारी सोशल मीडियो भाजपा किसान मोर्चा तरुण मौजूद रहे।

## पहचान की अपील



एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति की **आयु:** लगभग 55 वर्ष, **रंग:** सांवला, **कद:** 5'5'', **चेहरा:** गोल, **शरीर:** पतला, **बाल:** सफेद व काले, जिसने नीले रंग का अण्डरवीयर पहना था, जो फतेहपुरी मस्जिद के सामने, मैन रोड चांदनी चौक के डिवाईडर पर, लाहौरी गेट, दिल्ली में मिला। इस संदर्भ में **डीडी नं. 19ए, दिनांक 19.06.2024 को थाना लाहौरी गेट, दिल्ली** में दर्ज है।

जिसके मृत शरीर को सब्जी मण्डी, दिल्ली के शवगृह में रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना लाहौरी गेट, दिल्ली**
**फोन: 011-23953776, 8750870122**
DP/7967/N/2024

## पहचान की अपील



एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **आयु:** लगभग 35–40 वर्ष, **रंग:** साफ, **कद:** 5'6'', जिसने केवल नीले रंग की पैंट पहनी थी और जो नंगे पैर था, जो लेबर चौक, चांदनी चौक, दिल्ली में दिनांक 22.06.2024 को सुबह 8:42 बजे मिला। इस संदर्भ में **डीडी नं. 19ए, दिनांक 22.06.2024 को थाना कोतवाली, दिल्ली** में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना कोतवाली, दिल्ली**
**फोन: 011-23977100, 8750870121**
DP/7954/N/2024

## पांचवी बार प्रधान बनने पर भीम सचदेवा ने कमेटी के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

श्री राम दशहरा कमेटी बरसत रोड की सामान्य बैठक आज बरसत रोड स्थित हर्ष गार्डन में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ श्री हनुमान चालीसा के पाठ से किया गया। जिसके बाद कमेटी के गत दिनों दुनिया को अलविदा कहने वाले स्व.जुगल आहूजा व खुशी राम वधवा को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंलि दी गई। बैठक में महासचिव सुभाष गुलाटी ने कहा कि कार्यकारिणी का समय पुरा होने पर नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर सभी के विचार जाने गए हैं। कोषाध्यक्ष राधे श्याम नासा ने गत वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। वहीं बैठक में सभी से विचार विमर्श के बाद लगातार पांचवी बार सर्वसम्मति से भीम सचदेवा को प्रधान चुना गया तथा अपनी कार्यकारिणी चुनने का अधिकार भी उन्हें दिया गया। मीडिया प्रभारी सुनील थम्मन ने बताया कि श्री राम दशहरा कमेटी का गठन 23 अगस्त 2009 को हुआ था। जिसके बाद वर्ष 2009, 2014,2017,2021 के बाद अब वर्ष 2024 में भी आज फिर से भीम सचदेवा को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया है। वहीं पांचवी बार प्रधान बनने पर भीम सचदेवा ने कमेटी के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया तथा विश्वास दिलाया की भविष्य में और अधिक मेहनत से दशहरा कमेटी को बुलंदियों पर ले जाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। बैठक में मनोहर लाल शर्मा, राजकुमार जैन, सुनील चोपड़ा, हरबंस आनंद, सुभाष बठला, राजिंद्र ग्रोवर, सुनील थम्मन, हरीश अरोड़ा, गुलशन शर्मा, राकेश आंनद, यश माटा, सोम मदान, चन्द्र आर्य, प्रीतम बतरा, लाजपत मल्होत्रा, सतीश सुखीजा, अशोक कालड़ा, रमेश सतीजा, अर्जुन दास गंगवानी, अशोक कपूर, बीडी वधवा, हरीश खत्री, कमल आहूजा, मदन लाल मजोका, तरूण आहूजा, एकांश नासा, अनिल बजाज, सुरेंद्र परूथी, मोहित मिगलानी, अर्पित थम्मन, यशपाल चौधरी, राम स्परूप चावला, भीम सेन आर्य, महेश इन्द्र कुमार, कपिल भट्नागर, चमल गुलाटी, मनोज ढींगड़ा, अनिल चुघ, राजेंद्र पोपली, राममेहर कौशिक, भुवनेश वधवा, पवन मनूजा, कमल बजाज, सुंदर लाल वधवा, भीम सेन आर्य, मुनीष नागपाल, जगदीश आहूजा, तुषार अधलखा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ भीम सचदेवा के पांचवी बार प्रधान बनने पर नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से मुबारकबाद दी। जिसमें प्रदेश के पंचायत एवं सहाकारिता मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा, नगर सुधार मंडल के पूर्व प्रधान मुकेश टूटेजा,वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सोनी, बंसत रामेदव, जोगिंद्र खुराना, सतीश ढीगड़ा, सतीश चुघ आदि शामिल रहे।



**मुबारकबाद**

**पांचवी बार प्रधान बनने पर नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से मुबारकबाद दी**

## 249 रक्तदाताओं ने सेना के लिए किया रक्तदान

**सोनीपत:** नैना तातारपुर के द्वारा माँ भारती रक्तवाहिनी के सहयोग से गाँव के सरकारी स्कूल में भारतीय सेना के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें युवाओं का ऐसा जोश दिखा जिस वजह से 249 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । शिविर के विशेषता यह रही कि 61 रक्तदाताओं ने पहली बार रक्तदान किया जोकि अपने आप मे एक केम्प में एक बड़ी बात है ।इस से यह प्रतीत होता है
की नैना तातारपुर के युवाओं ने मिलकर रक्तदान जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाने में बहुत मेहनत की है।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जो कि अतर सिंह पुत्र तारा चंद निवासी ई एफ -43, डुप्लेक्स, टी डी आई, एस्पेनिया, सोनीपत जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा सगा पुत्र पंकज व उसकी पत्नी पूजा देवी मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करता हू। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा । मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# हरियाणा ने रोका दिल्ली के हिस्से का पानी: आतिशी

## यमुना नदी पर बैराज के गेट बंद होने से राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी हो गई: जल मंत्री

**आरोप**

**यमुना नदी पर बैराज के गेट बंद होने से राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी हो गई है : जल मंत्री आतिशी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि हरियाणा ने हथिनी कुंड बैराज के सभी गेट बंद कर दिए हैं, जिससे दिल्ली को उसके हिस्से का पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि यमुना नदी पर बैराज के गेट बंद होने से राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी हो गई है। आम आदमी पार्टी ने एक्स पर पोस्ट किया, जिसमें लिखा कि दिल्ली के हक के पानी के लिए अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठीं जल मंत्री आतिशी ने अनशन के तीसरे दिन दिल्ली वालों के लिए संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के हथिनी कुंड में पानी भरा हुआ है, लेकिन हरियाणा सरकार ने दिल्ली को पानी छोड़ने वाले गेट बंद कर दिए हैं।

**तब तक नहीं खत्म होगा सत्याग्रह :** दिल्ली के हक के पानी पर हरियाणा सरकार ने ताला लगाया है, जब तक दिल्ली की जनता को उनके हक का पानी नहीं मिल जाता, तब तक 'पानी सत्याग्रह' जारी रहेगा।

**भूख हड़ताल का तीसरा दिन:** भीषण गर्मी में जलसंकट पर हरियाणा से दिल्ली के लिए उसके हिस्से का पानी छोड़ने की मांग को लेकर आतिशी भूख हड़ताल पर बैठी हुई हैं। रविवार को भूख हड़ताल का उनका तीसरा दिन है। आप ने कहा है कि डॉक्टरों ने आतिशी को अपना अनशन खत्म करने की सलाह दी है।




## दिल्ली सरकार ने हरियाणा पर लगाया मनमानी का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में बढ़ती गर्मी के बीच जल संकट से लाखों लोग जूझ रहे हैं। इसको लेकर राजनीति भी तेज हो गई है। ऐसे में आम आदमी पार्टी की ओर से आरोप लगाया गया है कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने दिल्ली के 4.83 लाख लोगों का पानी रोक दिया है। इससे पहले दिल्ली सरकार ने हरियाणा सरकार पर 28 लाख लोगों का पानी रोकने का आरोप लगाया था। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को पानी की समस्या को लेकर भाजपा पर हमला किया है। उन्होंने दावा किया है कि जब से आतिशी ने अनशन शुरू किया है तब से हरियाणा सरकार ने दिल्ली का पानी और कम कर दिया है। भारद्वाज ने पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि दिल्ली में उप्र और हरियाणा से पानी आता है। हरियाणा दिल्ली को 613 मिलियन गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) पानी देता है, लेकिन 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से हरियाणा सरकार सिर्फ 513 एमजीडी पानी दे रही है। इससे दिल्ली में जल संकट गहराया हुआ है। 21 जून से 17 एमजीडी पानी देना और काम कर दिया है। यानी की चार लाख 83 हजार लोगों का पानी रोक लिया गया है। आम आदमी पार्टी के विधायक आज पानी की मांग को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात करेंगे।




## अनशन के तीसरे दिन जलमंत्री आतिशी का कीटोन स्तर पॉजिटिव हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार की जलमंत्री आतिशी 28 लाख दिल्लीवालों को हरियाणा से उनके हक का पानी दिलवाने के लिए अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हैं। रविवार को अनशन के तीसरे दिन डॉक्टरों की एक टीम द्वारा उनके स्वास्थ्य की जांच की गई। स्वास्थ्य जांच के दौरान आज डॉक्टरों ने जलमंत्री आतिशी के ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल में बड़ी गिरावट दर्ज की। साथ ही उनके वजन में भी गिरावट हुई है। अनशन के पहले दिन की तुलना में तीसरे दिन जलमंत्री आतिशी के ब्लड शुगर लेवल में 26 यूनिट की गिरावट आई है। साथ ही उनका डायास्टोलिक(निचला) ब्लड प्रेशर भी 56 एमएमएचजी पर पहुंच गया है। जिस तेजी से जलमंत्री आतिशी का ब्लड शुगर लेवल और ब्लड प्रेशर तेजी से घटा है, डॉक्टरों ने उसे खतरनाक बताया है। साथ ही अब जलमंत्री आतिशी का यूरिन कीटोन स्तर भी पॉजिटिव हो गया है। डॉक्टरों के अनुसार यदि अनशन जारी रहता है तो आने वाले कुछ दिनों में उनके शरीर में कीटोन की मात्रा बढ़ सकती है जो जलमंत्री आतिशी के सेहत के लिए खतरनाक होगा।

# जल संकट के समाधान को लेकर आप नेताओं ने एलजी से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली में जल** संकट के समाधान को लेकर आम आदमी पार्टी के मंत्री और विधायक रविवार को सिविल लाइन स्थित राज निवास पर उपराज्यपाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने तुरंत दिल्ली को हरियाणा से 100 एमजीडी (मिलियन गलन प्रतिदिन) पानी दिलाने की मांग की। वर्तमान में जल संकट और दिल्ली की आबादी को देखते हुए हरियाणा से दिए जाने वाले पानी की मात्रा को और बढ़ाने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही दिल्ली को पानी दिलाने और जूस पिलाकर आतिशी का अनशन खत्म करने की अपील की गई। आम आदमी पार्टी के विधायक राजेश गुप्ता ने बताया कि हम लोगों ने उपराज्यपाल से अपील की है कि सिर्फ एक हफ्ते की बात है। इसके बाद मानसून आ जाएगा। तब तक के लिए हरियाणा सरकार से पानी दिलाएं। दिल्ली में जो पानी का संकट खड़ा हुआ है, वह कम हो सके।

वर्ष 1994 में जो एमओयू साइन हुआ था, तब दिल्ली की आबादी एक करोड़ थी, आज दिल्ली की आबादी तीन करोड़ पहुंच गई है। लेकिन पानी हमें उतना ही मिल रहा है। आबादी के अनुसार पानी की मात्रा भी बढ़ानी चाहिए, लेकिन यह एक लंबा प्रोसेस है।



**मांग**

**तुरंत दिल्ली को हरियाणा से 100 एमजीडी (मिलियन गलन प्रतिदिन) पानी दिलाने की मांग की**

## जीएसटी में राहत बड़ा सकारात्मक कदम: कैट

**नई दिल्ली: कारोबारियों** के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में की गई महत्वपूर्ण घोषणाएं केंद्र सरकार और जीएसटी काउंसिल का व्यापार करने में आसानी प्रदान करने की

दिशा में एक बड़ा सकारात्मक कदम है। यानी आसानी प्रदान करने से व्यापार को और बढ़ावा मिलेगा।

## विपक्ष में बैठे लोग वक्त के साथ बदलते हैं : डॉ. सुधाशु त्रिवेदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर अरुण जेटली स्टेडियम के पास पार्क में लगी उनकी प्रतिमा पर भाजपा के नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा. सुधांशु त्रिवेदी कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों और जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर त्रिवेदी ने कहा कि आज जो विपक्ष में लोग बैठे हैं वह समय के साथ बदलते हैं लेकिन हम लोग समय ही बदलते हैं।

त्रिवेदी ने कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिर्फ हमारे पार्टी के संस्थापक ही नहीं बल्कि देश के पहले राजनीतिक बलिदानी थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मृत्यु को जवाहर लाल नेहरू सरकार की लापरवाही बताते हुए उन्होंने कहा कि जब मुखर्जी के परिवार के सदस्यों ने उनकी मृत्यु पर जांच की मांग की तो तत्कालीन नेहरू सरकार ने मना कर दिया था।

उन्होंने कहा जनसंघ के समय से अब तक यानि 73 वर्षों में भाजपा का कश्मीर को लेकर जो रुख था, आज भी हम उसी पर आगे बढ़ रहे हैं। 2019 में जब हमें पूर्ण बहुमत मिला तो हमने कश्मीर से दो विधान दो संविधान की प्रथा को ना सिर्फ समाप्त किया बल्कि अनुच्छेद 370 को भी हटाया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक ऐसे विचारवादी व्यक्ति थे, जिन्होने मात्र 52 वर्ष की अल्प आयु में देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया।

**दो टूक**

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिर्फ हमारे पार्टी के संस्थापक ही नहीं बल्कि देश के पहले राजनीतिक बलिदानी थे**

## 'सात साल में लीक हुए 70 से ज्यादा पेपर: आप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नीट पेपर लीक मामले को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संगठन महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पिछले 7 सालों में 70 से ज्यादा पेपर लीक हो चुके हैं, लेकिन 10 सालों की सरकार में मोदीजी ने पेपर लीक मामले में कोई एक्शन नहीं लिया है। संदीप पाठक ने कहा, "भाजपा पेपर लीक के लिए प्रिवेंशन ऑफ अनलॉफुल एक्टिविटीज एक्ट पिछले सत्र में लाई थी, लेकिन एक्ट को पढ़कर समझ आता है कि उसे (बीजेपी) को इस मुद्दे में कोई दिलचस्पी नहीं है। भाजपा कहती है कि अगर पेपर लीक मामलों में अनॉर्गनाइज्ड क्राइम मिलता है तो 4 से 5 साल की सजा व 10 लाख जुमार्ना और अगर ऑर्गेनाइज्ड क्राइम मिलता है तो 1 करोड़ रुपये का जुर्माना, लेकिन 1 करोड़ में तो एक एग्जाम पेपर बिकता है और ये कुल 1 करोड़ का जुर्माना लगाना चाहते हैं।"

**गंभीर आरोप**

**10 सालों की सरकार में मोदीजी ने पेपर लीक मामले में कोई एक्शन नहीं लिया है : संदीप पाठक**

# हत्या के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शास्त्री पार्क इलाके में कैब ड्राइवर की हत्या के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

बीती 31 मई को आरोपितों ने शास्त्री पार्क की वाहिद मस्जिद इलाके में एक युवक पर ब्लेड से हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसकी अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई थी। मृतक की पहचान शास्त्री पार्क के रहने वाले 28 वर्षीय कैब ड्राइवर जौहर अब्बास के रूप में की गई। इस हत्याकांड में शामिल तीनों आरोपितों की पहचान आकाश उर्फ मूसी, योगेश उर्फ बंटी और रोहित के रूप में की गई है। इन सभी को बाइक पर जाते हुए एच ब्लॉक, गोकलपुरी पुलिया के पास से क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से दो तमंचे, आठ कारतूस बरामद किये गए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपित आकाश उर्फ मूसी ने खुलासा किया कि उसकी पत्नी गाजियाबाद के एक कॉल सेंटर में काम करती थी। कॉल सेंटर के मालिक वकार ने पत्नी के कागजात का इस्तेमाल करके एक मोबाइल फोन फाइनेंस किया था। उस वक्त वकार ने वादा किया था कि वह ईएमआई का खर्च उसके अकाउंट में डाल देगा। जब पत्नी ने नौकरी छोड़ दी तो वकार ने पैसे जमा करना बंद कर दिया था। आकाश उर्फ मूसी ने वकार से इस मुद्दे को सुलझाने का आग्रह किया था, लेकिन वकार ने उसके आग्रह को ठुकरा दिया और उसको धमकी भी दी थी। इसके बाद आकाश उर्फ मूसी ने वकार से मिलने का आग्रह किया तो उसने उसे शास्त्री पार्क में बुलाया। फिर मूसी ने अपने दोस्तों को शास्त्री पार्क बुलाया। वकार से मिलने के दौरान शराब का इंतजाम करने को कहा। इस पर वकार ने अपने दोस्त अमन को शराब लाने के लिए उनके साथ भेज दिया. लेकिन रास्ते में अमन ने उनके गलत इरादे भांप कर भाग गया। फिर अमन की तलाश में मूसी वकार से मिलने के लिए वापस शास्त्री पार्क पहुंचे, लेकिन तब तक वकार भी वहां से चला गया था। इस बीच तीन राहगीरों ने आरोपितों के हाथों में चाकू और चॉपर देखा और उनसे भिड़ गए। अज्ञात लड़कों में से एक ने हेलमेट से रोहित के सिर पर हमला कर दिया और आकाश उर्फ मूसी को भी पीटना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में आकाश उर्फ मूसी ने उस लड़के को चाकू मार दिया और मौके से भाग गया। घायल को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।



## मजे लेने के लिए फ्लाइट में बम होने का कर दिया ई-मेल, नाबालिग को पकड़ा

**परीक्षा विवाद**

**दिल्ली से दुबई जाने वाली एक फ्लाइट में बम रखने का झूठा ई-मेल कर दिया। 17 जून को ई-मेल मिला था**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बस मजे लेने के लिए 13 साल के नाबालिग ने दिल्ली से दुबई जाने वाली एक फ्लाइट में बम रखने का झूठा ई-मेल कर दिया। 17 जून को ई-मेल मिला तो आईजीआई एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई। मामले की जांच हुई। बाद में ई-मेल को हॉक्स करार दे दिया गया। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज किया था। जांच हुई तो पुलिस आरोपित की तलाश करते हुए उत्तराखंड के पिथौरागढ़ पहुंच गई। पुलिस ने इस मामले में 13 साल के नाबालिग को दबोच लिया। जांच हुई तो पता चला कि नाबालिग ने सोशल मीडिया से प्रभावित होकर ऐसी हरकत की। पुलिस ने नाबालिग को जेजे बोर्ड के समक्ष पेश किया, जहां हिदायत देकर नाबालिग को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया। पुलिस ने नाबालिग के पास से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। नाबालिग ने ई-मेल करने के लिए एक आईडी बनाई, जिसे उसने डिलीट कर दिया। पुलिस ने नाबालिग की काउंसलिंग भी कराई है। परिजनों ने पढ़ाई के लिए नाबालिग को मोबाइल दिलवाया था, जिसकी मदद से उसने यह वारदात को अंजाम दे दिया था।



## विटिलिगो ₹वारियर्स₹ का संदेशङ्गत्वचा के रंग तक सीमित नहीं सुंदरता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आमतौर** पर डाक्टर रोगियों का उपचार तो करते हैं लेकिन उनका उत्साहवर्धन नहीं कर पाते। नतीजा यह होता है कि मर्ज ठीक होने के बावजूद रोगियों में वह आत्मविश्वास पैदा नहीं हो पाता है जो बीमारी से पहले होता था। विटिलिगो यानी सफेद दाग के रोगियों के मामले में तो यह बात और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बीमारी लोगों की सुंदरता को प्रभावित करती है। लेकिन राजधानी में शुक्रवार की शाम को एक अनोखा फैशन शो आयोजित किया गया जिसमें विटिलिगो रोगियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। यहाँ जुटे वारियर्स ने समाज की कुरीतियों के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद किया। नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में विटिलिगो वाइकिंग्स 3.0 का यह आयोजन अनोखा था।

## दिल्ली में नवजात जुड़वां बच्चियों की हत्या का शक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में स्तब्ध कर देने वाला मामला सामने आया है। महिला ने पति पर अपनी नवजात बच्चियों को मारकर श्मशान घाट में दफनाने का शक जाहिर किया है। महिला का कहना है कि उन्हें न तो बच्चियों की मौत की सूचना दी और न ही दफनाते समय बुलाया गया। परिवार जुड़वां बच्चियों के जन्म से खुश नहीं था।

**गैर इरादत हत्या का मामला दर्ज:** पुलिस ने बाहरी दिल्ली के पूठकलां गांव के श्मशान घाट से शव के अवशेष निकाल कर अपने कब्जे में ले लिए हैं और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को महिला के पति पर शक है, लेकिन फिलहाल गैर इरादत हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है। पुलिस ने यह मामला पोस्टमार्टम के बाद दर्ज किया है।

**रोहतक के अस्पताल में दिया था जुड़वां बच्चियों को जन्म:** पुलिस विसरा रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। हरियाणा के रोहतक जिले के इस्माइला गांव की युवती की दो साल पहले बाहरी दिल्ली के गांव पूठकलां में शादी हुई थी। बीते महीने की 30 तारीख को रोहतक शहर के अस्पताल में जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया। महिला के स्वजन का कहना है कि जन्म के वक्त महिला का पति भी मौजूद था। वह जुड़वां बच्चियों से जन्म से खुश नहीं था। अगले दिन पति के साथ सास-ससुर व ननद अस्पताल पहुंचे।

**मां का आरोप- बच्चियों की मौत की सूचना भी नहीं दी:** इसी दिन अस्पताल से छुट्टी के बाद इस्माइला गांव के रवानगी से पहले सास के कहने पर दोनों बच्चियों को उनकी गाड़ी में छोड़ दिया। स्वजन के मुताबिक, जब बच्चियां घर नहीं पहुंची तो महिला के पति के पास फोन किया, लेकिन बार-बार प्रयास के बाद भी कॉल रिसीव नहीं की। दो जून को महिला ने पूठकलां गांव में अपने स्तर पर पता किया तो बच्चियों के दफनाने की बात पता लगी। इसके बाद महिला के स्वजन ने रोहतक पुलिस को शिकायत दी। अपनी शिकायत में बच्चियों को मारने का आरोप लगाया है। रोहतक पुलिस ने यह कहते हुए शिकायत को दिल्ली पुलिस के पास भेज दिया कि घटनास्थल दिल्ली में है।

**एसडीएम की अनुमति के बाद निकाले गए शव:** बाहरी जिला पुलिस ने बताया कि तीन जून को डीडी के माध्यम से पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें पूठकलां के श्मशान घाट पर दो नवजात जुड़वां बच्चियों को दफनाने के बारे में सूचित किया।




**जांच तेज**

**बच्चियों के दफनाने की बात पता लगी। इसके बाद महिला के स्वजन ने रोहतक पुलिस को शिकायत दी**

## ट्रैफिक पुलिस ने साढ़े पांच माह में लाखों लोगों को थमाया चालान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने राजधानी की सड़कों पर स्टॉप लाइन उल्लंघन करने वालों के खिलाफ इस साल जबरदस्त कार्रवाई की है। रेड लाइट और चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से ऐसे वाहनों का चालान किया है,जिन्होंने स्टॉप लाइन का खुलेआम उल्लंघन किया। साथ ही, जिन जगहों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे, वहां ट्रैफिक पुलिस ने मैनुअल तरीके से कार्रवाई की है। इसके चलते इस साल 1 जनवरी से 15 जून तक किए गए चालान में पिछले साल 2023 के मुकाबले 32 फीसदी ज्यादा चालान रिकॉर्ड किए गए हैं। देखा जाए तो दिल्ली की सड़कों पर मैन्युअल ट्रैफिक पुलिस के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी ट्रैफिक नियम उल्लंघन करने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसके बावजूद लोगों में ट्रैफिक पुलिस का कोई खौफ नहीं दिख रहा है। वे इन सब के बाद भी नियमों का उल्लंघन करने में पीछे नहीं हैं।

**क्या कहते हैं आंकड़े?**

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से 1 जनवरी से 15 जून तक किए गए चालान के आंकड़े जारी किए हैं। ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों से साफ और स्पष्ट नजर आता है कि वाहन चालक शहर के तमाम चौराहों और रेड लाइट पर बनाई गई 'स्टॉप लाइन' का पालन नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते उनके खिलाफ खूब चालान किए गए हैं जो 2023 के मुकाबले 2024 में 32 फीसदी ज्यादा हैं। इस साल 2024 के दौरान 1 जनवरी से 15 जून तक 'स्टॉप लाइन' उल्लंघनों के खिलाफ स्पेशल ड्राइव चलाया गया था। इस ड्राइव के चलते साढे पांच माह के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 2,37,976 उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जबकि 2023 में इस अवधि के दौरान यह आंकड़ा 180538 रिकॉर्ड किया गया था। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से राजधानी के 10 टॉप ट्रैफिक सर्किल का भी विश्लेषण किया है, जहां पर इन नियमों का घोर उल्लंघन किया गया। इन साढ़े 5 माह के दौरान सबसे ज्यादा चालान इन 10 सर्कल में किए गए हैं। इन सर्कल में से सबसे ज्यादा चालान डिफेंस कॉलोनी सर्कल में 52,879 चालान किए गए हैं। इसके बाद मयूर विहार सर्कल में 33,077, सफदरजंग एंक्लेव में 22,671, लाजपत नगर में 19,343, द्वारका में 11,675, तिलक नगर सर्कल में 8,772, पंजाबी बाग सर्कल में 8,640, वसंत विहार सर्कल में 7,954, सिविल लाइन सर्कल में 7,329 और मॉडल टाउन सर्कल में 7,177 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। ट्रैफिक पुलिस ने इस तरह की कार्रवाई को करने के साथ-साथ लोगों से अपील भी की है कि वे सुरक्षा को लेकर सड़कों पर यातायात नियमों और कानून का पालन करें।



**कार्रवाई**

**सीसीटीवी कैमरों की मदद से ऐसे वाहनों का चालान किया है, जिन्होंने स्टॉप लाइन का उल्लंघन किया**

## मेट्रो की ग्रीन लाइन पर होंगे तीन इंटरचेंज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में मेट्रो से सफर करने वालों के लिए एक काम की खबर है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि ग्रीन लाइन के इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक विस्तार के साथ नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन ट्रिपल इंटरचेंज सुविधा के रूप में उभरने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि 12.37 किलोमीटर लंबा इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर पहले से ही चालू ब्रिगेडियर होशियार सिंह-इंद्रलोक ग्रीन लाइन कॉरिडोर (28.78 किलोमीटर) का विस्तार करेगा। अधिकारियों ने बताया कि इस नए विस्तार पर नई दिल्ली स्टेशन को इंटरचेंज सुविधा के रूप में विस्तारित किया जाएगा, जहां तीन लाइनें- येलो, ऑरेंज (एयरपोर्ट लाइन) और अब ग्रीन लाइन एक-दूसरे से मिलेंगी। उन्होंने बताया कि इससे पूरे शहर के लिए कनेक्टिविटी में बड़ी मदद मिलेगी क्योंकि अब बहादुरगढ़ के साथ-साथ पश्चिमी दिल्ली के कुछ हिस्सों जैसे नांगलोई, राजधानी पार्क, उद्योग नगर आदि से आने वाले यात्री सीधे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक जा सकेंगे, जो नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन से सटा हुआ है।

**ग्रीन लाइन का नया विस्तार भी भूमिगत होगा:**

उन्होंने कहा कि इससे नई दिल्ली स्टेशन तक पहुंचना आसान हो जाएगा और स्टेशन के पास भीड़भाड़ कम करने में मदद मिलेगी। क्योंकि अधिक लोग सड़क के बजाय मेट्रो से यात्रा करना पसंद करेंगे। मौजूदा नई दिल्ली स्टेशन की तरह ग्रीन लाइन का नया विस्तार भी भूमिगत होगा। वर्तमान में कश्मीरी गेट दिल्ली मेट्रो नेटवर्क पर एकमात्र ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन है जहां येलो, रेड और वॉयलेट लाइनें मिलती हैं।



# सत्ता में आकर हरियाणा को लूटने का सपना देखना छोड़ दे कांग्रेस: धर्मेंद्र

## भाजपा ने विजेता नेताओं के नागरिक अभिनंदन से किया विधानसभा चुनाव जीतने के लिए आगाज, हम ऐसा नहीं होने देंगे, तीसरी बार भाजपा सरकार आ रही है: धर्मेंद्र प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनाव प्रभारियों एवं विजेता नेताओं के नागरिक अभिनंदन समारोह से विधानसभा चुनाव में विजय के लिए आगाज कर दिया है। कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय मंत्री और हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, चुनाव सह प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिपल्ब कुमार देब और मनोहर लाल ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। रोहतक में नागरिक अभिनंदन में उमड़ी कार्यकर्ताओं की भीड़ को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हरियाणा में 19 हजार 812 बूथ हैं, 7212 गांव हैं और 22 जिले हैं, लेकिन विधानसभ चुनाव के लिए हमारे पास सिर्फ 100 दिन हैं। कांग्रेस ध्यान रखे कि अब तो 20-20 का जमाना है। प्रधान ने कहा कि कांग्रेस हरियाणा में सरकार बनाकर प्रदेश को फिर से लूटने का मुगालता छोड़ दे, क्योंकि हरियाणा में भाजपा तीसरी बार जनता की सेवा करने के लिए सरकार बनाने जा रही है। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि जनता कांग्रेस के षडयंत्र को समझे, कांग्रेस बहरूपिया है। कांग्रेस के शासनकाल के दौरान हरियाणा में दलित परिवारों, किसानों, वंचितों और अंबेडकर के संविधान के साथ हुए अत्याचारों को प्रदेश की जनता भूली नहीं है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कार्यकर्ताओं से कहा कि यहां से संकल्प लेकर जाना है कि जब तक हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार नहीं बनेगी, तब तक रुकेंगे नहीं। धर्मेंद्र प्रधान ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कोई भी कठिन काम तभी पूरा कर पाते हैं, जब सैनिक का मन खुश होता, सैनिक अपने सेनापति पर भरोसा करता हो, और आपके सेनापति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि देश में कठिन से कठिन काम को हमने जीता है, देश की जनता ने आज भी हम पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की प्रगति के बिना देश की प्रगति संभव नहीं। उन्होंने कहा कि तीन साल के अंदर 2027 तक भारत दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनेंगा और इस अर्थव्यवस्था में हरियाणा के छोरों और छोरियों को बड़ा हिस्सा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की लूट खसोट, दलित विरोधी और परिवारवाद का शासन नहीं आने देंगे। इसलिए सभी भाजपा के कार्यकर्ता आज से ही जुट जाएं और हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएं।





### तीन महीने बाद कांग्रेस के झूठ की नींव ढह जाएगी: मुख्यमंत्री सैनी

**नागरिक** अभिनंदन समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान भगवान जगन्नाथ की विजय का रथ हरियाणा लेकर आए हैं। देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मजबूती से आगे बढ़ रहा है हरियाणा भी उनके साथ मजबूती से चलेगा। हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकारा बनेगी, उसका आगाज आज रोहतक से हो गया है। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह झूठ का सहारा लेकर अपनी नींव खड़ी की है, आने वाले तीन महीने के बाद वो नींव हरियाणा में ढह जाएगी और भाजपा तीसरी बार हरियाणा में आएगी। हरियाणा की जनता ने संकेत दिया है कि इस बार फिर भाजपा को जिताएंगे, क्योंकि 10 साल में भाजपा ने महिलाओं, युवाओं, किसानों के हित में काम किया है, उसी का परिणाम है कि कांग्रेस का झूठ अब चलने वाला नहीं। भाजपा का हर कार्यकर्ता जनता के बीच में कांग्रेस के झूठ का नाकाब उतारेगा।

**पसीना बहाकर बनाएंगे सरकार: कृष्णपाल गुर्जर:** केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। जैसे

**केंद्र में हरियाणा को बड़ी जिम्मेदारी**

केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि महाभारत की इस इतिहास रचने वाली भूमि ने हमें जो स्नेह दिया उसके हम सदा आभारी रहेंगे। आप ही के समर्थन से पिछले 10 साल से गरीबों, किसानों की सरकार बनी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हरियाणा का मान ऊपर रखा और अब हरियाणा के सपूतों को बड़ी जिम्मेदारी है। विधानसभा चुनाव के लिए हम सभी को कमर कसनी पड़ेगी, क्योंकि भाजपा की सरकार हरियाणा में तीसरी बार बनानी है। यह कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से ही संभव होगा।

केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हम लूट खसोट की राजनीति नहीं करते। हम सर्व समाज और सर्व समावेशी सरकार चलाने के मंत्र से चलते हैं। धर्मेंद्र ने कहा कि बाबा साहेब को नरेंद्र मोदी ने ही सम्मान दिया। ओबीसी को संवैधानिक मान्यता मोदी ने दी, गरीबों को आरक्षण मोदी ने दिया। जब तक मोदी है तब तक आरक्षण को कोई आंख उठाकर भी नहीं देख सकता।

**हरियाणा में बाप-बेटे की सरकार नहीं बनेगी, सरकार गरीब-किसान की बनेगी: देब**

हरियाणा भाजपा चुनाव सह प्रभारी और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिपल्ब कुमार देब ने जय जगन्नाथ और जय श्रीराम से भाषण शुरू किया। उन्होंने कहा कि चार माह से कांग्रेस यह बात फैला रही है कि हरियाणा में सरकार बदलेगी, लेकिन भाजपा और प्रदेश की जनता ने तय कर लिया है कि हरियाणा में कोई बाप-बेटे की सरकार नहीं बनेगी, सरकार बनेगी तो गरीब-किसान की सरकार बनेगी। बिप्लब ने कहा कि बाप-बेटा सत्ता में आने की जो आस लगाए बैठे हैं उन्हें कह देना चाहते हैं कि हम मनोहर लाल के रूप में करंट मंत्री अपने साथ लेकर आए हैं। मनोहर लाल के पास बिजली के अलावा शहरी विकास मंत्रालय भी है और वे हरियाणा को सजाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगें।

## सप्त सिंधु क्षेत्र की कई भाषाओं में उपलब्ध है विपुल साहित्य : डॉ. त्रिखा

**चर्चा**

**संस्कृति पर विचार विमर्श करने के लिए आज के प्रथम सत्र में सप्त सिन्धु के भूगोल पर विस्तार से चर्चा की गई।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रम ह्यसप्त सिंधु साहित्य उत्सवह्ण के तीसरे दिन ह्यसप्त सिंधु क्षेत्र : भूगोल, इतिहास व संस्कृतिह्ण विषय पर उर्दू प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. चन्द्रत्रिखा ने अध्यक्षता करते हुए विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि सप्त सिंधु क्षेत्र की शीना, पश्तो, गोजरी, कश्मीरी, सरायकी, डोगरी, उर्दू, सिंधी, पंजाबी, हिन्दी एवं संस्कृत आदि भाषाओं में विपुल साहित्य उपलब्ध है। इन भाषाओं के साहित्य में एकात्मकता, सामाजिक, सांस्कृतिक समरसता के सूत्र समान रूप से पाए जाते हैं। उद्देश्य आने वाले समय में विश्वविद्यालयों में सप्त सिंधु क्षेत्र के भूगोल, इतिहास एवं संस्कृति पर अध्ययन पाठ्य सामग्री तैयार करना है, जिससे भावी विद्यार्थियों को आसानी से सामग्री प्राप्त हो सके। सप्त सिंधु क्षेत्र के भूगोल, इतिहास एवं संस्कृति पर विचार विमर्श करने के लिए आज के प्रथम सत्र में सप्त सिन्धु के भूगोल पर विस्तार से चर्चा की गई। इस सत्र में डॉ. शिल्पा, संत कुमार शर्मा व संदीप राणा आदि पैनलिस्ट ने व्यापक चर्चा उपरान्त रूप रेखा तैयार की। द्वितीय सत्र में सिंधु-सरस्वती और वैदिक सभ्यता के ऐतिहासिकता व निरंतरता विषय पर आयोजित सत्र में विशेषज्ञ विद्वान डॉ. जगदीश प्रसाद, प्रो. भगत सिंह, डा. राजीव कुमार तथा श्री अंकुश शर्मा ने भाग लिया। इसी प्रकार तृतीय समानान्तर सत्र में सप्त-सिंधु क्षेत्र के धार्मिक एवं सांस्कृतिक पक्ष विषय पर विस्तार से चर्चा-परिचर्चा की गई। इस सत्र में इतिहास विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के डॉ. प्रियतोष शर्मा सहित डॉ. अश्विनी भारद्वाज, बठिंडा, डॉ. थुकतान नेगी, डॉ. रामनिवास नैन तथा डॉ. अजय कुमार सिंह ने विस्तार से चर्चा की तथा इसकी रूप रेखा तैयार की।

चौथे सत्र में "सप्त सिंधु क्षेत्र की राजनीति : अतीत से वर्तमान" तक विषय पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला से पधारे प्रो. कंवर चंदरदीप सिंह, प्रो. जगमीत सिंह, प्रो. मलकीत सिंह, डॉ. अंकुश भारद्वाज, डॉ. राघवेन्द्र यादव, डॉ. अजय कुमार तथा डॉ. इतिका शर्मा, चण्डीगढ़ द्वारा विस्तार से चर्चा की गई तथा विस्तृत रूप रेखा तैयार की गई।

## देश को शिक्षा मंत्री नहीं परीक्षा मंत्री की जरूरत : डॉ. गुप्ता

**मांग**

**मार्किंग में लीक की बात सामने आई, ये एक इंस्टीट्यूशनल धांधली है और मंत्री कह रहे हैं कि ये मोटिवेटेड है।**

**भ्रष्टाचार को दबाने के लिए 10 दिन पहले 4 जून को नीट के नतीजे घोषित किए,** यूजीसी नेट का पेपर लीक होना भी सरकार का फेल्योर: डॉ. सुशील गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने नीट के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आए और 4 जून को ही नीट के नतीजे आए। जबकि 14 जून को नीट परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाना था। नीट का परिणाम 10 दिन पहले ही लोकसभा चुनाव के साथ इसलिए घोषित किया गया ताकि लोकसभा केंद्र सरकार के भ्रष्टाचार को दबाया जा सके। इसकी जांच होनी चाहिए कि लोकसभा चुनाव के नतीजों के दिन ही नीट परीक्षा का परिणाम क्यों घोषित किया गया? उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। बीजेपी के राज में एक भी परीक्षा बिना धांधली के नहीं हो रही। इसलिए देश को शिक्षा मंत्री नहीं परीक्षा मंत्री की जरूरत है। जो पारदर्शी तरीके से परीक्षाएं करा सके। उन्होंने कहा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान कह रहे है कि पेपर केवल लोकलाइज्ड लीक है। जबकि अब बिहार, गुजरात, हरियाणा, यूपी और अब रांची में भी पेपर लीक की बात सामने आई है। मार्किंग का भी बहुत बड़ा इश्यू था, मार्किंग में गड़बड़ियां सामने आई हैं। ग्रेस मार्क्स किस आधार पर दिए गए यह अभी तक नहीं बताया गया। उन्होंने कहा कि मार्किंग में लीक की बात सामने आई, ये एक इंस्टीट्यूशनल धांधली है और मंत्री कह रहे हैं कि ये मोटिवेटेड है।



## अधिकारियों की लापरवाही दिखी तो होगी कार्रवाई :सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/अंकुश जैन**

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री श्री सुभाष सुधा ने कुरुक्षेत्र शहर में बीती शाम सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर ही नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर रोटरी क्लब चौंक से मेन बाजार स्थित सीकरी चौंक तक नाले की सफाई करने के निर्देश दिए। असर यह हुआ कि नाले की सफाई व्यवस्था के तहत सफाई कर्मचारियों ने रातों ही रात नाले की सफाई व्यवस्था के कार्य को दुरुस्त किया। निकाय मंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि कहीं पर भी सफाई व्यवस्था के कार्य में कोताही या लापरवाही सामने आई तो तुरंत आरोपी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री ने इस मौके पर जहां सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, वहीं दुकानदारों से बातचीत करते हुए उनकी बाजार से संबंधित सफाई व्यवस्था के तहत कोई समस्या है उसकी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं का निवारण बारे निर्देश दिए।

## फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन का कार्यक्रम किया जारी

**सत्यापन**

**25 जून 2024 को (बीएलओ) द्वारा मतदाता सूची का घर-घर जाकर सत्यापन शुरू किया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन का कार्यक्रम जारी किया है। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के अनुसार 25 जून 2024 को बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा मतदाता सूची का घर-घर जाकर सत्यापन शुरू किया जाएगा। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन के अत्यंत महत्वपूर्ण और समयबद्ध कार्य को पूरा करने के लिए हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव से अनुरोध किया गया है कि वे अपने फील्ड अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करें कि वे ऐसे सभी शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को वापस बुलाएं जिन्हें बीएलओ के रूप में नामित किया गया है। ऐसे कर्मचारी जो पहले से ग्रीष्मकालीन अवकाश पर हैं, वे घर-घर जाकर सत्यापन के संबंध में अगले आदेश के लिए 25 जून 2024 तक अपने संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) को बीएलओ ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करेंगे।

## टिकट कटने से नाराज नेताओं को मनाने में जुटे भूपेंद्र हुड्डा

**गुटबाजी**

**हरियाणा कांग्रेस में 40 से अधिक पूर्व विधायक और पूर्व सांसद शामिल हो चुके हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा कांग्रेस में गुटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। तोशाम से कांग्रेस विधायक किरण चौधरी और पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के पार्टी छोड़ने के बाद विरोधी धड़ा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह पर हमलावर है। लेकिन हुड्डा ने भी मोर्चा संभाल लिया है और पार्टी में डैमेज कंट्रोल में जुट गए हैं। टिकट कटने से नाराज नेताओं को हुड्डा ने मना रहे है। पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा को साधने के बाद अब वह अपने रिशतेदार और दिग्गज नेता कर्ण दलाल को भी मनाने में जुटे हैं। इनके अलावा, समालखा के विधायक धर्म सिंह छोक्कर के साथ साथ अन्य नेताओं से भी संपर्क साध रहे है। लोकसभा चुनावों में किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी, बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह, कर्ण दलाल और कैप्टन अजय यादव की टिकट कटी थी। इसी प्रकार, करनाल से खुद या अपने बेटे चाणक्य शर्मा को लांच करने की तैयारी में कुलदीप शर्मा को भी झटका लगा था। हालांकि, कर्ण दलाल और कुलदीप शर्मा दोनों ही पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खास माने जाते हैं, लेकिन टिकट नहीं मिलने की नाराजगी दोनों खुलकर जाहिर कर चुके हैं। मौके की नजाकत को समझते हुए हुड्डा ने कुलदीप शर्मा की तारीफ में मंच से कसीदे पढ़े और उन्हें अपना साथी करार दिया। हुड्डा ने कहा कि, अगर कुलदीप शर्मा छोड़ना भी चाहेगा तो भी वह उसे नहीं छोड़ेंगे। दूसरा, खुद शर्मा ने कहा कि वह कांग्रेस छोड़ने वाले नहीं हैं। इसके बाद हुड्डा ने कर्ण दलाल और विधायक धर्म सिंह छोक्कर से भी संपर्क किया है। हुड्डा अपने समर्थकों को सरकार आने पर अच्छी जगह नियुक्त करने की दुहाई दे रहे हैं। हालांकि, यह तो समय ही बताएगा कि 2024 में किसकी सरकार बनती है और कौन नेता किस पार्टी में जाता है।

दरअसल, हुड्डा विरोधी गुट किरण चौधरी के कांग्रेस छोड़ने को लेकर हाईकमान को यह संदेश देने की कोशिश में है कि हरियाणा कांग्रेस में एक धड़े का कब्जा है और दूसरे लोगों को सुनवाई नहीं हो पा रही है। प्रदेशाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष के साथ साथ हरियाणा प्रभारी पर भी एक तरफा होने के आरोप लगते रहे हैं। इसलिए अगर अब और कोई विधायक या कोई बड़ा नेता कांग्रेस छोड़ता है तो हुड्डा पर इसका असर पड़ना तय है। जीटी रोड से एक कांग्रेस विधायक की मुशिकलें बढती जा रही हैं, इसलिए अब भी भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं। हरियाणा कांग्रेस में 40 से अधिक पूर्व विधायक और पूर्व सांसद शामिल हो चुके हैं। इनके अलावा, भाजपा के कुछ विधायकों पर भी कांग्रेस की नजर है।

## बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान होगा आज

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों (कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर) के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 24 जून को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, पंचकूला में यूएचबिविएन के मुख्यालय विद्युत सदन इंडस्ट्रियल प्लाट-3 और 4 सेक्टर-14 पंचकूला में प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से सम्बंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान बिजली चोरी, बिजली के दुरूप्योग और घातक गैर-घातक दुर्घटना आदि मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा। उपभोक्ता और निगम के बीच किसी भी विवाद के निपटान के लिए फोरम में वित्तिय विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छह महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि, जो कम है, उपभोक्ता को जमा करवानी होगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान उपभोक्ता को प्रमाणित करना होगा कि यह मामला अदालत, प्राधिकरण या फोरम के समक्ष पेंडिंग (लंबित) नहीं है, क्योंकि इस न्यायालय या फोरम में विचाराधीन मामलों पर बैठक के दौरान विचार नहीं किया जाएगा।




**सुनवाई**

**मंच 1 लाख रुपये से 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की करेगा सुनवाई**

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**


**चंडीगढ़:** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई 2024 तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे, जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। विभाग के प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों नामतः बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है। दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। दोनों ही पुरस्कारों में एक-एक लाख रुपए की राशि एवं एक मैडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी। उसके उपरांत फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन,

जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट, पंचायती राज संस्थाएं, सभी केंद्रीय और राज्य स्कूल बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय संगठन, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पर्यावरण और वन मंत्रालय और प्रेस सूचना ब्यूरो सहित राष्ट्रीय चयन समिति नॉमिनेट कर सकती हैं। पुरस्कार से जुड़ी अन्य जानकारी पर देखी जा सकती हैं।

## कार्यों की प्रगति का मापदंड है आंकलन प्रपत्र: पुलिस महानिदेशक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा पुलिस में कार्यरत प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की कार्यक्षमता बढ़ाने व कार्यों के मापदंड को निर्धारित करने के लिए तैयार किए गए आकलन प्रपत्र के सार्थक परिणाम आने लगे हैं। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के नेतृत्व में इस आकलन प्रपत्र के आधार पर हरियाणा पुलिस में कार्यरत प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया गया है। इससे अच्छा काम करने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ रहा है और अन्य पुलिसकर्मी अच्छा काम करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने नारनौल पुलिस जिला का दौरा किया और वहां वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में उप पुलिस अधीक्षकों, निरीक्षकों एवं प्रबंधक अफसरों की परफोरमेंस को लेकर ग्रेडिंग की।



**पुलिस महानिदेशक 14 जिलों के अधिकारियों की परफोरमेंस का कर चुके हैं रिव्यू:** पुलिस महानिदेशक द्वारा स्वयं 14 जिलों का दौरा करते हुए पुलिस अधिकारियों की परफोरमेंस को रिव्यू किया गया हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार द्वारा 9 जिलों(डबवाली पुलिस जिला मिलाकर) तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रोहतक रेंज के. के. राव द्वारा चरखी दादरी जिला को विजिट किया गया। फील्ड विजिट के दौरान श्री कपूर के साथ संबंधित रेंज के पुलिस महानिरीक्षक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त, पुलिस अधीक्षक भी उपस्थित रहे।

आकलन प्रपत्र अनुसार प्रत्येक रैंक के पुलिसकर्मी की हो रही है ग्रेडिंग: पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा लगभग 9 महीने पहले पुलिस विभाग में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के आंकलन को लेकर आंकलन प्रपत्र(एसेसमेंट प्रोफॉर्मा) तैयार करते हुए उन्हें वितरित किया गया था। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस की अलग-2 यूनिट जैसे- सीआईए, क्राइम यूनिट, साइबर यूनिट, अनुसंधान अधिकारियों, महिला पुलिस थानों, एसएचओ सहित अन्य यूनिट के कार्यों को परिभाषित करते हुए मुख्य निष्पादन संकेतक (की परफॉर्मेंस इंडिकेटर) तैयार किए गए हैं। प्रत्येक कार्य को लेकर अधिकारी अथवा कर्मचारी की जवाबदेही तय की गई है।

**ग्रेडिंग**

**आंकलन प्रपत्र के सामने आए हैं सार्थक परिणाम, अधिकारियों के प्रदर्शन के अनुरूप की गई ग्रेडिंग-डीजीपी**

## न्यूज फ्लैश

### गुरु हरगोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाशोत्सव पर हुआ गुरमत समागम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मीरी पीरी के मालिक छठी पातशाही गुरु हर गोविंद जी महाराज क प्रकाश पर्व तथा भक्त कबीर जी की जयंती पर करनाल के ऐतिहासिक पहली पातशाही गुरुद्वारा मंजी साहेब में गुरमत समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीवान सजाया गया। कार्यक्रम का आयोजन गुरुनानक सेवा जत्था तथा स्त्री समागम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर गुरुनानक सेवा जत्था द्वारा निशुल्क हौम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रोहतक, कैथल और करनाल से आए डाक्टरों ने मरीजों का चैकअप किया। उसके बाद निशुल्क दवा दी गई। कैंप में 300 से अधिक मरीजों की सेहत जांची गई। शिविरि में शूगर, हाई ब्लड प्रेशर, गठिया, सोरायसिस, जोड़ों में दर्द, त्वचा रोग के मरीज पहुंचे। सुबह से ही गुरुद्वारा में संगत का तांता लगा रहा। धमार्लुओं ने गुरु के आगे मत्था टेका। रागी ढाडी जत्थों ने गुरु की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर हरमिंदर साहेब के हजूरी रागी भाई गुरुबचन सिंह तथा कथावाचक भाई अमृतपाल सिंह ने गुरु की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर अटूट लंगर बरताया गया।

### अमेजन बिजनेस पर 24 से 30 जून तक आयोजित होगी बिजनेस वैल्यू डेज सेल

**नोएडा।** अमेजन बिजनेस ने सभी बिजनेस कस्टमर्स के लिए अपने फ्लैगशिप इवेंट बिजनेस वैल्यू डेज की घोषणा की है। ये सेल 24 जून को शुरू होगी और 30 जून तक चलेगी। यह इवेंट बिजनेस कस्टमर्स को अतिरिक्त लाभ उपलब्ध कराएगी। इसमें ग्राहक स्मार्टवॉच, होम एंड किचन एप्लाएंसेस, लैपटॉप, ऑफिसि फर्नीचर, सिक्यूरिटी कैमरा, स्मार्ट टीवी व अन्य उत्पादों पर बेजोड़ डील्स और ऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं। बिजनेस कस्टमर्स लैपटॉप, मॉनिटर्स, स्मार्टवॉच, ऑफिसि फर्नीचर, स्माल एंड लार्ज एप्लाएंसेस, सिक्यूरिटी कैमरा, डेकोर एंड फर्निशिंग प्रोडक्ट्स, स्मार्ट टीवी और अन्य ऑफिसि इम्प्रूवमेंट प्रोडक्ट्स कैटेगरी में लाखों उत्पादों पर 70 प्रतिशत तक छूट प्राप्त कर सकते हैं। इतना ही नहीं, बिजनेस कस्टमर्स इन उत्पादों पर 9999 तक का 10 प्रतिशत अतिरिक्त कैशबैक भी हासिल कर सकते हैं। डील्स और ऑफर्स के अलावा, बिजनेस कस्टमर्स मुफ्त में प्राइम सब्सक्रिप्शन के लिए भी साइन-अप कर सकते हैं और फ्री एंड फास्ट शिपिंग का फायदा उठा सकते हैं। इतना ही नहीं अपने अकाउंट को मल्टी-यूजर अकाउंट्स में परिवर्तित कर सकते हैं, जिससे वे एक अमेजन बिजनेस अकाउंट में कई सारे टीम मेंबर्स को जोड़ सकते हैं और प्रत्येक टीम के लिए अप्रूवल पॉलिसी और बजट सीमा अलग-अलग तय कर सकते हैं। बिजनेस कस्टमर अमेजन पे लेटर के जरिये इंस्टैंट क्रेडिट के लिए रजिस्टर करने की अपनी पात्रता भी जांच सकते हैं और बिजनेस वैल्यू डेज के दौरान अपने कैश फ्लो को मैनेज कर सकते हैं। वे एक जगह से खरीदारी कर सकते हैं और अमेजन बिल टू शिप टू फीचर के साथ जीएसटी इनपुट क्रेडिट की चिंता किए बगैर सामान की दूसरे स्थान पर डिलीवरी ले सकते हैं। बिजनेस वैल्यू डेज का उद्देश्य सभी टॉप कैटेगरी में 19 करोड़ से अधिक जीएसटी सक्षम उत्पादों को आकर्षक कीमत पर उपलब्ध करवाकर बिजनेस कस्टमर्स के लिए खरीद को आसान बनाना है।

# डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

## डा. मुखर्जी देशभक्त, शिक्षाविद और सामाजिक न्याय दिलाने वाले नेता थे : डा. अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर वार्ड 12 के बूथ नंबर 33, 34, 35 के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व पार्षद एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज हम सभी भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मना रहे हैं।



डा. अशोक कुमार ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज ही के दिन 23 जून 1953 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने श्रीनगर जेल में संदिग्ध हालत में अंतिम सांस ली। जिस संदिग्ध हालत में उनकी जान गई, वह आज भी हम सभी के लिए एक प्रश्नवाचक चिह्न बनकर रहा है। एक देशभक्त, शिक्षाविद और सामाजिक न्याय दिलाने वाले नेता के रूप में हम सब जानते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई, 1901 को एक संभ्रांत परिवार में हुआ था। महानता के सभी गुण उन्हें विरासत में मिले थे। उनके पिता आशुतोष बाबू अपने जमाने ख्यात शिक्षाविद् थे। डॉ. मुखर्जी ने 22 वर्ष की आयु में एमए की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा उसी वर्ष उनका विवाह भी सुधादेवी से हुआ। उनको दो पुत्र और दो पुत्रियां हुई। वे 24 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय सीनेट के सदस्य बने। उनका ध्यान गणित की ओर विशेष था। इसके अध्ययन के लिए वे विदेश गए तथा वहां पर लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी ने उनको सम्मानित सदस्य बनाया। वहां से लौटने के बाद डॉ.मुखर्जी वकालत तथा विश्वविद्यालय की सेवा में कार्यरत हो गए। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कर्मक्षेत्र के रूप में 1939 से राजनीति में भाग लिया और आजीवन इसी में लगे रहे। उन्होंने गांधी जी व कांग्रेस की नीति का विरोध किया, जिससे हिन्दुओं को हानि उठानी पड़ी थी। एक ही देश में दो झंडे और दो निशान भी उनको स्वीकार नहीं थे। भाजपा कर्ण मंडल महामंत्री अजय कश्यप ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंनें धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सेक्टर-6 में हुए एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ, जब करण अपने दोस्त को घर छोडकर लौट रहा था। मृतक करण अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था।

करण के दोस्त राजेश और सुनील ने बताया कि वह सेक्टर-6 में रहता है और पेंटर का काम करता है। जब करण अपने दोस्त को घर छोडकर लौट रहा था तो सेक्टर-6 बाईपास पर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में करण गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत करण को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान करण ने दम तोड़ दिया।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद पोस्टमॉर्टम के पश्चात शव को परिजनों के हवाले कर दिया। सेक्टर 32-33 थाना के प्रभारी राजपाल ने बताया कि पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विदेश भेजने के नाम पर 30 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गांव फूसगढ़ में दंपति द्वारा 30 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। दंपति ने एक पूरे परिवार को अमेरिका भेजने का लालच देकर 1.60 करोड़ रुपए में सौदा तय किया और पैसे लेने के बाद उन्हें फर्जी वीजा थमा दिया। जब पीड़ित परिवार को इस ठगी का पता चला तो उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे, लेकिन आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद परिवार ने मामले की शिकायत सेक्टर 32-33 थाने में की। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार के मुखिया सुरेंद्र के बेटे प्रवेश निवासी फूसगढ़ ने अगस्त 2023 में आरोपी सुरजीत और उसकी पत्नी रीना से संपर्क किया। सुरजीत और रीना ने बताया कि वे लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं और कई मैक्सिकन वीजा भी दिखाए। उन्होंने प्रवेश और उसके परिवार को अमेरिका भेजने का वादा किया और बदले में 1.60 करोड़ रुपए मांगे। प्रवेश ने अपनी पत्नी नेहा, बेटे मंयक और बहन हिमानी के पासपोर्ट, आधार कार्ड और पैन कार्ड दोषियों को दिए। प्रवेश ने शिकायत में बताया है कि इसके बाद 17 अक्टूबर 2023 को, प्रवेश ने सुरजीत के बैंक खाते में 10 लाख रुपए आरटीजीएफ द्वारा ट्रांसफर किए। फिर 25 अक्टूबर 2023 को प्रवेश ने 10 लाख रुपए नकद दिए। 4 नवंबर 2023 को दोषियों ने वॉट्सऐप पर वीजा भेजे और बकाया पैसों की मांग की।

**फर्जीवाड़ा**

**⏩ 25 अक्टूबर 2023 को प्रवेश ने 10 लाख रुपए नकद दिए। 4 नवंबर 2023 को दोषियों ने वॉट्सऐप पर वीजा भेजे और बकाया पैसों की मांग की**

## शिक्षा से मुकाम को किया जा सकता है हासिल: बंता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भगवान वाल्मीकि जन कल्याण संघ की ओर से रविवार को सैक्टर 9 वाल्मीकि भवन में पूर्व विधायक एवं भगवान वाल्मीकि जन कल्याण संघ के मुख्य संरक्षक चौ. बंता राम वाल्मीकि के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष सुभाष बुम्बक ने की। संस्था की ओर से चौ. बंता राम वाल्मीकि को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चौ. बंता राम वाल्मीकि ने वाल्मीकि समाज के सभी प्रबुद्धजनों का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए समाज को एक नई दिशा देने के लिए कार्य करें। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे ऊंचे से ऊंचे मुकाम को आसानी से हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज की




उन्नति के लिए यह भी आवश्यक है कि सभी को एकजुट रहना होगा। संगठित समाज ही उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि भवन के अधूरे पड़े निर्माण कार्य को जल्द शुरू करवाया जाएगा। हरियाणा सरकार में मंत्रीगण यहां तक कि आने वाले समय में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी प्रोग्राम भवन पर किया जाएगा और भवन के निर्माण कार्य के लिए अनुदान राशि दिलवाई जाएगी। संस्था के अध्यक्ष सुभाष बुम्बक ने कहा कि संस्था के संगठन को मजबूत किया जाएगा और संस्था में 61 नए सदस्यों को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि चौ. बंता राम वाल्मीकि का सहयोग लेकर भवन के निर्माण कार्य को पूरा करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने चौ.बंता राम वाल्मीकि द्वारा भवन के निर्माण में पूर्व में दिए गए सहयोग की भी भूरी-भूरी प्रशंसा की। इसके अलावा भवन के लिए प्लॉट दिलवाने से लेकर निर्माण कार्य में सहयोग देने वालों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ.धर्मेंद्र सिंह, एसडीओ डॉ. बलजीत सिंह व डॉ. जसबीर सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। संस्था के अध्यक्ष सुभाष बुम्बक, भरत सिंह, राजेंद्र चनालिया, विशाल चनालिया व रवि कुमार ने पगड़ी पहनाकर चौ. बंता राम को सम्मानित किया। कार्यक्रम में रघुबीर गागट, अनिल चनालिया, संजय मॉडल टाउन, विक्रम जुंडला, विजय चनालिया ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**शिक्षा पर बल**

**⏩ शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए समाज को एक नई दिशा देने के लिए कार्य करें: चौ. बंता राम वाल्मीकि**

## योग गुरु दिनेश गुलाटी के जन्मदिवस पर योग कक्षा में मनाया जश्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संचालक दिनेश गुलाटी के जन्मदिवस पर योग कक्षा सेक्टर 12 में सभी शिक्षकों, सह शिक्षिकों और टीम के सदस्यों ने मिलकर फव्वारा पार्क सेक्टर में धूमधाम से उनका जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर प्रीति गुलाटी भी मौजूद रही। सभी ने केक काटते हुए अपनी शुभकनाएं दी। साधकों का उत्साह भी देखते ही बनता था। कार्यक्रम में मिशन की सभी कक्षाओं के शिक्षक और योग साधक मौजूद रहे। जन्मदिन के अवसर पर उत्सव सा माहौल रहा। सभी ने उल्लास पूर्वक भाग लिया और उन्हें फूलों के गुलदस्ते भेंट किए




और उनका स्वागत किया। सभी ने अपने विचार सांझा किए। योग शिक्षिका नीलम बटला ने कहा कि योग कि जो अलख दिनेश गुलाटी ने जगाई है, वह हमेशा प्रचंड रहे और अधिक से अधिक लोग योग से जुड़ते रहें। शिक्षिका वीना धीर ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिनेश गुलाटी जिस तरह निस्वार्थ भाव से समाज सेवा का कार्य कर रहे हैं, वह बहुत कम लोग कर पाते हैं। उनके निर्देशन में केवल योग दिवस ही नहीं, बल्कि हर दिन योग दिवस की तरह मनाया जाता है। गेहूं एवं ज्वार अनुसंधान केंद्र के पूर्व निदेशक डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि समाज को स्वस्थ रखने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है और जिस संकल्प और दृढ़ निश्चय से भी काम करते हैं, वह निस्संदेह ही सराहनीय है। शिक्षिका वीना सेठ ने कहा कि दिनेश गुलाटी चांद सूरज की रोशनी की तरह योग की चमक को फैलाते रहे हैं और इसी तरह लोगों को रास्ता दिखाते रहें। योग शिक्षक ने अपने गानों के माध्यम से उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। इसके अतिरिक्त मिशन के अन्य शिक्षकों ने भी उन्हें बधाई संदेश दिए। उनके निरंतरता और जुनून की तारीफ करते हुए कहा कि योग द्वारा समाज सेवा का महान कार्य कर रहे हैं। आधुनिकता के इस समय में भी योग के महत्व को समझा रहे हैं। उन्होंने घर-घर तक योग को पहुंचाया है। मिशन के सभी शिक्षकों ने उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी और उनके दीर्घायु, कामयाबी और सफलता की कामना की। तरावड़ी के शिक्षक मनोज कामरा की अगुवाई में वहां की टीम ने बहुत सुंदर योग की प्रस्तुति दी। ऊंचा समाना से पवन सैनी और उनकी टीम के बच्चों ने योग का बेहतरीन प्रदर्शन किया

**खुशी का पल**

**⏩ आधुनिकता के इस समय में भी योग के महत्व को समझा रहे हैं। उन्होंने घर-घर तक योग को पहुंचाया है**

## सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस पांचवीं बार निर्विरोध कॉलेज प्रबंधन समिति के बने प्रधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गुरुनानक खालसा कालेज प्रबंधन समिति का चुनाव सर्वसम्मति के साथ संपन्न हुआ, जिसमें सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस को पांचवीं बार निर्विरोध कॉलेज प्रबंधन समिति का प्रधान चुना गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर गुरिंदर सिंह ने बताया कि कॉलेज के पूर्व प्रधान एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय तारा सिंह जी के स्वर्गवास के बाद उनके सुपुत्र सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस को कॉलेज का निर्विरोध प्रधान चुना गया और तब से लेकर अब तक यह कॉलेज की बागडोर संभाले हुए हैं और कॉलेज निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

सर्वप्रथम कॉलेज प्रबंधन समिति के दिवंगत सदस्यों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। रिटर्निंग अधिकारी की भूमिका करनाल सत्र न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सतपाल चोपड़ा ने निभाई, जबकि उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से प्राचार्य डॉक्टर महेंद्र सिंह बागी एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की तरफ से जीव विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर दीपक राय बब्बर विशेष रूप से अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। सरदार कंवरजीत प्रिंस ने बताया कि कॉलेज पूर्व सांसद सरदार तारा सिंह जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है और शिक्षा जगत में कॉलेज का प्रतिष्ठित स्थान है। उन्होंने बताया कि प्राचार्य, स्टाफ तथा विद्यार्थियों की भूरि भूरि प्रशंसा की। गौरतलब है कि प्रधान के साथ-साथ सभी पदाधिकारियों को सर्वसम्मत्ति से चुना गया।

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें नामांकन : रीना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन किए जा सकते हैं। इस राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी ने बताया कि देश की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए उनके उत्साह बढ़ाने का यह एक बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों नामतः बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है।

उन्होंने बताया कि दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत के लिए आवेदन कर सकते हैं। दोनों ही श्रेणियों में पुरस्कारों में एक-एक लाख रुपए की राशि एवं पदक सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

**प्रतिभा**

**⏩ देश की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए उनके उत्साह बढ़ाने का यह एक बेहतरीन प्रयास है**

## राजपूत समाज के मेधावी छात्रों को किया जाएगा सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** राजपूत सभा ने फैसला लिया है कि वर्ष 2023-24 में राजपूत समाज के जिन बच्चों ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इसे लेकर करनाल के महाराणा प्रताप स्मृति भवन में राजपूत सभा की एक बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। राजपूत सभा के प्रधान



डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीण परिवेश में जिन छात्र-छात्राओं के 85 प्रतिशत या इससे ज्यादा अंक हैं और शहरी क्षेत्र में 90 प्रतिशत या इससे ज्यादा अंक है, ऐसे छात्र-छात्राएं 10 जुलाई तक अपने नंबरों से संबंधित सर्टिफिकेट करनाल के सेक्टर 8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में पहुंचा दें। 10 जुलाई के बाद किसी भी छात्र का सर्टिफिकेट नहीं लिया जाएगा। इससे पहले ही अपने दस्तावेज भिजवाएं। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी समाज के मेधावी विद्यार्थियों और उत्कृष्ट खिलाडिंयों को सम्मानित किया जाता था, लेकिन कोविड के चलते पिछले दो वर्ष से यह सम्मान समारोह नहीं हो पाया था।

राजपूत सभा की बैठक में निर्णय लिया गया कि इस परंपरा को आगे बढ़ाया जाएगा।

बैठक में चर्चा की गई कि महाराणा प्रताप भवन के प्रांगण में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाई जाएगी, इसके लिए प्रयास चल रहे हैं।

## विभिन्न ट्रेडों में 244 सीटों के लिए 420 छात्रों ने किया आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढ़ी के वर्ग अनुदेशक इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि निदेशालय द्वारा आईटीआई में दाखिलों के लिए छात्र 25 जून तक आवेदन कर सकते हैं। इसके पश्चात निदेशालय द्वारा शेड्यूल के अनुसार मेरिट लिस्ट जारी कर दी जाएगी । डिप्लोमा धारक छात्रों को वर्क वीजा पर विदेश भेजने में राज्य सरकार सहायता करेगी । आईटीआई करने वाले युवाओं को कौशल के अनुसार विदेशों में भी नौकरियां प्राप्त करने में अब सरकार उनकी सहायता करेगी । इसके लिए विदेशी एजेंसियों की मदद ली जा जाएगी साथ ही युवाओं को ट्रेनिंग के बाद उनका टेस्ट लेकर उन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। विद्यार्थियों को आईटीआई में डिप्लोमा करना होगा इसके बाद सरकार उस विद्यार्थी को विदेश में नौकरी दिलाने के लिए पहल करेगी । इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि इसकी जानकारी अब संस्थाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को भी दी जा रही है। वर्क वीजा पर विद्यार्थी विदेश में जा



सकेंगे । इसको बनवाने में खर्च लगता है इस पूरे खर्च को राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाएगा ताकि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी भी विदेश जाकर अपना सपना पूरा कर सकें । आईटीआई से एक और दो वर्षीय डिप्लोमा विभिन्न ट्रेड में कराए जाते हैं इसकी जानकारी संस्थानों की ओर से दाखिला लेने के लिए आने वाले युवाओं को दी जा रही है जिससे इस योजना का लाभ अधिक से अधिक विद्यार्थी उठा सकें आईटीआई प्रबंधन को नए सत्र में योजना के शुरू होने की आस है। 244 सीटों पर विभिन्न ट्रेडों में होने वाले दाखिले के लिए अब तक राजलू गढ़ी प्रशिक्षण संस्थान में 420 अभ्यार्थियों द्वारा आवेदन किया जा चुके हैं

**आईटीआई करने के बाद मिल जाती है नौकरी : अशोक**

- इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि आईटीआई राजलू गढ़ी में प्लेसमेंट सेल बनाई गई है जिसके अंतर्गत विद्यार्थी के डिप्लोमा करने के पश्चात उसे आसपास की कंपनियों में नौकरी पर अथवा अप्रेंटिसशिप पर लगवा दिया जाता है ।

**दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के तहत दिलवाया जाएगा प्रशिक्षण ; अशोक**

- आईटीआई राजलू गढ़ी में पहले से ही फिटर व्यवसाय के छात्रों को दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के तहत प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है । इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि जिसमें विद्यार्थी प्रैक्टिकल प्रशिक्षण संबंधित कंपनी में जाकर पूर्ण करते है तथा थ्योरी का प्रशिक्षण संस्थान स्तर पर पूरा करवाया जाता हैं , अब दो और नए व्यवसाययों रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनर व वेल्डर के विद्यार्थियों को भी दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के तहत प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा।

**आवेदन**

**⏩ डिप्लोमा धारक छात्रों को वर्क वीजा पर विदेश भेजने में राज्य सरकार सहायता करेगी**

## यूआईडीएआई ने फिर बढ़ाई फ्री में आधार अपडेट करने की डेडलाइन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख बढ़ाकर 14 सितम्बर कर दी है। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि पहले 14 जून तक तक फ्री में आधार अपडेट किया जा सकता था, जिसे अब तीन महीने आगे बढ़ाते हुए आधार कार्ड को अपडेट करने की तिथि 14 सितम्बर तक कर दी गई है। नागरिक स्वयं भी वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर करवाया जा सकता है।



उपायुक्त ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें, ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने व अन्य किसी प्रयोजन में परेशानी व समस्या का सामना न करना पड़े।

आधार कार्ड को अपडेट के लिए जो दस्तावेज इस्तेमाल करते हैं उस पर आपका नाम, जन्मतिथि सही होनी चाहिए।

# संपादकीय

## प्राकृतिक संसाधनों का असंतुलित दोहन

**जब हम** अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं।

# कौन है वास्तविक तानाशाह?

मृत्युंजय दीक्षित

> "इसी तरह केतकी चेताली ने फेसबुक पर लिखा कि जो झूठ बोलता है उसका मुंह टेढ़ा हो जाता है। उन्होंने कहीं शरद पवार का नाम नहीं लिखा था पर उनको सुबह सात बजे घर से उठा लिया गया जब उसे 104 डिग्री बुखार था और उसके ऊपर पूरे महाराष्ट्र में 80 से ज्याद जगह एफआईआर दर्ज करवायी गयी, बाद में मुंबई हाईकोर्ट के एक जज उसे जमानत देने का आदेश दिया गया। महाराष्ट्र में ही विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए नौकरी से इस्तीफा दे चुके पुलिस अधिकारी सचिन वाजे को पुलिस विभग मे वापस बुलाया जाता है और रिपब्लिक भारत के अर्नब गोस्वामी को सबके सामने से उठाकर लाया जाता है"

18वीं लोकसभा के गठन के लिए हुए चुनावों के प्रचार के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडी गठबंधन, संविधान बचाओ - बचाओ का नारा लगाकर अफवाह फैलाता रहा कि अगर भाजपा लोकसभा में 400 पार चली जाती है तो संविधान बदल दिया जायेगा और आरक्षण समाप्त कर दिया जायेगा। चुनावों के बाद इन दलों का रवैया बदला नहीं है और एक बार फिर हारने के बाद अब वह नये तरीके से मैदान पर उतर आये हैं । अब यह लोग संवैधानिक संस्थाओं से लेकर न्यायपालिका, मीडिया और सोशल मीडिया तक में स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाले लोगों पर भी हमला बोल रहे हैं। अभिव्यक्ति की आजादी का नारा लगाने वाली कांग्रेस व इंडी गठबंधन ने चुनावों से पूर्व भी देश के मीडिया संस्थानों व कुछ एंकरों का बहिष्कार किया था। यही सब मिलकर प्रधानमन्त्री मोदी जी को तानाशाह कहकर बुलाते हैं और कुछ अधिक सीट लेकर विपक्ष में बैठने पर कहते हैं झ हमने तानाशाह की बोलती बंद कर दी, अब तानाशाही नहीं चलेगी।

सत्य तो यह है कि कांग्रेस की तानाशाही बहुत पुरानी और सर्वविदित है । यह ऐतिहासिक तथ्य है कि मीडिया का सबसे अधिक दमन करने वाली कांग्रेस ही है। नेहरू काल से लेकर अभी तक कांग्रेस तानाशाही व्यवहार से बाहर नहीं आ पा रही है। 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए देश पर आपताकाल थोपा और सैकड़ों नेताओं के साथ साथ हजारों निरीह नागरिकों को भी जेल में डाल दिया था फिर अनेकानेक मीडिया संस्थानों पर ताले डाल दिये गये और सैकड़ो पत्रकारों को भी जेल में बंद कर दिया गया । पत्रकारों पर भी उसी प्रकार अत्याचार किये गए जिस प्रकार अंग्रेज सरकार जेल में बंद स्वतंत्रता सेनानियों के साथ किया करती थी। फिल्मों और गीतों तथा गायकों पर भी इंदिरा झ संजय का कहर बरपा। अब कांग्रेस विपक्ष में रहकर भी तानाशाही रवैया अपना रही है, कांग्रेस की प्रेस वार्ता में सवाल पूछने पर पत्रकार बेइज्जत करके बाहर निकाल दिए जाते हैं । कांग्रेस अपने गिरेबान में झांके बिना किसी को भी तानाशाह कह सकती है और तो और चुनावो के समय वह चुनाव आयेग पर भी तानाशाही का आरोप लगाती रही । अभी नयी संसद का सत्र भी आरम्भ नहीं हुआ है और विपक्ष की ओर से तानाशाह



और तानाशाही शब्द की माला का जप आरम्भ हो गया है। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह जो दिल्ली शराब घोटाले के एक आरोपी हैं ने बयान दिया है कि अगर भाजपा का लोकसभा अध्यक्ष बनता है तो सरकार तानाशाह हो जायेगी।

एक कांग्रेसी तानाशाह प्रधानमंत्री द्वारा लिखी गई आपातकाल की क्रूर गाथा के बाद भी कांग्रेस का तानाशाही रूप समय - समय पर उजागर होता रहा है। तेलंगना राज्य के गठन के समय दिखाई गयी कांग्रेस की तानाशाही भी कम भयावह नहीं थी।

अब कांग्रेस व इंडी गठबंधन ने अब राष्ट्रवादी विचारधारा के लेखकों पत्रकारों व सोशल मीडिया पर सक्रिय लोगों पर हमले बोलना प्रारम्भ कर दिया है। राहुल गांधी कहते हे मोदी जी डरे हुए तानाशाह हैं जबकि वास्तविकता यह है कि असली तानाशाह तो स्वयं राहुल गांधी ,कांग्रेस पार्टी व इंडी गठबंधन है। अभी कुछ समय पूर्व एक यूटयूबर पत्रकार अजीत भारती के एक वीडियो से कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी इतना डर गये कि कर्नाटक की पुलिस अजीत भारती को गिरफ्तार करने के लिए उनके घर पहुंच गयी किंतु यह अच्छा रहा कि अजीत भारती यूपी में रहते हैं और यूपी ने अजीत भारती को पूरी सुरक्षा प्रदान कर दी है। ग्रेस व इंडी गठबंधन की तानाशाही की कहानियां भरी पड़ी हैं फिर भी ये प्रधानमंत्री मोदी को तानाशाह कहते है। कांग्रेस की आक्रामक तानाशाही का शिकार न जाने कितने लोग हुए हैं और लगातार हो रहे हैं।फिल्म अभिनेत्री पायल रोहतगी को नेहरू और एडविना की फोटो पोस्ट करने पर ही राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने रात नौ बजे उनके घर पर पुलिस भेजकर हिरासत में ले लिया था। फेसबुक पर टिप्पणी करने वाले युवक सुमित ठक्कर को उद्धव सरकार पर व्यंग्य करने पर महाराष्ट्र में उसके ऊपर 40 जिलों में केस दर्ज कर लिये गये और उसे हथकड़ी और बेड़ियों में किसी आतंकवादी की तरह पकड़ कर पूरे महाराष्ट्र में घुमाया गया था। सुमित ने तत्कालीन मुख्यमंत्री की तुलना एक पेग्विंन से की थी। इसी तरह केतकी चेताली ने फेसबुक पर लिखा कि जो झूठ बोलता है उसका मुंह टेढ़ा हो जाता है। उन्होंने कहीं शरद पवार का नाम नहीं लिखा था पर उनको सुबह सात बजे घर से उठा लिया गया जब उसे 104 डिग्री बुखार था और उसके ऊपर पूरे महाराष्ट्र में 80 से ज्याद जगह एफआईआर दर्ज करवायी गयी, बाद में मुंबई हाईकोर्ट के एक जज उसे जमानत देने का आदेश दिया गया। महाराष्ट्र में ही विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए नौकरी से इस्तीफा दे चुके पुलिस अधिकारी सचिन वाजे को पुलिस विभग मे वापस बुलाया जाता है और रिपब्लिक भारत के अर्नब गोस्वामी को सबके सामने से उठाकर लाया जाता है क्योकि अर्नब गोस्वामी और उनकी टीम तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे सरकार की लगातार पोल खोल रही थी जिसमें पालघर में दो साधुओं की नृशंस हत्या व फिल्म स्टार सुशांत सिंह की मौत के कारणों की असलियत का भी पता लगाया जा रहा था। उद्धव ठाकरे की सरकार ने अर्नब को दबाने के लिए सारे उपक्रम किए । मुंबई में फिल्म अभिनेत्री व वर्तमान सांसद कंगना रनौत का घर इसलिए तोड़ा गया क्योंकि उन्होंने उद्धव ठाकरे पर टिप्पणी कर दी थी। अभी जब कंगना सांसद बनीं और चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर उन्हें थप्पड़ मारा गया तब सारे कांग्रेसी नेता व इंडी गठबंधन के नेताओं ने परोक्ष रूप से उसका समर्थन किया, ऐसा व्यवहार तानाशाही नहीं तो और क्या है अपितु यह कांग्रेसी तानाशाही का और भी घिनौना रूप है। हम लेकर रहेंगे आजादी जैसे नारों के समर्थक व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लंबरदार आम आदमी पार्टी की तानाशाही भी कम नहीं है। टाइम्सनाउ नवभरत की पत्रकार भावना द्वारा अरविंद केजरीवाल के शीशमहल के भ्रष्टाचार को उजागर करने पर उसकी गाड़ी से एक दलित ई रिक्शा चालक से दुर्घटना दिखाकर पंजाब पुलिस उसे दलित एक्ट में उठा ले गई जबकि वह गाड़ी चला भी नहीं रही थी अपितु वह बगल में बैठी थी। पंजाब हाईकोर्ट ने भवना को न्याय दिया और पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि तुम तानाशाह बन चुके हो। कोर्ट में वह ई- रिक्शा चालक भी मुकर गया और उसने कहा कि मुझे पैसे का लालच दिया गया था। केजरीवाल के शीशमहल का वीडियो बनाने वाले पत्रकार रचित कौशिक का भी उत्पीडन किया गया। केजरीवाल के भ्रष्टाचार पर ट्वीट करने वाले तेजिंदर बग्गा का भी पंजाब पुलिस अपहरण करके ले गई । कुमार विष्वास ने जब बिना किसी का नाम लिए लिखा कि अब खालिस्तानी सर उठाएंगे तो उनके घर पर पंजाब पुलिस भेज दी गई। छत्तीसगढ़ में जब भूपेष बघेल की सरकार थी तब उन्होंने नोएडा में आठ बार छत्तीसगढ़ पुलिस भेजकर उन्हाने तमाम चैनल के पत्रकारों का उठाने की कोशिश की। उत्तर प्रदेश में सपा, बसपा व कांग्रेस सहित सभी दलों ने अलग अलग तरह की तानाशाही दिखाई है।सपा व बसपा की सरकारों में सभी समाचार पत्रों के लिए विज्ञापन लेने के लिए परोक्ष रूप से कई शर्तें होती थीं, सपा व बसपा के खिलाफ कोई भी पत्रकार व लेखक एक शब्द तक नहीं लिख सकता था। लोकसभा चुनावों के दौरान ही सपा मुखिया अखिलेश यादव अपनी तानाशाही का परिचय दे चुके हैं, एक पत्रकार के सवाल करने पर उन्होंने स्पष्ट रूप से धमकी देते हुए कहा कि, तुम्हारा दूसरा इलाज किया जाये क्या ? सपा बसपा की सरकारों में पत्रकारो व संपादकों को बराबर डर सताया रहता था।

# कविता

चार दिन जो तेरी सोहबत में आ
जाये,
वो सचमुच राधा और मीरा हो जाये।

जो तेरी भक्ति में चरणों में आ जाये,
वो सचमुच बैकुण्ड को पा जाये।।

तेरे भजनों का असर है ऐसा प्रभु,
जो सुन ले वह चारों धाम का हो जाए।

तुझे याद करें हर दुख दूर हो जाए,
प्रभु कुछ ऐसा वरदान हम पा जाएं।

तेरी लीला अपरंपार है कन्हैया कान्हा,
तेरे भजनों से ही हमारा जीवन सार हो जाए।

ऐसा जतन कुछ करो प्रभु इस भव संसार में,
तेरे दर्शन को कोई ना कभी तरस पाये।

अपने चरणों के रज में हमें दे दो जरा सा
स्थान,
हमारे इस जीवन की नैया पार लग जाए।

तूने हमें दिया मनुष्य का जन्म प्रभु,
सेवा में तेरे चरणों में स्थान पा जाए।

ऐसा वरदान हमें दे दे ईश्वर अब तू,
भजनों में तेरे हमारा जीवन लीन हो जाए।

संजीव

---------

## दक्षिण अफ्रीका चुनावों में भारतवंशियों ने गाड़े झंडे

आर.के. सिन्हा

**भारत** के लोकसभा चुनावों के नतीजे बीती 4 जून को आए और दक्षिण अफ्रीका के उससे मात्र दो दिन पहले 2 जून को। दोनों देशों में मिली-जुली सरकारें बन गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से भारत सिर्फ इसलिए ही अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखता है, क्योंकि वहां लगभग 21 सालों तक गांधी जी रहे। वहां रहकर उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाई लड़ी। दक्षिण अफ्रीका भारत के लिए इसलिए भी विशेष है, क्योंकि वहां पर करीब 15-16 लाख भारतवंशी बसे हुए हैं। संसार के शायद ही किसी अन्य देश में इतने भारतवंशी हों। दक्षिण अफ्रीका में भारत मूल के लोग जीवन के हर क्षेत्र में अपनी ठोस उपस्थिति दर्जा करा रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका की संसद के लिए हुए हालिया चुनाव में भारतीय मूल के बहुत से उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से अपना भाग्य आजमा रहे थे। उन्होंने संसद और प्रांतीय असेबलियों में भी जीत दर्ज की। मेरगन शेट्टी लगातार तीसरी बार संसद के लिए चुने गए। क्वाजुलू-नाटाल प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शारा सिंह ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया और संसद सदस्य बन गईं। शेट्टी संसद में डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय मूल के सदस्य बताए जाते है। उन्होंने पहले 2006 में पीटरमारिट्जबर्ग नगर परिषद का प्रतिनिधित्व किया था। शारा सिंह ने संसद में चुने जाने के बाद स्थानीय सरकार की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। डीए के संसद के लिए 87 सदस्य चुने गए हैं। इनमें से चार भारतीय मूल के हैं। इस बीच, ए. सरूपेन ने लगातार दूसरी बार संसद के चुनाव में जीत हासिल की। सरूपेन के पूर्वज उत्तर प्रदेश से थे। वे गौतेंग प्रांतीय विधानसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

इंकथा फ्रीडम पार्टी के नेता नरेंद्र सिंह, अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की फासीहा हसन, अल जमा-आह के इमरान इस्माइल मूसा भी निर्वाचित हुए हैं। इनके अलावा, गोपाल रेड्डी और शुनमुगम रामसामी मूडली भी संसद पहुँचे हैं। अधिकांश चुने गए भारतीय मूल के सदस्य दक्षिण अफ्रीका में ही पैदा हुए हैं, लेकिन केरल के पथानमथिट्टा जिले के तिरुवल्ला के मूल निवासी अनिलकुमार केसवा पिल्लई ने 40 साल पहले दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय राजनीति में खुद को स्थापित किया था। एक युवा शिक्षक के रूप में दक्षिण अफ्रीका पहुँचे पिल्लई शिक्षकों के एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में उभरे। उन्हें पहली बार 2019 में एएनसी के प्रतिनिधि के रूप में ईस्टर्न केप की प्रांतीय परिषद के लिए चुना गया था। पिल्लई के अलावा, डीए के सदस्य इमरान कीका, एम. नायर और रिओना गोकुल को भी क्वाजुलू-नाटाल की प्रांतीय विधानसभा के लिए फिर से चुना गया है। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका के फिर से राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा बन गए हैं। रामाफोसा ने अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी), डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) और अन्य दलों के समर्थन से फिर से राष्ट्रपति पद को संभाला।यह पहली बार है जब 1994 के बाद नेल्सन मंडेला की पार्टी एएनसी बहुमत हासिल करने में विफल रहा।

दक्षिण अफ्रीका कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है।

# विचार

## मोदी थ्री के पहले बजट में दिखेगा सरकार का रूख

प्रेम शर्मा

**मोदी** के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने तीसरी पारी शुरू कर दी है। इस बीच नीट परीक्षा को लेकर वह हर तरफ से दबाव में दिख रही है। ऐसी स्थिति में जुलाई के तीसरे सप्ताह में आने वाला बजट केन्द्र, राज्य कर्मचारियों के लिए आशा की किरण दिख रहा है। केन्द्र एवं राज्य के कार्मिक लगातार पुरानी पेंशन, आठवे वेतन आयोग के गठन सहित कई मांगों को लगातार केन्द्र सरकार से दुहारा रहे है। उघोगों से लेकर आम जनता की भी काफी आशाये आगामी बजट से जुड़ी हुई है। आशा अनुरूप प्रदर्शन न कर पाने की कसक भी भाजपा नेतृत्व में समाहित है। आगामी कई राज्यों के विधानसभा चुनाव करीब है। ऐसे में मोदी थ्री के पहले बजट में केन्द्र सरकार का रूख दिखाई देना तय है। निश्चित तौर पर यह कयास लगाए जा रहे है कि केन्द्र सरकार आगामी बजट में कड़े निर्णय लेने से परहेज करेगी। केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद अब केंद्रीय बजट की तैयारियां शुरू हो गई हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट 2024-25 पर सुझाव लेने के लिए सभी राज्यों और विधानमंडल वाले केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा कर चुकी है। जुलाई के तीसरे सप्ताह में केंद्रीय बजट पेश किया जा सकता है। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव से पहले एक फरवरी 2024 को अंतरिम बजट लाया गया था। केंद्रीय कर्मचारी संगठनों ने भी वित्त मंत्री के समक्ष पुरानी पेंशन बहाली, आठवें वेतन आयोग का गठन, मेडिकल सुविधाओं की बेहतरी, स्टाफ बेनिफिट फंड, रेस्टोरेशन कम्युटेशन ऑफ पेंशन, इनकम टैक्स स्लैब, होम लोन रिकवरी व रेलवे की क्षमता में वृद्धि, आदि मांगें शामिल हैं। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी बजट में टैक्स छूट देकर मिडिल क्लास को बड़ी राहत दे सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली नई सरकार आगामी बजट में खपत को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार करोड़ रुपये (6 अरब डॉलर) से ज्यादा के उपायों पर विचार कर रही है। संभावित उपायों में कम कमाने वालों के लिए टैक्स की दरों में कटौती भी शामिल है। बहरहाल जो कुछ विशेषज्ञों पता चल रहा है उसके अनुसारवित्त मंत्रालय के अधिकारी उन टैक्सपेयर्स के लिए टैक्स में कटौती पर विचार कर रहे हैं, जो सबसे ज्यादा खर्च करते हैं। मतलब बजट में उन लोगों को टैक्स पर फायदा दिया जा सकता है, जिनकी सालाना कमाई 5 से 10 लाख रुपये के बीच है। अभी इस इनकम ब्रैकेट में 5 से 20 फीसदी की दर से इनकम टैक्स लगता है. बजट में इन दरों को कुछ कम किया जा सकता है। ब्लूमबर्ग ये भी दावा किया गया है कि केंद्र सरकार की ओर से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जुलाई में पेश होने जा रहे पूर्ण बजट में नए टैक्स स्लैब का भी ऐलान कर सकती हैं. नया टैक्स स्लैब भी मिडिल क्लास फोकस करेगा। कुल मिलाकर ये कह सकते हैं कि अगर अनुमान और दावे सही साबित हुए तो आने वाला बजट मिडिल क्लास के लिए ऐतिहासिक बदलावों वाला साबित हो सकता है।कई उद्योग संगठन जैसे सीआईआई और फिक्की आदि भी सरकार और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से पर्सनल इनकम टैक्स में कटौती की मांग कर रहे हैं। इस साल लोकसभा चुनावों के चलते फरवरी में अंतरिम बजट पेश हुआ था। करीब दो महीने चले चुनाव के बाद इसी महीने पीएम मोदी की अगुवाई में लगातार तीसरी बार सरकार का गठन हुआ है। अब जुलाई के दूसरे या तीसरे सप्ताह में पूर्ण बजट आने की उम्मीद है।राज्यों के कर्मचार शिक्षक संगठन पुरानी पेंशन, बहाली, आठवे वेतन आयोग के गठन के साथ मौजूदा परिस्थितियों और महंगाई के दौर में वेतनमान, भत्ते और पेंशन लाभ का रिवाइज करने की मांग कर रहे है। इससे पहले कर्मचारी संगठन, प्रधानमंत्री मोदी से लेकर डीओपीटी मंत्री के साथ पत्राचार कर चुके हैं। यही नही केन्द्र में लगभग 10 लाख और राज्यों में एक करोड़ से अधिक पदों की रिक्तियॉ बताई जा रही है। ऐसे में कर्मचारी संगठन लगातार आउटसोर्सिग को पूरी तरह बंद कर स्वीकृत पदों के सापेक्ष नियमित नियुक्तियों की मांग कर रहे है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## मासूम बच्चों को बचाना होगा जानलेवा वायु प्रदूषण से

अमरपाल सिंह वर्मा-

वायु प्रदूषण के संबंध में हाल में आई एक रिपोर्ट डरा देने वाली है। यूनिसेफ के साथ संयुक्त रूप से बनाई गई अमरीकी संस्था हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट (एईआई) की स्टेट ऑफ द ग्लोबल एयर-2024 रिपोर्ट न केवल वायु प्रदूषण के निरंतर बढ़ते खतरों के प्रति आगाह कर रही है, बल्कि इससे बचने के उपाय करने पर जोर दे रही है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2021 में 5 साल से कम उम्र के करीब 1.6 लाख बच्चों को वायु प्रदूषण से संबंधित बीमारियों के कारण जान गंवानी पड़ी है। हमारे आसपास विशाल कारखानों, छोटी-बड़ी फैक्ट्रियों, वाहनों, ईन्ट भट्टों आदि के कारण वायु प्रदूषण निरंतर बढ़ता जा रहा है। कोई गांव और शहर इससे अछूता नहीं रहा है। ज्यादातर लोग तो वायु प्रदूषण के खतरों से अनजान हैं लेकिन जो इस बारे में जानते हैं और इसके दुष्परिणामों को महसूस करते हैं, वे भी आम तौर पर इन्हें अनदेखा कर देते हैं। वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों को हम महसूस करते हैं लेकिन मासूम बच्चे तो समझ ही नहीं पाते कि आखिर हो क्या रहा है। ऐसे बच्चों की संख्या बढ़ती जा रही है, जो पहले बीमार होते हैं और फिर अल्पायु में ही मौत के मुंह में चले जाते हैं।

बच्चों को समय से पहले जन्म, कम वजन, अस्थमा और फेफड़ों की बीमारियां यह प्रदूषण संबंधी स्वास्थ्य प्रभावों के असर के कारण ही बढ़ रही हैं। हमारे देश में वायु प्रदूषण किस प्रकार बढ़ता जा रहा है, इसका पता इस रिपोर्ट से लगता है। इस रिपोर्ट के अनुसार विश्व के 10 वायु प्रदूषित देशों में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। देश के 83 शहरों की हवा वर्ल्ड हेल्थ ऑगेर्नाइजेशन की एयर क्वालिटी गाइडलाइन के हिसाब से खराब है।

रिपोर्ट के अनुसार विश्व में वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण के कारण 80 लाख से ज्यादा लोगों को मौत का शिकार होना पड़ा है, इनमे भारत में 21 लाख और चीन में 23 लाख लोगों की मौत शामिल है। यह बेहद चिंता का विषय है कि बढ़ता प्रदूषण बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण के शिकार सबसे ज्यादा भारतीय बच्चे हुए हैं। वर्ष 2021 में प्रदूषण के कारण भारत में 169,400 बच्चे मौत के मुंह में समा गए हैं।

## रोने का पेटेंट किसी ने अपने नाम से सुरक्षित करवा लिया

डॉ. सुरेश कुमार

**वह बेल्ट**, लात-घूंसों से पीटा गया था। रोता-चिल्लाता धड़ाम से फर्श पर ऐसा गिरा कि उसकी चोटों से शर्मिंदा होकर हाइड्रोजन अणु ऑक्सीजन के परमाणु से मिलकर अश्रुजल बनने से मना कर रहा था। आदमी जब कुछ नहीं कर सकता, रो तो सकता है। अब वह रो भी नहीं सकता। पता चला है कि रोने का पेटेंट किसी ने अपने नाम से सुरक्षित करवा लिया है। आजकल वह इसका इस्तेमाल केवल जनता को भावनात्मक ढंग से बेवकूफ बनाकर वोट बटोरने के लिए कर रहा है। 'सर जी हमने इसको पीटने को तो पीट दिया लेकिन इसकी पहचान करना भूल गए!' अट्ठावन इंच की तोंदवाला कांस्टेबल बोला। इसे पहचानने की क्या जरूरत। पत्थरबाजों की भीड़ में यह भी था। पत्थरबाजों का एक ही मजबह होता है और वह है.... लेकिन इसके हाथ में पत्थर तो नहीं था...फिर इंस्पेक्टर ने कांस्टेबल की बात को बीच में ही काटते हुए झ नहीं था का क्या मतलब। उसने मारा होगा...हम खुशकिस्मत वाले थे कि हमें नहीं लगा। समझे। फिर भी एक बार इसकी अच्छे से तलाशी लो। हो सकता है कि इसका कोई कनेक्शन आतंकवादी संगठन से निकल आए। न भी निकले तो अपने किसी छोटे-मोटे केस में इसी को मुख्य अपराधी बताकर केस सॉल्व कर लो। जब हमने इसको इतना पीटा है तो पूरा लाभ उठाने में ही समझदारी है।

उसके पर्स से आधार मिला!! माँ की दवाइयों की पर्ची!! गोद में उठाए बिटिया की तस्वीर!! कई परतों में फोल्ड एक ऐसा पत्र जिसमें उसे नौकरी से हटा देने की सूचना और बाकी का हिसाब-किताब था!! 'सर आधार में इसका नाम रामलाल है और पता वहीं का है जहाँ पत्थरबाजी हुई थी!' कांस्टेबल ने घबराते हुए कहा। 'रामलाल! यह कैसे हो सकता है? वह तो पत्थरबाजों के साथ था।' 'लेकिन सर उसका मकान भी तो वही था! अब क्या करें सर यह तो बड़ी मिस्टेक हो गई।' कांस्टेबल ने माथे पर हाथ फेरते हुए कहा। 'लगता है तुम सठिया गए हो। इतना घबराने की जरूरत नहीं। इस पेशे में रहने वाला सही को गलत और गलत को सही बनाने में एक्सपर्ट होना चाहिए। और तुम हो कि बेवकूफों जैसी बात करते हो। बाहर पत्थरबाजी के सबूत पड़े हुए हैं।

## न्यूज फ्लैश

### निगम क्षेत्र में विकास कार्यों की बढ़ेगी रफ़्तार- निखिल मदान



**सोनीपत:** मेयर निखिल मदान ने कहा कि आने वाले दिनों में नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ़्तार बढ़ेगी, लंबित पड़े सभी विकास कार्यों को तय समय में पूरा किया जायेगा। इस विषय में निगम अधिकारियों द्वारा की गई किसी भी प्रकार की लेट लतीफी और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मेयर निखिल मदान रविवार को सेक्टर 15 के गोकुल पार्क में पहुँचे थे जहाँ उन्होंने पार्क में चल रहे सौंदर्यीकरण और मरम्मत के कार्यों का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों की जन समस्याओं को सुना। इस दौरान निगम पार्षद बबिता कौशिक सहित संबंधित निगम अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने मेयर और पार्षद का फूल मालाओं से स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि कुछ माह पहले हुई वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक में वार्ड नंबर 4 के सेक्टर 15 में बने लगभग 31 पार्कों के जीर्णोद्धार हेतु 2 करोड़ 49 लाख रु की राशि स्वीकृत की गई थी। इस कार्य का प्रस्ताव हाउस की बैठक में पार्षद बबिता कौशिक द्वारा रखा गया था जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया था। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद पार्कों में सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हो गया है ,जिसमे आवश्यकतानुसार पार्कों में झूले लगाना ,ओपन जिम लगाना, वाकिंग ट्रैक विकसित करना, पार्क की चारदीवारी और मुख्य दरवाजो की मरम्मत ,रंग रोगन जैसे कार्य किये जायेंगे। साथ ही पार्कों में लाइट की व्यवस्था भी की जाएगी। कुछ पार्कों में पौधारोपण भी किया जायेगा। पार्षद बबिता कौशिक ने बताया की आज मेयर निखिल मदान, निगम अधिकारी, संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि और स्थानीय लोगों की उपस्तिथि में गोकुल पार्क में होने वाले कार्यों पर चर्चा हुई है। जिसमे लोगों ने पार्क की चार दीवारी की मरम्मत ,झूले और जिम लगवाने ,मुख्य दरवाजे की मरम्मत जैसे मुख्य कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाने की मांग रखी है। साथ ही रात्रि के समय अँधेरा होने के कारण हाई मास्ट लाइट लगवाने ,नए पेड़ पौधे लगवाने और पार्क का सौंदर्यीकरण किये जाने की माँग भी शामिल है। उक्त सभी कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए मेयर निखिल मदान ने निगम अधिकारियों और एजेंसी के लोगों को मौके पर ही आदेश दिए है। इस दौरान पार्षद बबिता कौशिक, निगम के कनिष्ठ अभियंता अंकुर शर्मा,त्रिभुवन कौशिक,खेम चंद ,कृष्ण कुमार,अनिल गोयल,राम कामरा,मनोहर लाल,प्रभा दास ,शिव छाबड़ा,भगवान दास, एस के आहूजा आदि लोग मौजूद रहे।

### जिंदगी की जंग हारा परिवार, दंपती सहित दो बच्चों की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गांव खुडाना बास की ढाणी खड़गवान में 19 जून बुधवार को गैस लीक होने से लगी आग से एक ही परिवार के चार लोग माता पिता और दो बच्चे बेटा बेटी झुलस गए थे। शनिवार को रोहतक पीजीआई में सभी ने दम तोड़ दिया है। खुडाना निवासी डॉक्टर नरेन्द्र ने बताया कि उसका बड़ा भाई विजेन्द्र राजस्थान में प्राइवेट शिक्षक था और उसकी भाभी मंजू आंगनबाड़ी वर्कर थीं। वे अपने दोनों बच्चों रोहित व चंचल के साथ 10 से 12 दिन पहले ही गांव में छुट्टी मनाने आए थे। बुधवार को सुबह करीब साढ़े आठ बजे जब सभी लोग रसोई घर में थे, सिलेंडर से गैस लीक होने के कारण आग लग गई। हादसे में परिवार के चारों लोग झुलस गए। उपचार के लिए महेंद्रगढ़ उपनागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। शनिवार को एक एक कर उनके भाई, भाभी, भतीजे और भतीजी की मौत हो गई। एक साथ चार मौत की सूचना से पूरे गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। रोहतक पीजीआई में पोस्टमार्टम के बाद सभी मृतकों के शव आज उनके पैतृक गांव खुडाना में पहुंचेंगे, जहां एक साथ सभी को अंतिम विदाई दी जाएगी।

# ट्रांसफार्मर लगने पर लोगों ने बलवान फौजी का जताया आभार

## समाजसेवी बलवान फौजी ने कहा कि वह सात दिनों से कॉलोनी में बिजली का समाधान करने को लेकर संघर्ष कर रहें थे

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर की मास्टर कॉलोनी में बिजली का समाधान होने पर कॉलोनी वासियों ने समाजसेवी बलवान फौजी को फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर आभार जताया हैं। समाजसेवी बलवान फौजी ने कहा कि वह सात दिनों से कॉलोनी में बिजली का समाधान करने को लेकर संघर्ष कर रहें थे। लंबे आंदोलन व धरने प्रदर्शन के बाद बिजली निगम के अधिकारियों ने कॉलोनी में बिजली का समाधान किया हैं। बलवान फौजी ने बिजली निगम के अधिकारी व एसडीएम संजीव कुमार का भी आभार जताया हैं।



बता दें कि शहर की मास्टर कॉलोनी में कम वोल्टेज बिजली पहुंच रहीं थी। गर्मी का मौसम होने के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया हैं। करीब एक वर्ष से कॉलोनी के लोग अलग से ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग रहे थे। कॉलोनी के लोग जिला प्रशासन से लेकर सरकार को अवगत करा चुके हैं। लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। 6 जून को भी कॉलोनी के लोगों ने ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा था। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने एक सप्ताह के अंदर ट्रांसफार्मर लगवाने का आश्वासन दिया था। समयावधि पूरी होने के बाद गुस्साए लोगों ने मंगलवार लघु सचिवालय के बाहर समाजसेवी बलवान फौजी के नेतृत्व में धरना शुरू कर दिया था। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम संजीव कुमार से मिले आश्वासन के बाद कॉलोनी के लोगों ने धरना समाप्त किया था। एसडीएम संजीव कुमार के आदेशनुसार बिजली निगम के अधिकारी ने बुधवार की सुबह कॉलोनी में पहुंचकर पोल लगाने का कार्य शुरू कर दिया था। करीब एक घंटे बाद कॉलोनी में रह रहे एक भाजपा कार्यकर्ता की ओर से कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया। जिसके चलते पुलिस की टीम मौके पर बुलानी पड़ी थी। पुलिस की मौजूदगी में ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शुरू किया गया। दोपहर के समय के बाद फिर कॉलोनी के लोगों द्वारा कार्य रूकवा दिया गया। इसके दोबारा से पुलिस को बुलाना पड़ी थी।

### लायंस क्लब गनौर गौरव के प्रधान बने अंकित मल्होत्रा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः** लायंस क्लब गनौर गौरव की बैठक क्लब की अध्यक्षा चारु चांदना की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से 2024 -25 के लिए क्लब की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें प्रधान अंकित मल्होत्रा , सचिव मीनू हांडा, कोषाध्यक्ष रेशल वाधवा व परियोजना अध्यक्ष शालू वाधवा को चुना गया। उप प्रधान के लिए नीरज जग्या तथा भावना जग्या का नाम पारित किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान अंकित मल्होत्रा ने आने वाले वर्ष में रक्तदान शिविर, आई चेकअप कैंप, सर्दियों में जुते, जर्सी,कंबल वितरण , वृक्षारोपण , स्वास्थ्य संबंधी जांच शिविर तथा और भी कई सेवा कार्यों की सूची क्लब सदस्यों के समक्ष रखी। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि लायंस क्लब गन्नौर गौरव जरूरतमंदों की सहायता के लिए हर संभव प्रयास करेगा । क्लब के नवनियुक्त प्रधान अंकित मल्होत्रा ने कहा कि क्लब द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह मेहनत लग्न से क्लब के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक हरीश वाधवा, डिंपी मल्होत्रा , राजेंद्र डुडेजा, विक्रांत हांडा, मंजू डुडेजा हितेश कुमार तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### पुगथला गांव में खेत में पानी को लेकर

**गन्नौर।** पुगथला गांव में खेत में पानी को लेकर हुई कहासुनी में रंजीश रखते हुए आरोपित ने अपने साथी के साथ मिलकर मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी दी । मारपीट व धमकी देने के आरोप में खूबडू पुलिस चौकी ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है । पुलिस को दी शिकायत में गांव पुगथला के सुभाष ने बताया कि बीस दिन पहले खेत के पानी को लेकर मेरी हिमांशु के साथ कहा-सुनी हुई थी। शिकायत में बताया कि 22 जून की शाम को 7 बजे मैं अपने खेत से घर आ रहा था। जब में पुगथला के परशुराम चौक पर पहुंचा तो हैप्पी व हिमांशु ने डंडे व सरिया से मेरे साथ मारपीट व गाली गलौज की और जाते हुए जान से मारने की धमकी देकर

## प्यासे पंछियों को पानी पिलाएं, आओ इस आदत को... संस्कार बनाएं!

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैनः** गर्मी आते ही हमारे साथ ही पशु पक्षियों को भी पानी की आवश्यकता अधिक होने लगती है। हम तो पानी एकत्रित करके रख लेते हैं लेकिन पशु पक्षियों को पानी की तलाश करना पड़ता है। अगर छोटा सा प्रयास कर अपने घर के आस-पास पेड़ों में पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करते हैं तो हर साल प्यास से मरने वाले पशु पक्षियों की संख्या में कमी आ जाएगी। इसी उद्देश्य के साथ दीक्षित जैन ने अपने युवा मित्रों के साथ एक अभियान शुरू किया है। जिसमें हर्ष गहलौत, केशव तनेजा, कृष्णा चुघ, लक्ष्य चावल, केशव सलूजा, जय तनेजा, मोहित गर्ग मुख्य रूप से शामिल है। दीक्षित जैन ने इन सभी के साथ मिलकर पक्षियों के लिए दर्जनों



सकोरें अपने आस पड़ोस में बांटे। साथ ही अपने सेक्टर के कई घरों की छतों पर भी रखवाएं।
पक्षियों के प्यास की चिंता करते हुए शहर के इन युवाओं ने हाथ बढ़ाया है। सभी ने मिलकर विभिन्न स्थानों पर पक्षों में पशुओं के लिए पानी भोजन की व्यवस्था में जुट गए हैं। दीक्षित जैन का कहना है कि गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं भी मांग कर पी लेता है लेकिन मूक पशुओं पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते हैं। इस गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए, गर्मियों में कई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आसपास उडने.वाले परिंदों की प्यास बुझा कर उनकी जिंदगी बचा सकता है। गर्मियों में घरों के आसपास पक्षियों की चहचहाहट बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि लोग पक्षियों से प्रेम करें और उनका विशेष ख्याल रखें। गर्मी में अपने घरों के बाहर छतों पर पानी के बर्तन रखे और हो सके तो छतों पर पक्षियों के लिए छाया की व्यवस्था भी करें। गर्मी में तापमान से राहत मिलती है और शरीर में पानी की कमी नहीं होती। वहीं मवेशियों के लिए भी अपने घरों के सामने एक पात्र रखना चाहिए।

### मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल

**गन्नौर।** अगवानपुर रोड पर शनिवार की शाम को तेज रफ्तार कर ने मोटरसाइकिल सवार चालक को टक्कर मार दी । टक्कर इतनी तेज थी कि उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए गन्नौर के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया , जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया । गन्नौर थाना पुलिस ने घायल के भाई की शिकायत पर गाड़ी की चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी । पुलिस को दी शिकायत में गांव अगवानपुर निवासी जयदीप ने बताया कि 22 जून को अपने गांव से गन्नौर पाँची रोड़ पर किसी काम के लिए गया हुआ था। मेरा भाई दीपक अपनी मोटर साईकिल पर सवार होकर मुझे लेने के लिए पाँची रोड़ गन्नौर आ रहा था जब वह मुझे लेकर रात 8:00 को मारो वाली गली के सामने पहुंचा तो सफेद रंग की कार का चालक बडी तेज स्पीड गफलत व लापरवाही से एकदम गली के अंदर से निकल आया । इस दौरान कार की टक्कर मेरे भाई दीपक की मोटर साईकिल से होने के कारण वह सड़क पर गिर गया और चोट लग गई। उपचार के लिए गन्नौर के निजी अस्पताल में लेकर गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया जहां उसका उपचार चल रहा है । पुलिस ने शिकायत के बाद कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी ।

## तीन दशक पहले बने नाले का नहीं हुआ दोबारा निर्माण, अवैध अतिक्रमण आ रहा आड़े

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
शहर की निकासी का मुख्य जरिया रेलवे रोड पर बने हुए नाले हैं। लेकिन 32 वर्ष बीत चुके हैं इसका दोबारा से निर्माण नहीं हो सका है। साथ ही दुकानदारों नाले पर बनाए गए अवैध थड़ों के कारण ना तो गंदे पानी की निकासी हो पाती है और ना ही इसमें जम चुके गाद को ही निकाला जा सकता है। अब नपा करीब ढाई करोड़ रुपए की लागत से नाला बनाने की तैयारी में है।
उल्लेखनीय है कि वर्ष 1982 में समालखा नगरपालिका बनाया गया था। पहली नगरपालिका गठन के



बाद रेलवे रोड पर दोनों तरफ नाले का निर्माण किया गया था। उसके करीब दो दशक बाद नाले की ईंटों की दीवार की एक-दो जगह मरम्मत की गई थी। लेकिन नाले का निर्माण नहीं किया गया जबकि तीन दशक पहले बने नाले को मरम्मत की आवश्यकता है। उक्त नाले ही निकासी का मुख्य जरिया हैं और शहर की विभिन्न कालोनियों का पानी इसी से गुजरता है। लेकिन दुकानदारों द्वारा पुराने बस अड्डे से चुलकाना मोड़ और चुलकाना मोड़ से पुरानी तहसील तक अवैध रूप से थड़े बनाकर नाले पर अतिक्रमण कर लिया है। इसके कारण ना तो नालों की सफाई हो पाती है और ना ही वर्षों से जमा सिल्ट को निकाला जा सका है।
निकासी दुरूस्त नहीं होने का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। आमजन का कहना है कि नगरपालिका चुनाव को दो वर्ष हो चुके हैं लेकिन आज तक निकासी व्यवस्था का समाधान नहीं हो सका है। बारिश का मौसम आ गया है और मानसून में शहर की हालत पिछले वर्षों की तरह बद से बदत्तर हो जाएगी।
वहीं इस बारे में जेई गौरव कुमार का कहना है कि पुरान बस अड्डे से चुलकाना रोड होते हुए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक नाले का निर्माण किया जाएगा। करीब ढाई करोड़ का एस्टीमेट जल्द ही अप्रुवल के लिए भेजा जाएगा।

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें नामांकन : डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन किए जा सकते हैं। इस राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे आवेदन कर सकते हैं। चयनित बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए उनके उत्साह बढ़ाने का यह एक बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों नामतः बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है। दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत के लिए आवेदन कर सकते हैं। दोनों ही श्रेणियों में पुरस्कारों में एक-एक लाख रुपए की राशि एवं मेडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिला के ऐसे बच्चों से आह्वान किया है कि वह राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट पुरस्कार के लिए आवेदन करें जिन्होंने इन श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य किया है। इस प्रकार के पुरस्कार से समाज में बच्चों में अनेक क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने की भावना पैदा होती जो समाज को बेहतर दिशा प्रदान करता है। डीसी ने बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी उसके उपरांत फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा।

### बिजली का करंट लगने से दो भैसों की मौत

**गन्नौर।** गांव खुबडू में बिजली का करंट लगने से दो भैंसों की मौत हो गई । पशुपालक ने करंट लगने से भैंसों की मौत के बाद बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। चौकी खुबडू झाल पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है । पुलिस को दी शिकायत में खुबडू गांव के पशुपालक रामचंद्र ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है । 20 जून की शाम पाँच बजे अपनी भैंसों को पानी पिलाने तालाब में ले गया था । भैंस भागकर शमशान घाट में चली गई , वहां पर लटके हुए तार से करंट लगकर मेरी 2 भैसों की मौत हो गई।

## सफाई कर्मियों की मांगों का हल करने में सरकार नाकाम: महेंद्र

### पानीपत की बाबरपुर मंडी में आयोजित सफाई कर्मियों के प्रदेश स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन में पहुंचे कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
पानीपत ग्रामीण से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कादियान ने रविवार को पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र स्थित बाबरपुर मंडी में भाजपा सरकार के खिलाफ आयोजित सीटू से संबंधित आल हरियाणा सफाई कर्मचारियों यूनियन के आक्रोश प्रदर्शन में शिरकत की। इस दौरान वे सफाई कर्मचारियों की समस्याओं की सुनवाई न होने पर भाजपा सरकार पर जमकर बरसे। कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह कादियान ने सफाई कर्मचारियों के प्रदेश स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल



में प्रदेश में सफाई कर्मचारियों की लगभग सभी मांगों पर ध्यान दिया जाता था। लेकिन भाजपा सरकार के राज में उनकी समस्याएं हल करना तो दूर, भर्तियां भी नहीं की जा रहीं। ऐसे में पानीपत ही नहीं पूरे प्रदेश की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। जहां 10 सफाई कर्मियों की जरूरत है, वहां सिर्फ 2-3 सफाई कर्मियों से काम कराया जा रहा है। सरकार न तो उनकी सेलरी में वृद्धि कर रही और ना ही उनकी भर्तियां कर रही है।

**विरोध**

**▶▶ सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई, सरकार सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का हल करने में पूरी तरह फेल**

ऐसे में कर्मचारी भड़केंगे नहीं तो और क्या करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि इस बार सफाई कर्मचारी कांग्रेस की सरकार लाने में पूरा साथ दें तो सभी कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## पाकिस्तान अधिकृत पीओके भारत का हिस्सा है: बिट्टा

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**अखिल** भारतीय आंतकवाद विरोधी मोर्चा के अध्यक्ष सरदार मनजिंदर सिंह बिट्टा ने आज यहां कहा कि पाकिस्तान अधिकृत पीओके भारत का हिस्सा है लेकिन हम शांतिप्रिय लोग हैं इसलिए पीओके के लिए झगड़ा नहीं करते। उन्होंने पाक व उसकी खूफिया एजेंसी आईएसआई को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसने आतंकवादी गतिविधियों को नहीं रोका तो उसे पीओके से हाथ धोना पड़ेगा। सरदार मनजिंदर सिंह बिट्टा चंडीगढ़ से दिल्ली जाते समय रविवार को समालखा के हथवाला रोड स्थित नरेंद्र डिकाडला के कार्यालय पर अपने अल्पावास के दौरान मीडिया कर्मियों से बातचीत



कर रहे थे।
सरदार एम एस बिट्टा ने लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के दिन पाकिस्तान द्वारा किए गए कश्मीर में आंतकवादी हमले की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि शायद पाकिस्तान ने यह समझ लिया कि भारत में इस बार मिली जुली सरकार बनी है इसलिए वह फिर से भारत में आंतकी गतिविधियों को सक्रिय करना चाहता है लेकिन पाक व उसकी खूफिया एजेंसी आईएसआई को मालूम होना चाहिए कि जब बात देश की सीमाओं की रक्षा की आती है तो हम सब एकजुट होकर बाहरी शक्तियों का मुकाबला करते हैं। पाक भारत सरकार को कमजोर समझने की भूल ना करें। पाकिस्तान की तरफ से होने वाली हर आंतकी गतिविधी का पहले से भी ज्यादा मजबूती से मुकाबला किया जाएगा। कश्मीर में बार बार हो रहे आंतकी हमलों के बारे पूछे जाने पर आंतकवाद विरोधी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिट्टा ने कहा कि आप पत्रकार हैं आपको सवाल पूछने की आजादी है लेकिन सच्चाई यह है कि भारत से अब आंतकवाद का सफाया हो चुका है। भारत इतना बड़ा देश है आईएसआई देश के माहौल को खराब करने की नियत से रह रह कर आंतकी गतिविधियों को अंजाम दे रही है जिसका भारतीय सैनिकों की और से उनका मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। इस मौके पर
नरेन्द्र डिकाडला रणधीर शर्मा गोल्डी बलिंदर दीपक अनिल चुलकाना सुनील भड़वाल माजरी साहिल खुराना आदि लोगों ने स्वागत किया।

## 41 दिन की तपस्या के बाद हवन यज्ञ कर लगाया विशाल भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः** गांव राजलू गढ़ी में रेलवे स्टेशन के समीप बाबा प्रेमनाथ की समाधि स्थल पर 41 दिन की तपस्या पूरी होने के बाद तपस्वी बाबा सुशील नाथ महाराज ने हवन यज्ञ कर विशाल भंडारा लगाया गया । भंडारे में आसपास के गांव के काफी संख्या में पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया । तपस्वी बाबा सुशील नाथ महाराज ने कहां की तपस्या के दौरान ग्रामीणों ने उनका जो सहयोग किया उसे वह हमेशा याद रखेंगे । सभी ग्रामीणों के सहयोग से तपस्या स्थल के पास विशाल भंडारा लगाया गया है । उन्होंने बताया कि वह गर्मी में अग्नि



के धुनों के बीच व सर्दी में ठंडा पानी के मटको से तपस्या करते हैं । तपस्या के दौरान क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि की मनोकामना करते हैं । भंडारे में मन्नत ग्रुप आफ होटल के चेयरमैन व समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने पहुंचकर बाबा सुशील नाथ का आशीर्वाद लिया । भंडारे में गांव के युवाओं व लोगों ने अपनी सेवाएं दी । देवेंद्र कादियान ने संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से लोगों में आपसी भाईचारा व प्रेम की भावना बढ़ती है।

## न्यूज फ्लैश

### पांच दिवसीय बाल संस्कार शाला का शुभारंभ

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : मोबाइल युग में बच्चों को सही राह दिखा कर 8 साल से 15 साल तक के बच्चों को संस्कारवान बनाने का के लिए श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं महादेव गौशाला ने सकारात्मक पहल की है यह संस्कारशाला आज से 5 दिन तक चलेगी इसके लिए 5 दिन का पंजीकरण मात्र ?10 रखा गया है संस्कारशाला का आरम्भ दीप वंदना के बाद ज्ञानदायनी मा सरस्वती वंदना से हुआ इस अवसर पर कैलाश गोयल और सुरजीत राणा ने मुख्य वक्ता अनिल कुलश्रेष्ठ प्रधानाचार्य श्रीमद्भगवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र को अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया इसके पश्चात मुख्य अतिथि गौरव सैनी को जसविंदर कौशिक और गुरु बक्श सिंह ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र और मोमेंट तो देकर सम्मानित किया विद्यालय की आचार्या श्रीमती रजनी ने बच्चों को प्रेरणादायी गीत सुनाया मुख्य वक्ता अनिल कुलश्रेष्ठ ने कहा विद्यालय परिवार और समाज मिलकर बालक का निर्माण करते हैं बालक को उसमें अंतर निहित शक्तियों के जागरण में सहयोग करते हैं तभी बालक सीखने वाला और कुशलताओं का संयोजन करने वाला बन सकता है बालक को ऐसा वातावरण चाहिए जिसमें वह कर्तव्य का बोध कर सके संस्कारों को अपने अंतर में जागृत कर सके तथा सद्विचारी बन सके भारत के भाग्य का उदय कक्षा कक्ष में हो रहा है यह कोठारी आयोग का महत्वपूर्ण वाक्य है किंतु इससे पहले वह अपने परिवार में कुछ ना कुछ सीख रहा है उसका वातावरण उसको प्रभावित कर रहा है माता-पिता का व्यवहार उसके व्यवहार को संचालित करने की ओर अग्रसर कर रहा है अत: है परिवार से विद्यालय तक एक सुसंगठित प्रक्रिया का निर्माण उसके भविष्य को गढ़ने में सहयोग कर सकता है । आंतरिक अनुशासन चित्तवृत्तियों का निरोध है। अत: बालक की दिनचर्या जैसी होगी वैसा ही उसका मनोभाव होगा ।इससे उसके लिए उपयुक्त वातावरण का निर्माण संभव हो सकेगा और तब वातावरण का निर्माण करना सुनिश्चित किया जा सकेगा ।जैसा स्वामी विवेकानन्द जी ने कहा है कि मनुष्य के अंतर में सभी ज्ञान अवस्थित है ।उसे जागृत करने के लिए उपयुक्त वातावरण की आवश्यकता है ।यह वातावरण निर्माण ही दिनचर्या का ध्येय होना चाहिए ।अत: जैसा कि रामचरित मानस में कहा गया है प्रात काल उठि के रघुनाथा ।मात पिता गुरु नवाहि माथा ।। इसमें हम सभी के लिए संदेश है कि हमारी दिनचर्या का प्रारंभ यहीं से शुरू होता है महादेव गौशाला के संरक्षक अशोक रोशा ने 5 दिवसीय संस्कार शाला में रहने वाले विषय के बारे मे बताया

### नशे से दूर रहने बारे युवाओं को किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



**अम्बाला** : पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है और इसके साथ-साथ जिला अम्बाला में नशे की रोकथाम, नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों बारे आम नागरिको विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान की भी शुरूआत की गई है, जिससे कि नागरिक विशेषकर युवा नशे से दूर रहकर अच्छे कार्यो में लगकर देश की उन्नति में भागीदार बनें। अम्बाला पुलिस द्वारा नशामुक्त अभियान 12 जून 2024 से 26 जून 2024 तक अम्बाला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। प्रबन्धक थाना नारायणगढ ने युवाओं को नशे से दूर रहने बारे जागरूक कर शपथ दिलाई और आसपास के लोगों को भी इस नशामुक्त अभियान से जुड़ने बारे प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हैं कि थानाधिकार क्षेत्रों में नशें की रोकथाम के लिए आमजन से सम्पर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें और आमजन विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने, उसके दुष्परिणामों बारे जागरूक करें जिससे समाज नशामुक्त हो सके। उन्होने कहा कि अम्बाला वासी इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़कर अपनी पुर्ण भागीदारी दर्ज कराकर अम्बाला क्षेत्र व भारत देश को नशामुक्त कराने में अम्बाला पुलिस की इस मुहिम में पूर्ण सहयोग दें। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वह नशे की लत्त में न पड़ें और यदि कोई उन्हें इस लत्त में ड़ालना चाहता है तो उसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दें जिससे उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा सके। युवावर्ग नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें, पढ़ाई में अपना मन लगाये, अपना भविष्य अन्धकारमय होने से बचायें। नशा आदमी को अन्दर ही अन्दर से खोखला कर देता है जिससे उसमें सोचने-समझने की शक्ति नहीं रहती।

# कुरुक्षेत्र की सैन धर्मशाला में पिछड़ा वर्ग का विशाल सम्मेलन हुआ सम्पन्न

## नौकरियों में आरक्षण को लेकर प्रतिनिधित्व एवं बैकलॉग को पूरा करने की मांगों पर चर्चा की गई

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र की सैन धर्मशाला में पिछड़ा वर्ग का एक विशाल सम्मेलन हुआ ।जिसमें हरियाणा के पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों ने प्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सम्मेलन में मुख्यत: हरियाणा सरकार द्वारा नौकरियों में आरक्षण लेकर प्रतिनिधित्व एवं बैकलॉग को पूरा करने की मांगों के अतिरिक्त अनेक विषयों पर चर्चा की गई। सम्मेलन में 17 सितंबर 2021 के हरियाणा सरकार की अधिसूचना जिसमें सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के प्रमाण पत्र बनवाने हेतु ?6 लख रुपए की आय सीमा रख दी गई थी और जिस जिसमें सरकार ने वेतन व कृषि को आय माना गया है, पिछड़ा वर्ग के लोगों ने इस पर बड़ा एतराज जताते हुए बताया कि आय की इस सीमा के कारण उनके बच्चों को ना तो अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों में दाखिला मिल रहा है और ना ही उन्हें सरकारी नौकरिओं में पूरा आरक्षण का लाभ मिल रहा है।एक साजिश के तहत उन्हें सरकारी नौकरियों से वंचित किया जा रहा है। वर्तमान सरकार द्वारा पारित इस अधिसूचना से पिछड़ा वर्ग का बहुत नुकसान हो रहा है इसके साथ-साथ सम्मेलन में हरियाणा के सभी ग्रुप ए, बी के पदों में भी 27% आरक्षण केंद्र सरकार की तरह दिए जाने की मांग की। जो कि पूरा लाभ आरक्षण का अधिकार नही दिया जा रहा है। जाति अनुसार ओबीसी को आरक्षण देने, पंचायत से लेकर संसद तक पिछड़ा वर्ग को प्रतिनिधित्व देने ,2021 के नोटिफिकेशन को रद्द करने,पिछड़ा वर्ग कमिशन को संवैधानिक दर्जा दिए जाने की मांग की। इस अवसर पर महिपाल ने बताया कि जल्द ही उनके प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी से मिलकर उनकी मांगों को जल्द से पूरा करवाने की मांग करेंगे।अम्बाला से आये रविन्द्र धीमान ने 12 सूत्रीय पॉइंट्स पर विस्तार से बताया। अवसर पर डॉक्टर गौरव सैनी, राजेश सेन, अमरजीत पांचाल, डॉ दीपक सैनी,मनीष करनाल, राजकुमार कश्यप,सुभाष पटवा,दयानन्द,रुपिंदर, जगमोहन, कश्यप धर्मशाला के प्रधान ओमपाल कश्यप ,अंबाला से परमिंदर सिंह, कैथल से तरसेम सिंह,एडवोकेट संजीव कश्यप,राजपाल पांचाल, कैथल से ओम प्रकाश सिंह,ऋषि पाल प्रजापति,परमिंदर जांगड़ा, रवि ठाकुर,रवि दत्त,डॉ सुभाष,डॉ सुदेश, मौजूद रहे।

**चर्चा**

▶▶ नौकरियों में पूरा आरक्षण का लाभ मिल रहा है। उन्हें सरकारी नौकरियों से वंचित किया जा रहा है

## तंबाकू फैक्ट्री से तीन ट्रक खाद्य सामग्री अमरनाथ के लिए हुई रवाना



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: हर साल की तरह पिछले 27 सालों की से लगातार इस बार भी अम्बाला शहर के तम्बाकू फैक्ट्री से अमरनाथ भंडारा सेवा संघ के चैयरमेन राजिंदर मोहन बंसल की अध्यक्षता में समाज सेवी सेठ रतनलाल ने हरी झंडी देकर तीन ट्रक सामग्री भरकर पहलगाँव (कश्मीर) के लिए रवाना किया। इस दौरान मौजूद सदस्यों ने भोलेनाथ के जयकारों के साथ ट्रकों को रवाना किया। प्रधान हरीश कुमार शंटी ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी ट्रकों में खाने-पीने का सामान व दवाईयाँ पहलगाम नूनवन बेस कैंप कश्मीर के लिए रवाना की गई। यह भंडारा पिछले 27 साल से पहलगाम में लगाया जा रहा है जिसमें यात्रियों के लिए निशुल्क खाना पीना रहना व छोटी-मोटी दवाइयां की व्यवस्था श्री अमरनाथ भंडारा सेवा संघ करता है। इस अवसर पर विनोद बंसल, पंकज गुप्ता, पुल्कित जैन, गौरव खन्ना, विनोद गोयल, राजीव जैन, अनिल जैन, अश्विनी अग्रवाल, प्रमोद वालिया, वीरेंद्र कुमार, सुशील, डिंपल, मनीष अग्रवाल, विशाल बंसल एंव जीएमसी के सभी गणमान्य सदस्य मौजूद थे।

### शूलिनी मेला में बच्चों के लिए रोचक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

मनीष

**सोलन** के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित शूलिनी मेला-2024 के दौरान नन्हे बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में चम्मच दौड़, फ्र ोग रेस, गुब्बारा फुलाना, शू टाई रेस, सैक रेस, हेंक्की पिकअप रेस, गोलगप्पा खाओ जैसी रोचक खेलें शामिल रही। गोलगप्पा प्रतियोगिता में मोनिका, दिक्षा तथा मीना, सूई-धागा दौड़ में हिमानी, स्वाती व करीना, गुब्बारा फुलाओं में गोलू, अनिकेत व अनिष, शू टाई रेस में राजीव ठाकुर, उज्जवल व सोनाक्षी तथा सैक रेस में आरव शर्मा, आदित्य व आरव ठाकुर क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।

# मयूर विहार में आयोजित किया गया रक्तदान शिविर

टीम एक्शन इंडिया
समालखा ( कुलदीप सिंह)



मानवमात्र के कल्याणार्थ सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद एवं दिव्य मार्गदर्शन से ब्रांच अमन विहार, मयूर विहार और मालवीय नगर दिल्ली में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मिशन के 261 भक्तों द्वारा निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया गया। रक्त संग्रहित करने हेतु रेड क्रॉस सोसाइटी से ब्लड बैंक की टीम वहां उपस्थित हुई।

**रक्तदान शिविर का उद्घाटन**

राधे श्याम मेंबर, एजुकेशन एवं एस. एन. सी.एफ. विभाग सन्त निरंकारी मण्डल एवं रमेश प्रधान निगम पार्षद के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप में हुआ। उन्होंने रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और जनकल्याण को समर्पित उनकी निस्वार्थ सेवा एवं बहूमूल्य योगदान हेतु भूरी भूरी प्रशंसा की। रक्तदान सबसे अमूल्य दान है मानवता की भलाई के लिए सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिये। इस अवसर पर डाक्टर नरेश अरोड़ा (कॉर्डिनेटर, मेडिकल सर्विसेस) ने कहा की सन्त निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर में मानव मात्र की सेवा हेतु रक्तदान के लिए भक्तों द्वारा दी जा रही इन सेवाओं को देखकर बहुत ही प्रसंता हो रही है। मानवता के प्रति किये जा रहे इस अति महत्वपूर्ण कार्य के लिए सभी बधाई के पात्र है। संत निरंकारी मिशन वर्ष 1986 से निरंतर रक्तदान शिविरों का आयोजन करता आ रहा है। बाबा हरदेव सिंह जी के दिव्य संदेश ह्यरक्त नालियों में नहीं नाड़ियों में बहना चाहिएह्ल को मिशन का प्रत्येक भक्त अपनी निस्वार्थ सेवा भावना से चरितार्थ कर रहा है। वर्तमान समय में भी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार इस मुहिम को निरंतर आगे से आगे बढ़ाया जा रहा है।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें नामांकन

**सोनीपत**: उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों नामतः बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है। दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। दोनों ही पुरस्कारों में एक-एक लाख रुपए की राशि एवं एक मैडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी उसके उपरांत फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा।

# नशे के विरुद्ध अभियान- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र** : नशे के विरुद्ध अभियान नामक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। यह प्रतियोगिता वात्सल्य वाटिका में शिक्षा प्राप्त करने वाले कक्षा 6 से 12 के मध्य हुई। वात्सल्य वाटिका के संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक की अध्यक्षता और उपस्थिति में यह प्रतियोगिता हुई। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उच्चाधिकारियों के आदेशों से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत प्रश्न पत्र प्रतिभागियों को दिया गया। प्रतियोगिता में 20 में से 20 अंक प्राप्त कर प्रियंका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमारी किरण ने 17 अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 14 अंक प्राप्त करने वाले 6 विद्यार्थी रहे जिनके मध्य पुनः प्रश्न पूछकर तृतीय स्थान शिल्पा ने प्राप्त किया। स्वामी हरिओम दास परिव्राजक और डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि इन विजेताओं को हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अधिकारी सम्मानित करेंगे। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्रतियोगिता से पूर्व विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया और कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे कच्चे घड़े के समान होते हैं, उन्हें समझाना सरल है। चूंकि वे ही देश का भविष्य है अतः देश को विकास के पथ पर ले जाने के लिए वे सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति सिद्ध होंगे।

**अभियान**

▶▶ यह प्रतियोगिता वात्सल्य वाटिका में शिक्षा प्राप्त करने वाले कक्षा 6 से 12 के मध्य हुई

# पार्कों में चलाया पौधारोपण अभियान

टीम एक्शन इंडिया



**सोनीपत: जनहित** अभियान फाउंडेशन के द्वारा सेक्टर 12 के पार्कों में चलाया पोधा रोपण अभियान। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाज सेवी स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह ने पोधा लगाकर किया अभियान को शुरू और कहा की पेड़ो के बिना धरती जीवन संभव नहीं है। पेड़ धरती का श्रृंगार है ओर कहा की अभी बारिश के मौसम में सभी अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनका पालन पोषण करे। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में फलदार व छायादार 11 पौधे लगाए और सभी से निवेदन किया कि पोधा रोपण मुहिम को सभी मिलकर एक जन आंदोलन बनाएं ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। इस अवसर पर सूरजभान भारद्वाज ,पूर्ण सिंह प्राध्यापक, रंधावा मान, प्रोफेसर देव कंबोज,गीता हिंदी अध्यापिका,लक्ष्मी देवी,सोनू उपस्थित रहे।

### सुखविंदर सिंह सुक्खू,चले वीरभद्र सिंह बनने, बन रहे : सुखबीर

मनीष

**सोलन**: भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने बिलासपुर गोलीकांड पर कहा, संविधान को खतरे में बताने वाले कांग्रेस के नेता आज अपराधियों के संरक्षक बन गए हैं और स्वायत्तता प्राप्त संवैधानिक संस्थाओं को अपने निजी हित के लिए उपयोग कर रहे। देहरा में कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉ राजेश को 9 घंटे किसने बंदी बनाकर शिमला के एक होटल में रखा। यह शिमला पुलिस की जांच का विषय है। व तत्पश्चात डॉक्टर राजेश का यह बयान प्रदेश से बाहर मेरे बच्चों को खतरा हो सकता है और बाद में कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी के साथ चुनाव प्रचार में साथ हो लिए।

# कला कीर्ति भवन में मनाई कबीर जयंती

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा कला परिषद द्वारा कला कीर्ति भवन में आयोजित दो दिवसीय संगीतमय संध्या का समापन कबीर गायन से हुआ। विश्व संगीत दिवस के अवसर पर जहां भिवानी के कलाकारों ने रागनियों और सारंगीवादन से समां बांधा। वहीं संत कबीर दास जयंती के अवसर पर अम्बाला की सुनीता दुआ सहगल और साथी कलाकारों ने संत कबीर की वाणी का वर्णन किया। कला कीर्ति भवन के लॉन में आयोजित की गई सांस्कृतिक संध्या में श्रोताओं ने संत कबीर के दोहों का जमकर आनंद उठाया। इस अवसर पर मंच संचालन विकास शर्मा द्वारा किया गया। भजन एवं लोकगायिका सुनीता दुआ सहगल ने कार्यक्रम की शुरूआत मन लागो मेरा यार फकीरी में से की। संत कबीर की लेखनी और शब्दों के महत्व को समझाते हुए सुनीता दुआ ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इसके बाद क्या तन मांजता रे, इक दिन माटी में मिल जाना, भजो रे मन गोविंदा जैसी बेहतरीन प्रस्तुतियों के साथ कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पानी में मीन प्यासी, देखत आवत हासी, जरा हल्की गाड़ी हांको मेरे राम गाड़ी वाले जैसे विभिन्न भजनों के द्वारा सुनीता दुआ ने माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। एक के बाद एक शानदार प्रस्तुति से जहां श्रोता मंत्रमुग्ध हो रहे थे, वहीं कलाकारों के साथ-साथ भजन गुनगुनाते भी नजर आए। मन फूला फूला फिरे जगत में कैसा नाता रे और कर गुजारा फकीरी में भाई रे जैसे पदों को जब सुनीता दुआ ने सुनाना शुरू किया तो श्रोताओं ने तालियों से भरपूर साथ दिया। इतना ही नहीं कव्वाली की तर्ज पर हमन है इश्क मस्ताना, हमन को होशयारी क्या, रुह आयाद या जग से हमन दुनिया से यारी क्या जैसे पदों को सुनाकर सुनीता ने माहौल को खुशनूमां बनाए रखा। अंतिम प्रस्तुति कबीरा कुआं एक है पानी भरे अनेक के माध्यम से कलाकारों ने कबीर वाणी का जमकर प्रचार किया। कार्यक्रम में विनय कुमार ने कीबोर्ड पर, नरेश रहेजा ने तबला, गौरव ने ऑक्टोपैड और परमजीत पप्पू ने ढोलक पर संगत दी। वहीं पूजा और सिमरनदीप ने कोरस में सुनीता दुआ सहगल का साथ दिया। अंत में हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने कलाकारों को सम्मानित किया।

# वीरांगनाओं ने शारीरिक प्रशिक्षण के साथ दी बौद्धिक परीक्षा

## बौद्धिक परीक्षा में युवतियों से आर्य समाज, वैदिक संस्कृति, अनुशासन, चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गये

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र** : गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे आर्य वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर के आठवें दिन वीरांगनाओं ने प्रातःकालीन सत्र में जहां शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त किया वहीं बौद्धिक सत्र के दौरान रखी गई विशेष परीक्षा भी दी। बौद्धिक परीक्षा में युवतियों से आर्य समाज, वैदिक संस्कृति, अनुशासन, चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गये। शिविर संचालिका बहन व्रतिका आर्या ने बताया कि इस परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर भी यह तय किया जाएगा कि परीक्षा देने वाली वीरांगना को आर्य वीरांगना, शाखा नायक, उप व्यायाम शिक्षिका या व्यायाम शिक्षिका आदि कौन-सी श्रेणी का प्रमाण-पत्र दिया जाए। ज्ञात रहे गुरुकुल में यह शिविर राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी की प्रेरणा से सार्वदेशिक आर्य वीर दल न्यास के अध्यक्ष स्वामी डॉ0 देवव्रत सरस्वती जी के मार्गदर्शन में चल रहा है। शिविर में देश के विभिन्न प्रदेशों से आयीं लगभग 400 वीरांगनाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। शिविर संचालन में गुरुकुल प्रबंधक समिति सहित वेद प्रचार विभाग के महाशय जयपाल आर्य, जसविन्द्र आर्य, मनीराम आर्य और मुख्य संरक्षक संजीव आर्य विशेष सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

प्रातःकालीन सत्र में स्वामी डॉ0 देवव्रत सरस्वती जी के मार्गदर्शन में युवतियों ने जूड़ो-कराटे, लाठी संचलन, डम्बल, लेजियम, तलवारबाजी के साथ विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। स्वामी जी के नेतृत्व में सार्वदेशिक आर्य वीर दल के प्रमाणिक और वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक कीर्तिपाल आर्य, भैरों सिंह, रूपेन्द्र सिंह, भागचल आर्य, जीतेन्द्र आर्य, शुभम् आर्य आदि वीरांगनाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दे रहे हैं। स्वामी डॉ0 देवव्रत जी का कहना है कि हमारी बेटियों का शिक्षित और शारीरिक रूप से मजबूत होना आवश्यक है। एक बेटी देहरी का वो दीया है जो दो घरों को रोशन करती है। बेटियां ही माँ, बहन बनकर और अपनी संतानों को संस्कारित कर समाज को नई दिशा देने का कार्य करती है।

आर्य वीर दल के शिविर का मुख्य उद्देश्य ही समाज में फैली बुराइयों को दूर कर समाज में नई जाग्रति लाना और युवाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाना है।

**ट्रेनिंग**

▶▶ बुराइयों को दूर कर समाज में नई जाग्रति लाना और युवाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाना है

# बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की कुरुक्षेत्र इकाई ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र** : आज बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की कुरुक्षेत्र इकाई ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस सर्किट हाउस कुरुक्षेत्र में मनाया । बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका डॉ चांद दत्ता जी ने सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ ऋषिपाल मथाना जी रहे।। डॉ ऋषिपाल मथाना जी ने कहा कि डॉ मुखर्जी जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र सेवा में अर्पित किया । डॉ मुखर्जी जी कहा करते थे कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और वहां जाने के लिए परमिट की आवश्यकता नहीं है ।वे कहते थे कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे । जब उन्होंने परमिट के नियम को तोड़ा तो उनको गिरफ्तार कर लिया गया और उनकी रहस्यमयी स्थिति में आज के दिन 23 जून को हत्या कर दी गई ।

डॉक्टर मथाना ने बताया कि डॉक्टर मुखर्जी बहुत ही विद्वान व्यक्तित्व के धनी थे। विश्व में सबसे कम आयु 33 वर्ष में वह कोलकाता विश्वविद्यालय के 4 वर्ष तक कुलपति रहे, उसके बाद बंगाल सरकार में वह केवल 40 वर्ष की आयु में वित्त मंत्री रहे लेकिन उन्होंने मिदनापुर में भारत छोड़ो आंदोलन के आंदोलनकारी पर कठोर कदम उठाए जाने के खिलाफ मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया।

# कुरुक्षेत्र के प्रॉपर्टी डीलर को जमीन दिखाकर नकली एग्रीमेंट करके की 5 लाख की धोखाधड़ी, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव पीपली खेड़ा के पास जमीन दिखाकर बयाने के रूप में 5 लाख की धोखाधड़ी करने के आरोप में खेड़ी मारकंडा कुरुक्षेत्र के प्रॉपर्टी डीलर ने किसान सहित तीन के खिलाफ पुलिस में धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाते हुए बयाने के रूप में दिए 5 लाख रुपए दिलाने की मांग की । बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी । पुलिस को दी शिकायत में भगवाननगर कालोनी पिपली , कुरुक्षेत्र के सुशील कुमार प्रॉपर्टी डीलर ने बताया कि 6 मई को मेरे पास मोबाइल नंबर 8375067230 से दीपक नाम के युवक का फोन आया और उसने



कुरुक्षेत्र में दो प्लॉट लेने के लिए रेट पूछे। उसके तीन दिन बाद दीपक अपने एक साथी के साथ मेरे पास आया और प्लॉट देखकर चला गया । उसके दो दिन बाद दीपक दो युवको को साथ लेकर आया और उन्हें भी दो प्लॉट दिखाएं। शिकायत में बताया कि दीपक को जब प्लाट दिखा रहा था तो मोबाइल नम्बर 7500186377 से मेरे मोबाईल पर विजय तिवारी नाम के युवक का फोन आया और मुरथल के पास जमीन खरीदने के लिए कहते हुए, अपना करीब डेट करोड़ का बजट बताया । इस दौरान मैंने मेरे पास आए दीपक की विजय तिवारी से बात करवाई । दीपक ने विजय तिवारी को मुरथल टोल के पास 2 एकड़ जमीन दिखाने की कही । विजय तिवारी का फिर दोबारा से फोन आया और दो एकड़ जमीन दिखाने की बात कहते हुए कहा कि मैं अजय अग्रवाल की केमिकल फैक्ट्री में का की नौकरी करता हूं और मैंने अपने मालिक के लिए यह जमीन लेनी है। वो 2 एकड़ जमीन दिखा दो। उसके बाद मैंने विजय तिवारी को दीपक का मोबाइल नम्बर दिया और कहा की दीपक को जमीन दिखा देगा । अगले दिन दीपक का फोन आया और उसने कहा कि वह जमीन तिवारी को दिखाने के बाद उसे पसंद आ गई है, तुम मुरथल टोल प्लाजा के पास आ जाओ और किसान को बयान दे देंगे। शिकायत में बताया कि 1 जून को सुबह 10 बजे मुरथल टोल पर पहुच गया , वहां दीपक व विजय तिवारी चाय पी रहे थे । विजय तिवारी व दीपक ने कहा कि हम दोनो पार्टी क्रेता और विक्रेता को आमने सामने नही होने देगें और हम मिलकर किसान को अपनी तरफ से कच्चा ब्याना दे देंगे, बीच का मारजन हम रख लेंगे। उसके बाद मुझे दीपक व विजय तिवारी पिपली खेड़ा रोड़ पर सोनू नाम के किसान के दफ्तर पर ले गये जंहा मुझसे 5 लाख रुपये तथा विजय तिवारी ने 12.5 लाख रुपये व दीपक ने 2.5 लाख रुपये इक्टा करके कुल 20 लाख रुपये सोनू नाम के व्यक्ति को ब्याना के दे दिया तथा उसी समय विजय तिवारी एक कच्चा ब्याना लिखवाकर ले आया ।

# जब हम निराशा के दौर में होते हैं तो संत कबीर दास के दोहे मार्गदर्शन करते हैं: जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा है कि जब हम निराशा के दौर में होते हैं तो संत कबीर दास के दोहे हमारा मार्गदर्शन करते है, इसलिए वह जनमानस में रचे बसे हैं। संत कबीर दास ने सामान्य जीवन जीते हुए पूरी दुनिया को मानवता का संदेश दिया।

राजीव जैन रविवार को संत कबीर के 657वें प्रकट दिवस के अवसर पर कबीरपुर, कबीर भवन बस स्टैंड रेलवे स्टेशन पर ई० रिक्शा यूनियन तथा बाबा भरतु शाह कबीर आश्रम में पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर संत कबीर के संदेशों से ओत प्रोत शोभा यात्रा भी निकाली गई । उन्होंने कहा कि भारत संत महात्माओं की धरती है, कबीर जैसे संत सर्व समाज के लिए आदर्श हैं।



भाजपा नेता ने कहा कि भारत सरकार देश के पौराणिक महत्व वाले सभी स्थानों को दर्शनीय सथल बनाने में जुटी है और हरियाणा सरकार ने संत कबीर, रवि दास, महर्षि बाल्मीकि, बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की जयंती सरकारी स्तर पर मनाने की पहल की और मुख्यमंत्री आवास का नामकरण भी संत कबीर के नाम पर करके गरीबों के उत्थान और कल्याण के संकल्प को दोहराया है।

इस अवसर पर श्यामलाल दीवान, सूरज कुमार, राजकुमार राजा, बालमुकंद मेहरा, सतबीर मेहरा, रामभज मेहरा, दीपक कुमार, धर्मवीर मेहरा, बलमत मेहरा, राजेश, संदीप नागर, चमन, सोनू, मोहन, सुनील, राधेश्याम, सुरेश, रामकरण, पवन सोलंकी, नवाब, अशोक इंदौरा, राजेश मेहरा, रविंद्र दिलावर, संजय बागड़ी, सतपाल बामनिया आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### मनोकामना सिद्ध श्री हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** न्यू कॉलोनी स्थित मनोकामना सिद्ध श्री हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दो दिवसीय इस उत्सव के अंतर्गत शनिवार देर रात्रि एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक गौरव जुनेजा ने बताया कि भजन संध्या में पटियाला (पंजाब) के गायक विनय कुमार लक्की ने मधुर भजनों से समां बांधा जिस पर सभी भक्त खूब



झूमे। इस दौरान राज्यमंत्री सुभाष सुधा एवं नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर हनुमान जी के चरणों में माथा टेक कर आशीर्वाद ग्रहण किया। रविवार प्रातः हनुमान जी का पूजन कर हवन में भक्तों ने आहुतियां दी। तत्पश्चात दोपहर को विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। प्रत्येक वर्ष न्यू कॉलोनी निवासियों एवं हनुमान भक्तों द्वारा आपसी सहयोग से मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। सभी भक्तों ने हनुमान जी की आरती करके भंडारे में भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्याम जुनेजा, कृष्णा अरोड़ा, अशोक भारद्वाज, राकेश सूरी, विरेन्द्र गुलाटी, गुलशन सूरी, सतीश जुनेजा, ललित चावला, अमित शर्मा, राजेश हंस, अशोक मेहता, प्रवीण चांनना, प्रवीण ढींगरा, अशोक सुधा, गुलशन चावला, अशोक चावला, नीरज अरोड़ा, वेद प्रकाश खुराना, नरेंद्र काठपाल, नवीन छिब्बर व गगन जुनेजा सहित बड़ी संख्या में हनुमान भक्त शामिल रहे।

### ठंडे पानी की छबील लगाकर सैकड़ों राहगीरों की प्यास बुझाई गई

**पानीपत,कमाल हुसैन** रविवार को हरियाणा के जिला पानीपत के ब्लॉक काबडी और ब्लॉक पानीपत की साध संगत ने तपती गर्मी में राहगीरों को कुछ राहत देने के लिए ठंडे पानी की छबील लगाकर सैकड़ों राहगीरों की प्यास बुझाई गई |जिले के जिम्मेदार सदस्यों ने बताया कि पूज्य संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन प्रेरणा पर चलते हुए डेरा सच्चा सौदा के अनुयाई 163 मानवता भलाई के कार्यों में दिन रात जुटे हुए है |इसी क्रम में ब्लॉक पानीपत की साध संगत ने फतेहपुरी चौक के निकट और ब्लॉक काबडी की साध संगत ने वधावा राम कॉलोनी के परशुराम धर्मशाला के निकट ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों को राहत देने का कार्य किया |85 मेम्बर सदस्य राहुल लूम्बा इन्सां ने बताया कि साध संगत के इस कार्य की राहगीरों ने भी भूरी-भूरी प्रशंसा की। पंकज निवासी राम नगर ने कहा कि ऐसा अनुशासन व सेवा का भाव कही नहीं देखा, जो कूड़े को भी उठाकर डस्टबिन में डालकर, साफ-सफाई की व्यवस्था कर रहे है।

धन्य है ऐसे गुरु जी जिन्होंने इन्हे ऐसी शिक्षा दी है |दीपक वधावा राम कॉलोनी निवासी ने कहा कि मानवता भलाई के ऐसे कार्य करने को डेरा सच्चा सौदा की साध संगत हर समय तैयार और बड़ी उत्सुकता से करती है। इस मौके पर प्रेमी सेवक सुरेंद्र इन्सां,गोपी राम इन्सां, रमेश इन्सां, सतीश इन्सां दीपक इन्सां साई दास मजोका इन्सां प्रेमी सेवक दीपक बधावा राम कॉलोनी, 15 मेंबर किशन इन्सां ,15 मेंबर मोहनलाल, 15 मेंबर फुल इन्सां और समस्त शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स विंग के सेवादार और साध-संगत मौजूद रही ।

### छह फ्रेंचाइजी टीमों के साथ अगस्त में होगी शुरू होगी

**चंडीगढ़/करनाल:** देश का पहला क्रिएटर आधारित क्रिकेट लीग - एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग (ईसीएल) मंगलवार को जाने माने कंटेंट क्रियेटर्स अभिषेक मल्हान, सोनू शर्मा, एल्विश यादव, हर्ष बेनीवाल, मुनव्वर फारुकी, अनुराग द्विवेदी और लीग के संस्थापक अनिल कुमार और हिमांशु चंदनानी की मौजूदगी में लांच हुआ। एल्विश यादव हरियाणा जबकि हर्ष बेनीवाल पंजाब टीम के कप्तान होंगें। लीग में छह टीमें खेलेगी जो कि अगस्त और सितंबर माह में अपना दमखम दिखायेंगें। 250 कंटेंट क्रिएटर्स के विस्तृत पूल में से लीग के लिये 96 क्रिएटर्स का चयन किया जायेगा। इनमें देश विभिन्न सेक्टरों जैसे टेक्नोलॉजी, फाइनेंस, इंफोटेनमेंट, एंटरटेनमेंट, एज्यूकेशन, मोटिवेशनल, ब्लागर्स, गेमिंग, वीलगिंग, फैशन और लाइफस्टाइल के लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर्स शामिल होंगें।

# पशुपालक किसान क्रेडिट कार्ड योजना का उठाएं लाभ: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने किसानों का आह्वान किया कि वे पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूकर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपए तक का ऋण देने का प्रावधान है ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। छोटे किसानों को पशुपालन व अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान अपने पशुओं की देखभाल के लिए होने वाले खर्च हेतु पशुधन किसान

**अपील**

**बिना कोई जमीन गिरवी रखे व बिना किसी गारंटी के कोलैटरल सुरक्षा बनवा सकता है**

क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकता है। कोई भी पशुपालक एक लाख 60 हजार रुपए तक की राशि की लिमिट तक का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बिना कोई जमीन गिरवी रखे व बिना किसी गारंटी के कोलैटरल सुरक्षा बनवा सकता है। यदि कोई पशुपालक इस राशि से अधिक लिमिट का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना चाहता है तो उसे अपनी जमीन या कोई जमानत देना अनिवार्य होगा।

**पशुपालकों को ऋण का केवल 4 प्रतिशत के हिसाब से करना होगा भुगतान -**

उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड धारक को सालाना 7 प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर बैंक द्वारा ऋण दिया जायेगा। यदि कार्डधारक अपने ऋण का समय पर भुगतान करता है तो उसे केंद्र सरकार की तरफ से 3 प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जायेगा तथा उस पशुपालक को यह ऋण केवल 4 प्रतिशत के हिसाब से चुकाना होगा। उन्होंने बताया कि 7 प्रतिशत ब्याज दर के हिसाब से अधिकतम 3 लाख रुपये तक की ऋण राशि पर केंद्र सरकार की ओर से 3 प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जायेगा। कार्डधारक द्वारा ऋण की राशि जरूरत के अनुसार समय-समय पर ली जा सकती है और सुविधा अनुसार जमा करवाई जा सकती है। कार्ड धारक को ऋण राशि निकलवाने या खर्च करने के एक साल की अवधि के अन्दर किसी भी एक दिन लिये गये ऋण की पूरी राशि को जमा करवाना अनिवार्य ताकि साल में एक बार ऋण की मात्रा शून्य हो जाए।

उपायुक्त ने बताया कि यदि किसी पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड धारक द्वारा लिया गया ऋण एक साल की समय अवधि के दौरान वापिस जमा नहीं करवाया जाता है, तो उसे 12 प्रतिशत सालाना ब्याज की दर से ऋण का भुगतान करना होगा।

# आयुष्मान खुराना फिर बने नेक्सस सेलेक्ट मॉल्स के ब्रांड ऐम्बैसेडर

**टीम एक्शन इंडिया**
**अमृतसर: भारत** में 17 मॉल्स का परिचालन करने वाले नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट ने घोषित किया है कि बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना एक बार फिर उनके ब्रांड ऐम्बैसेडर होंगे। आयुष्मान खुराना को उनकी विविधतापूर्ण अभिनय प्रतिभा के लिए जाना जाता है, वह सभी उम्र के लोगों को अपने कौशल से प्रभावित करते हैं और यही खासियत नेक्सस सेलेक्ट मॉल्स में भी है, जिन्हें नएपन एवं विविधता के लिए जाना जाता है। उनका डायनेमिक व्यक्तित्व और ट्रेंड सेटिंग अपील उन्हें नेक्सस सेलेक्ट मॉल्स का एकदम सही प्रतिनिधि बनाते हैं क्योंकि नेक्सस सेलेक्ट मॉल्स बेहतरीन शॉपिंग, खानपान और मनोरंजन का प्रतीक है। नेक्सस सेलेक्ट मॉल्स के साथ पुनः जुड़ने पर आयुष्मान खुराना ने कहा, नेक्सस सेलेक्ट मॉल्स हमेशा से आला दर्जे के रिटेल एवं मनोरंजन प्रदान करने में सबसे आगे रहे हैं और इस सफर में एक बार फिर इनका साथी बन कर मैं बहुत खुश हूं।

नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर निशंक जोशी ने कहा, उनका जीवंत और जुड़ाव महसूस कराने वाला व्यक्तित्व हमारे ब्रांड के सिद्धांतों से पूरी तरह मेल खाता है।

# लापरवाही के कारण हुआ हादसा..

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा :** राकेश पुत्र राज सिंह, गाँव सलीम सर माजरा जिला सोनीपत ने सोनीपत पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि वो मंजीत निवासी सोनीपत न्यूमैक कंपनी के अधीन लाइनमैन बिजली विभाग के अधीन काम करता है। मामला 11 मई साल 2024 का है। उसने बताया कि 11 मई को वह समय करीब 11 से साढ़े 11 बजे के बीच लाइनमैन मंजीत ने फोन कर 8 नंबर ड्रेन पर लाइन ठीक करने के लिए बुलाया। जब वह मौके पर पहुँचा तो मंजीत ने कहा कि तू खंभे पर चढ़ जा, मैने पीछे से लाइन कटवा रखी है। जब मै लाइन ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़ा तो मुझे बहुत जोरदार करंट लगा। और मै नीचे गिर गया। क्योंकि लाइन पीछे से बिजली की लाइन कटी हुई नही थी। उस दौरान जब मै बिजली के खंभे से नीचे गिरा तो मेरी रीड की हड्डी टूट गई और बाई तरफ की पसली भी टूट गई। ये ही नही इसके अलावा मेरा बाई तरफ का पैर व दोनों हाथों की हथेलियां पूरी तरह से जल चुकी थी। और ढंग से मैं बोल भी नही पा रहा था। जिसके बाद मुझे घायल अवस्था मे इलाज के लिए खरखौदा के सरकारी अस्पताल में लिया गया। जहाँ पर प्राथमिक उपचार किया गया।

# सैक्टर -14 वेलफेयर एसो. की हुई वार्षिक बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** सैक्टर -14 वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा बैठक प्रधान सुरेंद्र मदान की अध्यक्षता में आज सेक्टर 14 सामुदायिक केंद्र में स्थित एसोशिएशन के पंजीकृत कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में एसोशिएशन संरक्षक और कार्यकारिणी के सदस्यों तथा आम सभा के सदस्यों ने शिरकत की। बैठक से पूर्व पिछले वित वर्ष के दौरान स्वर्ग सिधार चुके सैक्टर 14 वासियों की दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। एसोशिएशन के सह: सचिव एम एल आहूजा ने मंच का संचालन करते हुए बैठक की शुरूआत राष्ट्र के सम्मान का प्रतीक राष्ट्रगान और ईश्वर स्तुति से की। बैठक के



एजेंडे के अनुसार महासचिव विकास परूथी ने वित्त वर्ष 2023-24 में किए गए कार्यों तथा वित वर्ष 24-25 में प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सेक्टर 14 में सभी नागरिक सुविधाओं को सुचारू रूप से बनाए रखने का आश्वासन दिया और अन्य लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सेक्टर 14 के सभी निवासियों से सहयोग की अपील भी की। तदोपरांत विकास परुथी ने वित्त वर्ष 23-24 की बैलेंस शीट भी सदन पटल पर रखी, जिसका सर्व सम्मति से अनुमोदन कर दिया गया।

# मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत प्लॉटों का ड्रा आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत प्लॉटों का ड्रा 24 जून को दोपहर 12 बजे स्थानीय डॉ. मंगलसैन ऑडिटोरियम में निकाला जाएगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उपायुक्त उत्तम सिंह के अनुसार प्लॉटों के आबंटन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया है। इसमें जिला नगर आयुक्त को चेयरमैन, अतिरिक्त उपायुक्त (उपायुक्त के प्रतिनिधि के रूप में), एसडीएम घरौंडा, एचएसवीपी के संपदा अधिकारी, हाउंसिंग बोर्ड करनाल के एक्सईन, नगर निगम के शहरी सिटी प्रोजैक्ट अधिकारी, बीएचएफए के प्रतिनिधि और जिला परिषद के लेखा अधिकारी को सदस्य मनोनित किया गया है।

# मेरा राजनीति भविष्य भोलेनाथ और भाईचारा तय करेगा: जयहिंद

**जयहिंद** सेना के प्रमुख नवीन जयहिंद ने पहाड़ियों में जयहिंद सेना के कोर कमांडर कैम्प की रविवार को खत्म हो गया। ये वही कोर कमांडर है जिन्होंने प्रदेश के लाखों बुजुर्गो, विधवाओं, व विकलांगों की पेंशन, फैमिली आईडी के लिए व खिलाड़ियों के खेल कोटे के लिए लड़ाई लड़ी थी व दलितों के मकान गिरने से बचाए थे व बेरोजगारों के रोजगार के लिए बेरोजगारों की बारात निकाली थी, हरियाणा पुलिस के कर्मचारियों, गेस्ट टीचर्स, कंप्यूटर टीचर्स, ड्राइंग टीचर्स के हकों की लड़ाई लड़ी है। जयहिंद ने कोर कमांडर कैंप में आए जयहिन्द सेना के सैनिकों की ट्रेनिंग पहाड़ियों पर ट्रैकिंग करा कर शुरू करी और सुबह सायं योगा




करवाया । जयहिन्द सेना कोर कमांडर कैम्प का मुख्य उद्देश्य एक ऐसी टीम तैयार करना है जो अपने अपने क्षेत्र में जो जो समस्याएं हैं उनको प्रशासन के समान उठाएं और अपने एमएलए, एमपी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से समस्याओं के बारे में सवाल पूछ सके व अवगत कराए । जयहिंद ने बताया आज के समय में मुख्य समस्याएं हैं जो कि लोग प्रशासन के सामने अपने मुद्दे व समस्याएं उठाने से डरते हैं इसलिए जयहिंद सेना कोर कमांडर कैम्प का उद्देश्य लोगों के अंदर से यह डर निकालना है ताकि लोग अपने हक की आवाज उठा सके और लोगों पर हो रहे अन्याय के खिलाफ सरकार से लड़ सके। नवीन जयहिंद ने जयहिंद सेना कैंप में आए सैनिकों को बताया की अपने हक की आवाज सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक कैसे आवाज उठाई सकती है उसकी जानकारी दी गयी । और सोशल मीडिया के गुर सिखाए गए। नवीन जयहिंद ने बताया जयहिंद सेना लीडरशिप में आए एक एक सैनिक एक एक हजार के बराबर है । जयहिन्द ने उन महान बलिदानियों को याद करते हुए जयहिन्द सेना के सैनिकों को उनका इतिहास बताया किस तरह महान बलिदानियों ने बिना अपने प्राणों की चिंता कर लोगों के लिए हक की आवाज उठाई और शहीद हो गए, साथ यह निराशा जताते हुए कहा की बलिदानी यह

# नशीले पदार्थ बेचने के मामले में एक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** पुलिस द्वारा 12 से 26 जून तक नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके तहत नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है। सीआईए पुलिस टीम ने गांव बचीनी क्षेत्र से नशीले पदार्थ सहित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान मनोज वासी बुचौली के रूप में हुई। आरोपित के पास से करीब 6.09 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपित के खिलाफ थाना सदर में मामला दर्ज किया गया और नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि सीआईए टीम गस्त के दौरान बस अड्डा नांगल हरनाथ पर मौजूद थी, उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि मनोज वासी बुचौली स्मैक बेचने का काम करता है, जो आज गांव बचीनी क्षेत्र में खेत में बने कोटडे के बाहर स्मैक लिए हुए किसी के इंतजार मे बैठा है। अगर तुरंत रेड की जाए तो मौका पर स्मैक सहित काबू आ सकता है। सूचना पर रैडिंग पार्टी तैयार कर बताए हुए स्थान पर रेड की गई, जहां पर एक नौजवान लड़का कोटडे के सामने बैठा दिखाई दिया। जिसको काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मनोज बताया।

# नारीशक्ति सम्मान एवं छात्र प्रोत्साहन समारोह किया गया आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में मानव मित्र मंडल द्वारा मंडल के संस्थापक प्रो. राम रतन शर्मा के मार्गदर्शन में नारी शक्ति सम्मान एवं छात्र प्रोत्साहन समारोह श्री सत्य साईं मंदिर, सेक्टर-7 के पावन परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो० विवेक शर्मा, अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, कुरुक्षेत्र एवं कार्यक्रम अध्यक्षा एडवोकेट मंजू वर्मा, महिला एग्जीक्यूटिव जिला बार एसोसियशन, कुरुक्षेत्र तथा मानव मित्र मण्डल के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा महारानी लक्ष्मी बाई के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया |इस अवसर पर मानव




मित्र मंडल कुरुक्षेत्र की ओर से समाजसेवी नारीशक्ति नीशू गुप्ता, मुकेश देवी, संतोष रानी, ममता शर्मा, विजय, सुमन सांगवान, उषा शर्मा, सुषमा वर्मा, उषा किरण ग्रोवर, अंजना कुमारी, एवं सीमा देवी आदि को नारीशक्ति सम्मान एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मण्डल के विशेष सहयोगी कमल शर्मा एवं नमित को विशेष सम्मान देकर अलंकृत किया गया। साथ ही सरकारी विद्यालयों के 28 मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया |कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रो० विवेक शर्मा, अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, कुरुक्षेत्र ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होना चाहिए। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज महिलाएं अत्याचार एवं शोषण का शिकार हो रही है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं को जागरुक करते हैं और उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा करते हैं। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का अद्भुत शौर्य एवं पराक्रम पूरी दुनिया की मातृशक्ति के लिए गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है |कार्यक्रम में मण्डल के वरिष्ठ सदस्य सतपाल कल्याण, रमेश कौशिक, देवेन्द्र शर्मा, वीरभान शर्मा, भारतेन्दु हरीश, प्रवीण कुमार, नरेश सैनी, विनोद भुक्कल, निकुंज, एडवोकेट अंकित गुप्ता, राकेश शर्मा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। तेजपाल, नसीब, नमित, तमन्ना, समीक्षा, वंशिका, राजकुमार, सुनील राम, अशोक एवं पुनीत आदि ने कार्यक्रम की व्यवस्था बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

# चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार- सीआईए-2

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में 22 जून 2024 को सीआईए-2 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी संन्दीप कुमार निवासी कच्चा बाजार अम्बाला छावनी व दीपक उर्फ लाला निवासी बीच की





डिग्गी अम्बाला छावनी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 1 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया । इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री सचिन कुमार निवासी कच्चा बाजार छप्पर बंद मोहल्ला अम्बाला छावनी ने 19 जून 2024 को थाना अम्बाला छावनी में शिकायत दर्ज करवाई थी।

# नरेलाः सालों बाद भी नहीं बना बाईपास रोड़, लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः नरेला में बढ़ती** आबादी के कारण यातायात के दबाव को देखते हुए वर्षों पूर्व मास्टर प्लान में बाईपास रोड़ बनाने की जरूरत बताई गई थी। जिससे नरेला में बढ़ते यातायात के बोझ को कम किया जा सके।

मास्टर प्लान में जिस बाईपास रोड़ का उल्लेख किया गया है वह एनएच 44 पर सिंघु बॉर्डर रोड़ को प्याऊ मनियारी, सबोली रोड, सफियाबाद रोड, लामपुर और बवाना रोड को आपस में जोड़ देगा। जिससे गाड़ियां नरेला में एंट्री किए बिना सीधे निकल जाएगी। और नरेला में जाम नहीं लगेगा। मगर वर्षों बीत जाने के बाद भी इस पर काम शुरू नहीं हो पाया है। जिससे नरेला व आसपास के लोगों





में खासा रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि नरेला में समय बीतने के साथ-साथ आबादी का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां नरेला अनाज मंडी, औद्योगिक एरिया, एफसीआई गोदाम, सब्जी मंडी, नरेला मार्केट, रेलवे स्टेशन होने की वजह से कमर्शियल गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है जिसके कारण आए दिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। पीक अवर्स में लोग कई घंटे जाम में फंसे रहते हैं, मिंटो का सफर तय करने में घंटों लग जाते हैं। कई बार इस जाम की वजह से एंबुलेंस भी फंस जाती हैं और मरीज समय पर अस्पताल भी नहीं पहुंच पाते। इस संबंध में कई बार स्थानीय लोग जनप्रतिनिधियों, संबंधित विभाग के अधिकारियों से बाईपास रोड़ बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने के अलावा आंदोलन भी चला चुके हैं, लेकिन इस पर आज तक कोई अमल नहीं हो सका। मैन बाजार मार्केट एसोसिएशन के महासचिव मनोज बंसल ने बताया कि नरेला इलाके में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए साल 2001 के मास्टर प्लान में नरेला में बाईपास रोड बनाने की जरूरत बताई गई थी। लेकिन समय बीतने के साथ योजना ठंडे बस्ते में चली गई। फेडरेशन आफ नरेला के अध्यक्ष जोगिंदर दहिया ने बताया कि नरेला में बाईपास रोड़ बनाने की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। लेकिन हर बार कार्यवाही के नाम पर आश्वासन ही मिलता है। आज तक इस पर काम नहीं शुरू हो पाया है। लोगों की मांग है कि मास्टर प्लान में शामिल बाईपास रोड़ को जल्द बनाया जाए। ताकि नरेला में लगने वाले भीषण जाम से लोगों को मुक्ति मिल सके।

## समाज के हितों के लिए हमेशा संघर्ष करता रहूगांः परमजीत सिंह पम्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बिजली कंपनियां व प्राइवेट स्कूलों की मनमानी को लेकर नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व एंग्री मैन परमजीत सिंह पम्मा सड़कों पर उतरकर इनका विरोध प्रदर्शन करेंगे। परमजीत सिंह पम्मा अपने संघर्ष के 30 वर्ष होने पर एक प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पम्मा के किए गए 30 वर्षों के कार्य के ऊपर एक गाने का पोस्टर भी रिलीज किया गया। जिस गाने को मशहूर युवा गायक रोहन ने गया है और इसे प्रसिद्ध लेखक बलविंदर सिंह सोढ़ी ने



लिखा है इस गाने के बोल है खरी खरी बातों से पम्मा कभी डरता नहीं। इस अवसर पर गायक रोहन, प्रसिद्ध लेखक बलविंदर सिंह सोढ़ी, मशहूर सिंगर सुरेखा रॉबिन, नेशनल अकाली दल दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष कुलदीप सिंह मारवाह, युवा नेता विक्रांत, गुरसिमरन कौर को सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## जहांगीरपुरी रोड़ पर गंदगी से लोग परेशानः राघव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः राजधानी दिल्ली** में कई मेन रोड़ो पर सफाई न होने की वजह से वहां से गुजरने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, लेकिन प्रशासन इन समस्याओं पर ध्यान नहीं देता है। कुछ ऐसा ही मामला जहांगीरपुरी मेन रोड़ जो कि ए ब्लॉक के पास का है, जहां पर ए ब्लॉक चौक के पास ही गंदगी का मौहाल है, चौक पर ही कूड़े का ढ़ेर देखा जा सकता है, जहां पर आवारा पशुओं का भी जमावड़ा है। इस समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए समाजसेवी भारत सिंह राघव ने कहा कि जहांगीरपुरी मेन रोड़ ए ब्लॉक के पास कूड़े का ढ़ेर होना कई बिमारियों को दावत दे रहा है, यहां से बहुताय की संख्या





में लोग निकलते है और गंदगी होने की वजह से उन्हें मुंह पर रूमाल रखकर ही निकलना पड़ता है। भारत सिंह राघव ने बताया कि प्रशासन को समस्या पर ध्यान देना चाहिए, ताकि यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि यहां पर जो आवारा पशु है, वह किसके है, इस पर संबंधित विभाग को करवाई करनी चाहिए। जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े। मनोज कुमार ने बताया कि मैं इस रोड़ से रोज ऑफिस के लिए निकलता हूं, रोड़ पर गंदगी इतनी ज्यादा होती है कि यहां से निकलना बड़ा ही मुश्किल हो जाता है, उस पर आवारा पशुओं का यहां पर जमावड़ा होना भी एक समस्या बन चुका है।

# जहांगीरपुरी वार्ड की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने लोगों में बांटे डस्टबिन

**टीम एक्शन इंडिया**
**वार्ड में साफ-सफाई रहे,** इसको ध्यान में रखते हुए निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के द्वारा लोगों को डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है, जिससे की लोग कूड़ा केवल कूड़ेदान में ही डाले और क्षेत्र में गंदगी का न हो।

आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा भलस्वा डेरी दुर्गा चौक, गुर्जर चौक, शनि बाजार मोड़ तक सभी दुकानों एवं रेहड़ी पटरी वालो को डस्टबिन वितरित किये गए और





सभी दुकानदारों एवं रेहड़ी-पटरी वालो से अपील भी की गई कि अपने आस-पास सफाई रखे एवं कूड़ा केवल कूड़ेदान में ही डाले। उन्होंने आगे बताया कि निगम पार्षद टिम्सी शर्मा क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह निगम पार्षद कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। उन्होंने आगे बताया कि मैं खुद समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की समस्याओं को सुन, उनकी समस्या का उचित समाधान कर रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।

आप नेता सुरेश शर्मा ने क्षेत्र की की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये।

आप नेता सुरेश शर्मा ने यह भी कहा कि निगम के कर्मचारियों के द्वारा कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव किया जा रहा है साथ ही कई प्रकार के अभियान भी चलाये जा रहे है।

## अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर की बैठक हुई आयोजित





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** छतरपुर में अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। जहां संगठन से जुड़े हुए देश भर के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यकारिणी बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। जिसमें मुख्यत समाज को आगे बढ़ना समाज के द्वारा किये जा रहे शादी में अत्यधिक व अनावश्यक खर्च पर कंट्रोल और समाज के बच्चों को पढ़ाई में किस तरह से सहयोग करना, इन जैसे तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक यादव, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र कुमार यादव (पूर्व न्यायधीश), राष्ट्रीय महासचिव रामबालक सिंह यादव, राष्ट्रीय सचिव हरि नारायण यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं प्रवक्ता अनिल कुमार यादव सहित कई प्रदेशों के अध्यक्ष व राष्ट्रीय पदाधिकारी उपस्थित हुये। कार्यक्रम का आयोजन महासभा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह यादव ने किया। ज्ञात हो की करण सिंह यादव सामाजिक व राजनीतिक रूप से काफी पुराने व धैर्यवान व्यक्ति है जो हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं।

## संगठन ने वीर जवानों के लिए रक्षा सूत्र अभियान की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** गंगा विहार स्थित प्रतिष्ठा युवा संगठन के तत्वाधान में रक्षा की डोर सरहद पर वीर भाइयों की ओर के अंतर्गत भारत के वीर जवानों के लिए 8वें रक्षा सूत्र अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में प्रतिष्ठा युवा संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित कुमार भारतीय, जिला महासचिव रितु, केआर चौधरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए मोहित कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम 7 वर्षो से देश की सुरक्षा की कमान संभालने वाले हमारे



देश के वीर जवानों के लिये किया जाता हैं, जिसका उद्देश्य युवाओं व बच्चों में भारत के वीरों के प्रति सम्मान व देश भक्ति का जज्बा जाग्रत करना है, इसलिए बच्चों, युवाओं व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा राखी बनाई व इक्कठा की जाती हैं जो सुरक्षा में तैनात जवानों के लिए रवाना की जा जाती है।

# वजीरपुर में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 322 लोगों ने करवाई जांच








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर जहां पर भी लगता है, वहां के लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं उनके घर के समीप ही निःशुल्क उपलब्ध हो जाती है, इसलिए सभी को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करना चाहिए। उक्त बातें वजीरपुर के समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी ने कही। आपको बातदें कि वजीरपुर जेजे कॉलोनी में वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी एवं इस्कॉन हेल्थ सॉल्यूशन के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, पूर्व निगम पार्षद विकास गोयल, समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर जानकारी देते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी एवं समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी ने बताया कि इस शिविर में दांतों की जांच, आंख की जांच, त्वचा, डाइट प्लान, ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच व महिला संबंधी रोगों की जांच सहित कई प्रकार की जांच की गई और साथ ही दवाईयां और चश्मे भी निःशुल्क दिये गये। इस शिविर में आये हुए लोगों के स्वास्थ्य की जांच अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा की गई। साथ ही आंखों की जांच डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल दरियागंज की शाखा के द्वारा की गई। समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी ने बताया कि शिविर में लगभग 322 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

# ये पांच प्रोजेक्ट बेहद खूबरसूतर बना देंगे 'मथुरा की सूरत'

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** कान्हा की नगरी को पांच नये प्रोजेक्ट की सौगात मिलने जा रही है। ये प्रोजेक्ट मथुरा की खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे। इसके तहत 37 करोड़ से राया इंटरजेंच पर भगवान श्रीकृष्ण की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। वहीं 49 करोड से यमुना का रिवर फ्रंट डवलप किया जाएगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद अब पांच और नई परियोजनाओं पर काम करने जा रही है। इस में ब्रज में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं को धार्मिक क्षेत्र की अदभुत अनुभूति करना भी शामिल है। इन। परियोजनाओं का प्रजेंटेशन सांसद हेमा



मालिनी के समक्ष किया गया। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र की मौजूदगी में आयोजित बैठक में सांसद हेमा मालिनी ने अब तक परिषद द्वारा तैयार की गई विभिन्न योजनाओं के प्रेजेंटेशन को देखा। इसमें वृंदावन का अन्नपूर्णा भवन, बरसाना का राधारानी जलपान गृह, वृंदावन टीएफसी, श्रीकृष्ण जन्म स्थान, बरसाना का राधारानी मंदिर, नंदगांव मंदिर, कुसुम सरोवर, रसखान समाधि स्थल, यमुना पुल की फसाड लाइटिंग और लाइट एंड साउंड शो शामिल रहीं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने क्रियान्वित योजना की जानकारी दी। उन्होंने सांसद हेमामालिनी को बताया कि पांच बड़ी परियोजनाओं की स्वीकृति का इंतजार है, जल्द ही इनके स्वीकृत होने की संभावना है। मंदिरों में फसाड लाइटिंग, लाइट एंड साउंड शो, प्रवेश द्वार निर्माण, गोकुल में वासुदेव वाटिका,। कुंडों का पुनर्निर्माण, सांस्कृतिक एंड धार्मिक स्थलों का विकास, विभिन्न स्थलों पर पर्यटन सुविधा टीएफसी, जनसुविधा, ऑडिटोरियम सहित बरसाना रोपवे और वृंदावन का प्रस्तावित रोपवे की भी जानकारी दी। रोपवे का निर्माण अंतिम चरण में है। इसके जल्द पूरा होने की संभावना है। इसका ट्रायल हो रहा है। इसके बाद अब वृंदावन रोपवे का भी प्रस्ताव है, जिसकी प्रक्रिया प्रगति पर है। बैठक में सांसद हेमा मालिनी ने उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कार्यों के साथ अधिकारियों की प्रशंसा की। बैठक में जिलाधिकारी शैलेंद्र, एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, नगर आयुक्त शशांक चौधरी, मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी सहित पीडब्ल्यूडी, विद्युत, जल निगम सहित विभिन्न निर्माण एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मथुरा में मूर्ति रूप ले रहा ड्रीम गर्ल का ड्रीम प्रोजेक्ट पाञ्चजन्य

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** डेंपियर नगर में विकसित किया जा रहा पाञ्चजन्य ऑडिटोरियम का सांसद हेमा मालिनी ने निरीक्षण किया। पाञ्चजन्य ऑडिटोरियम ड्रीम गर्ल का ड्रीम प्रोजेक्ट है। निरीक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र एवं सीईओ श्याम बहादुर सिंह को मंच सज्जा को लेकर कुछ जरूरी सुझाव भी दिये। डेंपियर नगर स्थित पाञ्चजन्य ऑडिटोरियम को लेकर सांसद बेहद गंभीर हैं। ऑडिटोरियम का पुनर्निर्माण सांसद हेमा मालिनी की पहल पर ही किया जा रहा है। ब्रज तीर्थ विकास परिषद को इस निर्माण के लिए सांसद हेमा मालिनी द्वारा मंचीय निर्माण के लिए तकनीकी मदद भी कराई है। सांसद के ड्रीम प्रोजेक्ट में यहां ब्रज नृत्य



अकादमी स्थापित करना भी शामिल है। उन्होंने कहा था कि उनका सपना है कि वह मथुरा में नृत्य अकादमी स्थापित कराएंगी। ताकि बच्चियों को नृत्य की विभिन्न कलाएं सिखाई जा सकें। ब्रज की नृत्य कला को बढ़ावा दिया जा सके। रविवार को पाञ्चजन्य ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। इस दौरान हेमा मालिनी को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने पाञ्चजन्य ऑडिटोरियम को लेकर तकनीकी जानकारी दी। यहां की व्यवस्थाएं बताई। इस पर सांसद ने मंच सज्जा एवं मंच व्यवस्था में सुधार सहित कुछ दिवंगत कालजयी कलाकारों के पोट्रेट लगाने का भी सुझाव दिया।

इस मौके पर मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सहस्त्रों धाराओं एवं जड़ी बूटी से निर्मित जल से भगवान जगन्नाथ ने किया स्नान



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** वृंदावन परिक्रमा मार्ग स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में प्रभु को ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए शनिवार को एकादश फल और 108 घड़ों के जल से स्नान कराया गया। मंदिर सेवायत स्वामी ज्ञानप्रकाश महाराज ने बताया कि जेठ की भीषण तपिश झेलने के कारण भगवान को ठंडक प्रदान करने के लिए ज्येष्ठ पूर्णिमा को जलयात्रा सेवा का आयोजन होता है। इसमें विधिविधान से भगवान जगन्नाथ को सहस्र धारा स्नान कराया जाता है। जिससे प्रभु को गर्मी से राहत मिल सके। मान्यता है कि स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ को बुखार चढ़ जाता है और प्रभु अस्वस्थ हो जाते हैं। ज्ञानप्रकाश महाराज ने बताया कि भगवान को स्वस्थ करने के लिए परंपरानुसार उनका जड़ी-बूटी, औषधि और गर्म पदार्थों के सेवन आदि से इलाज किया जाता है। तब कहीं जाकर भगवान 15 दिन पश्चात भक्तों को दर्शन देते हैं। इस वर्ष 7 जुलाई रविवार को ठाकुर जी की भव्य रथ यात्रा निकलेगी।

### ढाबे के बाहर सो रहे वृद्ध को वाहन ने रौदा

**मथुरा।** राया मथुरा मार्ग स्थित चौधरी ढाबा पर अज्ञात वाहन ने व्यक्ति को रौंद दिया। मृतक चौधरी ढाबे पर काम करने वाले प्रेम पाल शर्मा (50) वर्षीय निवासी पिथैर थाना इगलास मृतक चारपाई पर बाहर सो रहा था। अज्ञात वाहन ने चारपाई पर सोते कर्मचारी को कुचला दिया। सुबह ढावे पर काम कर रहे कर्मचारियों के जागने पर जानकारी हुई। होटल पर कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया है।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मथुरा।** नौहझील क्षेत्र के गांव पारसोली में एक युवक का घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका शव मिला। घर के अंदर युवक का शव मिलने की सूचना पर गांव में कौतूहल मच गया। ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। इस की सूचना पुलिस को दे दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत को संदिग्ध माना जा रहा है। घटना शनिवार रात की है। प्रभारी निरीक्षक थाना नौहझील शैलेश कुमार सिंह के मुताबिक पारसोली निवासी योगश ने गृह क्लेश के चलते घर में फांसी लगा ली। परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी नौहझील ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### बाइक पर आए बदमाशों ने बस स्टैंड के पीछे बने आफिस के बाहर खडी कार पर की फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** रविवार को बस स्टैंड के पीछे ऑफिस के बाहर खड़ी वरना कार पर बाइक सवार दो बदमाशों ने 5 राउंड फायर किए। गोलियों की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग बाहर आए तो दोनों नकाबपोश बदमाश फरार हो गए। सूचना मिलते ही डीएसपी सहित पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जाणी निवासी अमनदीप ने बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है और करनाल में ही उसका ऑफिस है। दोपहर को वह एसी ठीक करवाने के लिए करनाल आया था। जब वह बस स्टैंड के पीछे ऑफिस के बाहर अपनी गाड़ी को खड़ा करके अंदर दुकान पर गया तो तभी बाहर गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। जब बाहर आकर देखा तो स्पलेंडर बाइक पर सवार दो बदमाश गाड़ी पर करीब 5 राउंड फायर करके भाग रहे थे। अमनदीप ने बताया कि उसके पास पिछले 3 माह में 2 बार विदेश के मोबाइल नंबर से धमकी आई है। दोनों बार आरोपी ने कहा कि वह गोल्डी बराड़ का छोटा भाई बोल रहा है।

## तस्करीः 36 बोरों में 1751 किलो अवैध भांग पकडी

**मथुरा।** पुलिस ने मथुरा भांग तस्करी में लगे अंतर्जनपदीय गैंग के चार तस्कर पकड़े हैं। मथुरा में भांग की खपत ठीक ठाक है। दो पिक अप गाड़ियों में भांग को लादकर ले जाया जा रहा है। दोनों पिकअप गाड़ियों को पुलिस ने जब्त किया है। इनके कब्जे से तस्करी कर ले जाए जा रहे भांग से भरे 36 बोरे बरामद किये गये हैं। बोरो में 1751 किलो भांग बरामद हुई है। दौलतपुर रोड वृहद ग्राम छिनपारई थाना क्षेत्र नौहझील से भरत पुत्र रामस्वरूप निवासी बीएसए रोड ज्योति नगर थाना कोतवाली मथुरा, कन्हैया उर्फ कलुआ पुत्र कल्लो निवासी सेई थाना शेरगढ़ मथुरा, हर्ष पुत्र संजय सिंह निवासी राधिका विहार फेस टू थाना हाईवे मथुरा तथा देविन्द्र पुत्र

## ब्रह्माकुमारीज कर रही है सांस्कृतिक मूल्यों को फैलाने का सराहनीय कार्य - भूपेंद्र

**गुरुग्राम**

ब्रह्माकुमारीज संस्था विश्व में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को फैलाने का सराहनीय कार्य कर रही है। उक्त विचार भारत सरकार के केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री, भूपेंद्र यादव ने व्यक्त किए। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में ये बात कही। वैश्विक प्रेम-शांति-सद्भावना अभियान का राज्यस्तरीय शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनें विश्व के हर कोने में प्रेम-शांति-सद्भावना की प्रेरणा दे रही हैं। माननीय मंत्री जी ने कहा कि शांति वास्तव में मन को दुखों से निवृत करने का नाम है। शांति अंतर से आती है, बाहर से नहीं। नैतिक मूल्यों के अनुपालन से ही सच्ची शांति आती है। परनिंदा, हिंसा, लोभ



एवं स्वार्थ के त्याग से ही शांति की अनुभूति होती है। माननीय मंत्री जी ने कहा कि प्रेम-शांति-सद्भावना के भावों को कला एवं संस्कृति के माध्यम से सहजता से जगाया जा सकता है। ब्रह्माकुमारीज संस्था ये कार्य बखूबी कर रही है।

करनाल से निफा के अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू ने कहा कि शांति की शुरूआत मन से होती है। उन्होंने कहा कि शांति का अनुभव करने के लिए अहंकार और व्यर्थ की इच्छाओं को समाप्त करने की जरूरत है। पन्नू ने कहा कि निफा के सदस्य ब्रह्माकुमारीज संस्था के साथ मिलकर सहयोग के लिए तैयार हैं। ताकि बेहतर ढंग से मूल्यों के प्रति समाज के हर व्यक्ति को जागृत किया जाए। संस्था के कला एवं संस्कृति प्रभाग की अध्यक्षा राजयोगिनी बीके चंद्रिका दीदी ने अभियान की जानकारी दी। उन्होंने कहा की अभियान की शुरूआत अलग-अलग राज्य स्तर पर हो रही है। इसका प्रमुख उद्देश्य मानव को उसकी मूल संस्कृति प्रेम, शांति और सद्भावना का अहसास कराना है। 18 फरवरी 2024 को सबसे पहले गुजरात से माननीय राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा अभियान की शुरूआत की गई। ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने अपने प्रेरदाई संबोधन में कहा कि प्रेम प्रकृति, आत्मा और परमात्मा की वो भाषा है जो इनके बीच में बेहतर सामंजस्य स्थापित करती है। प्रेम का अर्थ है देना। जितना हम देने का लक्ष्य रखते हैं, उतना संबंधों में मधुरता बनी रहती है। एक-दूसरे को स्वीकार करने से ही सम्मान की भावना बनी रहती है। एक-दूसरे के प्रति शुभ भावना रखना ही सद्भावना है। बीके सुनैना ने राजयोग के अभ्यास द्वारा शांति की अनुभूति कराई। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज द्वारा एक गीत की भी लॉन्चिंग की गई। जिसे बीके चांद बजाज ने गाया। कार्यक्रम में संस्था के कला एवं संस्कृति प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका बीके प्रेम एवं बीके पूनम ने भी अपने विचार रखे। बीके भावना ने अपने शब्दों के द्वारा सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा नैतिक मूल्यों पर आधारित सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से प्रेम-शांति-सद्भावना को प्रदर्शित किया गया।

## सेवा की इच्छाशक्ति और प्रेरणा देते हैं मुखर्जी के विचारः घनश्याम लोधी

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी ने बलिदान दिवस के अवसर पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार को जिला भाजपा कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। जिसमें कार्यकताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा कि संसार में ऐसे कम लोग हैं जिन्होंने जीवन के केवल 52 साल के अंतिम 14 साल राजनीति में बिताए हों और इसी अल्पावधि में वे महानतम ऊंचाई को छूकर इतिहास में अमर हो गए हों। ऐसे ही थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी। देश की एकता को लेकर उन्होंने एक देश,



एक निशान, एक विधान का नारा दिया था। उन्होंने कहा कि उनके विचार और लोगों के प्रति उनके सेवा की इच्छाशक्ति हमें प्रेरणा देती रहेंगी, राष्ट्र की एकता के लिए उनके द्वारा किये गए प्रयासों को भुलाया नहीं जाएगा। डॉ मुखर्जी ने देश की अस्मिता व अखंडता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देश को दूसरी बार विभाजित होने से बचाया। मीडिया प्रभारी दीपांकर भाटिया ने बताया कि महानगर के सभी बूथों पर कार्यकताओं द्वारा सभा आयोजित कर डॉ मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी गयी।

## हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**मथुरा।** नरहौली चौराहे के समीप मोपेड पर सवार दो को व्यक्तियों को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने जानकारी परिजनों को सूचना दी। सभी परिजन थाने पहुंच गए। शव देखते ही उनमें कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार इलियास और बबलू कबाड़े का काम किया करते थे। मोपेड पर सवार होकर रिफाइनरी से घर की तरफ आ रहे थे। रविवार सुबह नरहौली चौराहा के पास गोभी से भरे ट्रक ने मोपेड सवार दो लोगों को टक्कर मार दी।

## बेटी के पूर्व पति ने कुल्हाड़ी से की ससुर की हत्या



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गांव नगला मेघा के पास मेरठ रोड पर एक व्यक्ति की कुल्हाड़ी मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप मृतक की बेटी के पूर्व पति पर लगा है। बताया जा रहा है कि मृतक की बेटी ने किसी और से शादी कर ली थी। घटना के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक 55 वर्षीय रघुबीर सिंह नगला मेघा के रहने वाले थे। वह देर रात करीब 12 बजे साइकिल से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान हरियाणा-यूपी बॉर्डर के पास मेरठ रोड पर कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर उनकी हत्या कर दी गई। आरोपी कुल्हाड़ी को पास की झाडि?ों में फेंक कर फरार हो गया। मृतक की साइकिल भी मौके से बरामद कर ली गई है। लोगों ने शव को हाईवे पर पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद डीएसपी नायब सिंह, सीआइए और एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की पुत्रवधु देवी ने आरोप लगाया है कि उनका पूर्व दामाद सुनील घर पर आया था और उसकी बाइक में कुल्हाड़ी थी। उसने पूछा था कि रघुबीर सिंह कहां है। मैंने कहा था कि वह घर पर नहीं हैं, खेत की तरफ गए हुए हैं। उसके बाद आरोपी वहां से चला गया था। हमें देर रात रघुबीर सिंह की मौत की सूचना मिली। देवी ने कहा कि मेरी ननद की शादी करीब 5 साल पहले कुरूक्षेत्र के पिपली निवासी सुनील के साथ हुई थी। शादी के बाद उसके 2 बच्चे हुए। करीब 5 माह पहले उसकी ननद ने किसी दूसरे व्यक्ति के साथ शादी कर ली। दोनों बच्चे भी वह अपने साथ लेकर चली गई थी। इसके चलते सुनील उससे रंजिश रखे हुए था। उन दोनों का तलाक भी हो चुका है। पहले भी कई बार सुनील ने उसे व उसके परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दी है। इसी के चलते आरोपी ने हत्या की है।

फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मौके पर पहुंचे डीएसपी नायब सिंह ने बताया कि हरियाणा-यूपी बॉर्डर के नजदीक रघुबीर सिंह की हत्या हुई है। कुल्हाड़ी से सिर पर वार किया गया है। कुल्हाड़ी बरामद कर ली गई है। परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं।

## निर्णायक आंदोलन की रणनीति बना रहा धनगर समाज

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** लम्बे समय से आंदोलित धनगर समाज अब उग्र आंदोलन की रणनीति तैयार कर रहा है। जिला मुख्यालय स्थित धरना स्थल पर धनगर समाज विकास समिति के अध्यक्ष सतीश धनगर ने कहा कि अपने संवैधानिक अधिकारों की मांग को लेकर 25 अक्टूबर 23 से मथुरा का धनगर समाज रात दिन धरना दे रहा है। समय समय पर अपनी शक्ति का प्रदर्शन भी कर रहा है परंतु प्रशासनिक अधिकारी धनगर समाज के शक्ति प्रदर्शन को नजर अंदाज करते हुए अधिकारी अपनी तानाशाही का खुलेआम प्रदर्शन कर रहे हैं। अब तो तानाशाही की सारी हदों को पार करते हुए धनगरों का उत्पीड़न भी



शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब हमारा धैर्य जवाब दे गया है और आंदोलन को उग्र करने के लिए जल्द ही रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में धनगर समाज विकास समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश धनगर, बलवीर प्रधान, रणवीर सिंह धनगर, बिन्ना प्रधान, नरेंद्र सिंह धनगर, इंजी. रूपेश धनगर, इंजी. मेदाराम धनगर, राधेलाल धनगर, यादराम धनगर, कल्याण सिंह धनगर, जवाहरलाल धनगर, रघुवीर प्रसाद धनगर, कैलाश ठेकेदार, इंजी. डीसी वर्मा, बनवारी लाल धनगर, डॉ. लाखन सिंह धनगर, रतन धनगर, जय सिंह, शैलेंद्र कुमार, विवेक धनगर, हरि सिंह बीडीसी आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। धरना स्थल पर बैठक का संचालन सोमवीर धनगर ने किया।

## ठाकुरदास भार्गव स्कूल में 108 कुंडीय विशाल यज्ञ का कार्यक्रम संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः** पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट हिसार द्वारा ठाकुरदास भार्गव सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजगढ़ रोड हिसार में आयोजित 108 कुंडीय विशाल यज्ञ का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

जिला वेद प्रचार मंडल हिसार के प्रधान व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकुमार आर्य ने योग साधकों से अपील करते हुए कहा कि योग, आयुर्वेद, स्वदेशी व यज्ञ से सुबह की शुरूआत करनी चाहिए। आज वैदिक भारतीय अभिवादन नमस्ते का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। भारत स्वाभिमान हरियाणा के राज्य प्रभारी ईश कुमार आर्य ने कहा कि हम सूर्योदय से पहले उठकर जीवन से आदि बीमारियों को दूर कर सकते हैं। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन पूरे विश्व में



धूमधाम से मनाया गया है। जीवन में सदैव उत्साहित व प्रसन्न रहने से सफलता के नए मार्ग खुलते हैं इसलिए योग कार्यक्रम में हास्य योग का बड़ा महत्व रहता है। योग मन और शरीर में संतुलन स्थापित करता है। योग को केवल कसरत न समझकर अपनी दिनचर्या बनाएं तो शरीर को निरोगी रखा जा सकता है। पतंजलि योग समिति हिसार के जिला प्रभारी वीरेंद्र बडाला ने ओम के उच्चारण, गायत्री महामंत्र की महिमा, स्वाध्याय चिंतन, अनुलोम विलोम, प्राणायाम व अग्निसार क्रिया पर व्याख्यान दिया। भारत स्वाभिमान हिसार के जिला प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार ने देश भक्ति गीतों व संस्कृत मंत्रों के हिंदी अनुवाद से 108 कुंडीय विशाल यज्ञ के कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया। विदित हो कि 10 जून से 25 जून तक ठाकुरदास भार्गव सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पतंजलि योग समिति द्वारा सह योग प्रशिक्षण शिविर संचालित किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन सुबह 5 से 7 बजे तक शहर के सैकड़ो योग साधक स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राम कुमार आर्य प्रधान जिला वेद प्रचार मंडल हिसार, ईश कुमार आर्य राज्य प्रभारी भारत स्वाभिमान हरियाणा, डॉ. मुकेश कुमार जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान हिसार, वीरेंद्र बडाला जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति हिसार, ठाकुरदास भार्गव सीनियर सेकेंडरी स्कूल कमेटी के सचिव जगदीप भार्गव, डॉ. हिमानी, प्रतिभा, यज्ञ प्रभारी विनय मल्होत्रा, मंत्री महिला स्त्री आर्य समाज श्रीमती सीमा मल्होत्रा, जिला कार्यालय प्रभारी नरेंद्र वशिष्ठ, सतबीर आजाद नगर, अजीत शर्मा, संजीव शर्मा, कविता शर्मा, राजवीर मास्टर, जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार, बनी सिंह जांगड़ा, आर्य संजय सहारन, सुनीता सहारन, मीना सिहाग, मुनीराम आर्य, शकुंतला आर्य, शशि आर्य, निखिल आर्य, डॉ. सीमा शर्मा, राजू नायक, रविकांत शर्मा, श्याम सुंदर, संदीप कुमार, संदीप सावंत, डॉ. सत्या सावंत, कृष्णा निरंकारी, घनश्याम निरंकारी , रितु , डॉ. देवेंद्र, डॉ. संजय चौहान, डॉ. रमेश कुमार, मांगेराम, दर्शना देवी, वंशिका, नरेंद्र, विवेक कलिंगा , अयाना, जिज्ञासा, सुनीता कलिंगा, पवन शर्मा, राजेश कुमार, राजेश अरोड़ा, जोगिंदर दलाल, सुमन दलाल, राजकंवर राजथल, पूजा वर्मा, सुनील सोनी, तारा जी, सुमन युवान, रामबिलास,केशव, लक्ष्मी अग्रवाल, सत्य नारायण शर्मा, डॉ. किशोर , ईश्वर , प्रिंसिपल रमेश कुमार आर्य, वरिष्ठ योग साधक 93 वर्षीय अर्जुन सिंह मौजूद रहे।

## नंद महोत्सव को राजकीय मेला किया जाए घोषित

**मथुरा।** गोकुल के नंद महोत्सव को राजकीय मेला घोषित कराने के प्रयास जारी हैं। अब गोकुल चेयरमैन ने पहल की है। गोकुल नगर पंचायत के अध्यक्ष संजय दीक्षित ने मथुरा की सांसद हेमा मालिनी को एक पत्र इसके लिए दिया है। पत्र में संजय दीक्षित ने मांग की है कि कृष्ण जन्माष्टमी के बाद में गोकुल का नंद उत्सव बहुत ही विख्यात उत्सव है। इस नंद उत्सव में देश विदेश से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है और लाखों तीर्थयात्रीओं का आवागमन होता है। गोकुल नगर पंचायत एक छोटी नगर पंचायत है और वह तीर्थ

**मांग**

**पत्र में संजय दीक्षित ने मांग की है कि कृष्ण जन्माष्टमी के बाद में गोकुल का नंद उत्सव बहुत ही विख्यात उत्सव है, इस नंद उत्सव में देश विदेश से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है**

यात्रियों की श्रद्धालुओं की व्यवस्थाएं करने में फंड न होने के कारण व्यवस्थाएं नहीं कर पाती है इसलिए नंद उत्सव को राजकीय मेला घोषित किया जाए जिससे सरकार द्वारा तीर्थ यात्रियों श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं के लिए सरकार द्वारा फंड जारी किया जाए। उन्होंने कहां कि गोकुल को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित किया गया है इसलिए भी यहां श्रद्धालुओं की संख्या बहुत अधिक बढ़ गई है। सांसद हेमा मालिनी न संजय दीक्षित को आश्वासन दिया है कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस विषय में बात करेंगी जल्द ही गोकुल के नंद महोत्सव को राजकीय मेला घोषित करवाने में पूरी मदद करेंगी।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 24२ जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

## प्रीडीएलएड परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

**झालावाड़:** प्रदेश में डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली प्रीडीएलएड परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। इस साल यह परीक्षा वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित की जा रही है। जिले में 30 जून को होगी परीक्षा। झालावाड़ जिला समन्वयक डॉ. फूलसिंह गुर्जर ने बताया कि झालावाड़ जिले में कुल 43 परीक्षा केंद्रों पर 13621 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जिले में परीक्षा आयोजन संबंधित तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र वेबसाइट ३३स्र२://स्र१ीीा ीप्रि2024.ल्ल से डाउनलोड करके उसमे लिखे अनुदेशों का अध्ययन कर ले। प्रवेश पत्र में किसी भी तरह की समस्या होने पर अविलंब वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर अथवा समन्वयक कार्यालय में 9116828238 पर संपर्क कर सकते हैं। परीक्षा 12:30 से 3:30 बजे तक परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा के लिए अभ्यर्थी को प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा।

## राज्य आंदोलनकारियों की बैठक में पेंशन वृद्धि पर हुई चर्चा

**नई टिहरी:** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच टिहरी की एक बैठक मंच के जिलाध्यक्ष ज्योति प्रसाद भट्ट की अध्यक्षता में राज्य आंदोलनकारी शहीद स्मारक नई टिहरी में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पारित किये गये। मंच की आयोजित बैठक में राज्य आंदोलनकारियों के चिह्नीकरण व दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को लेकर आगामी 30 जून को देहरादून में प्रदर्शन व सीएम आवास घेराव में तत्परता से प्रतिभाग को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। मुज्जफरनगर कांड में निःशुल्क पैरोकारी करने वाले अधिवक्ताओं को देहरादून में सम्मानित करने वाले कार्यक्रम का समर्थन किया गया। नई टिहरी में राज्य आंदोलनकारी स्मारक के निर्माण को लेकर चर्चा की गई। प्रशासन की लंबित कार्यवाही में तेजी लाने पर विचार हुआ। मंच के अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि टीएचडीसी के स्तर पर कार्यवाही गतिमान है। राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन वृद्धि पर भी चर्चा की गई। 20 हजार पेंशन करने की मांग की गई। राज्य आंदोलन पर स्मारिका प्रकाशन का प्रस्ताव पारित करते हुए कहा गया कि राज्य आंदोलन से लेकर राज्य गठन व राज्य आंदोलन की विभिन्न घटनाओं पर स्मारिक का प्रकाशन जरूरी है।

# आधुनिक शिक्षण प्रणाली से लैस होंगे स्कूल

## विस्तृत कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए अनुदानित विद्यालयों के कायाकल्प की प्रक्रिया हुई शुरू

शिक्षा पर बल

▸▸ स्टूडेंट्स व स्टाफ के आधार व जानकारियों को समायोजित कर मोबाइल ऐप का होगा विकास



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की शिक्षण प्रणाली को आधुनिकता के जरिए उच्च गुणवत्ता युक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के अनुदानित विद्यालयों के कायाकल्प की तैयारी शुरू कर दी है। सीएम योगी की मंशा अनुसार तैयार की गई विस्तृत कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए अनुदानित विद्यालयों के कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू हो गई है जिसके अंतर्गत जल्द ही प्रदेश के अनुदानित विद्यालयों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए स्टूडेंट्स व स्टाफ के आधार व अन्य जानकारियों को समायोजित कर मोबाइल ऐप का विकास किया जाएगा। जियो टैगिंग व टीचिंग स्टाफ मॉड्यूल समेत कई खूबियों से लैस होगा तथा समाज कल्याण विभाग ने उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड को इसके विकास का जिम्मा सौंपा है। यूपीएलसी ने अपने यहां इंपैनल्ड कंपनियों के चयन और कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू करते हुए ई-निविदा के माध्यम से आवेदन मांगे हैं।

**विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा कर होगा ऐप का विकास:** प्रदेश के अनुदानित विद्यालयों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बेस्ड ऐप के विकास की तैयारी की जा रही है वह विभिन्न प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाद विकसित होगा। इस क्रम में यूपीएलसी द्वारा कार्यावंटन के बाद चयनित की गई ऐप डेवलपमेंट सर्विस प्रोवाइडर एजेंसी को पहले डीटेल्ड प्रोजेक्ट स्टडी विभाग के अधियारियों से प्राप्त फीडबैक के आधार तैयार करना होगा। स्टाफ व अन्य महत्वपूर्ण डाटा को संकलित किया जाएगा जिसमें आधार समेत कई जानकारियां शामिल होंगी। सारे प्राप्त डाटा को संकलित कर सिस्टम रिक्वायरमेंट स्पेसिफिकेशन के अनुसार समायोजित किया जाएगा। प्रोजेक्ट रिपोर्ट व डीटेल्ड रिपोर्ट का इसी आधार पर निर्माण किया जाएगा जिसके जरिए ऐप के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। सिस्टम रिक्वायरमेंट स्पेसिफिकेशन के आधार पर तैयार हुई डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट के जरिए ऐप व ऑनलाइन मॉड्यूल में रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल व मैनेजमेंट इनफॉर्मेशन सिस्टम (एमआईएस) का विकास किया जाएगा।

### 60 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स को ट्रैक करने में होगा सक्षम

**पहली** केटेगरी के तौर पर स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल, दूसरी केटेगरी के तौर पर स्टाफ रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल और तीसरी केटेगरी के तौर पर विद्यालय (इंफ्रास्ट्रक्चर) रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल का विकास किया जाएगा। इन मॉड्यूल्स का विकास ईजी एक्सेसिबिलिटी के आधार पर किया जाएगा।

इस ऑनलाइन मॉड्यूल बेस्ड मोबाइल ऐप को वास्ट डाटाबेस मैनेजमेंट के लिहाज से विकसित किया जा रहा है और इसके विकास के बाद 60 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स को ट्रैक करने और उनके डाटाबेस को वन स्टॉप डेस्टिनेशन के तौर पर एक्सेस करने का प्लेटफॉर्म तैयार हो जाएगा। इस ऐप में स्टूडेंट्स के डेट ऑफ बर्थ, जेंडर, मोबाइल नंबर, पता, परिवारिक पृष्ठिभूमि, सोशल व फाइनेंशियल डिटेल, आधार वैलिडेशन व एकेडेमिक रिकॉर्ड्स शामिल होंगे।

स्टाफ व टीचर्स की भी इसी प्रकार की जानकारियां अंकित होंगी।

# बिजली उत्पादन में यूपी को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी

उत्पादन


▸▸ 10 नये थर्मल पॉवर प्लांट से पैदा होगी 5255 मेगावॉट बिजली, जुलाई 2024 से अगस्त 2027 तक क्रियाशील हो जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: योगी** सरकार प्रदेश को बिजली उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में जुटी हुई है। इसी साल 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश धरातल पर उतरने के बाद बड़े स्तर पर बिजली की मांग बढ़ेगी। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार अगले तीन साल में 10 नये थर्मल पॉवर प्लांट के जरिए तकरीबन 5255 मेगावॉट बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी करेगी। वहीं 2030 तक प्रदेश की तीन इकाइयों की क्षमता में विस्तार करके 5120 मेगावॉट अतिरिक्त बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। प्रदेश में जिन 10 नये थर्मल पॉवर स्टेशन को शुरू करने की कवायद चल रही है उनमें 660 मेगावॉट की ओबरा सी यूनिट-2, इस वर्ष सितंबर तक, 660 मेगावॉट की जवाहरपुर यूनिट-2, इस वर्ष जुलाई तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-1, जुलाई 2024 तक, 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट जुलाई 2024 तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-2, दिसंबर 2024 तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-3, मार्च 2025 तक, 396 मेगावॉट की खुर्जा एसटीपीपी यूनिट-1 और 396 मेगावॉट की यूनिट-2, मई 2025 तक, 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री यूनिट-1 अगस्त 2027 तक और 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री, यूनिट-2 अगस्त 2027 तक क्रियाशील हो जाएगी। इन सभी पॉवर स्टेशन के शुरू होने से प्रदेश में अतिरिक्त 5255 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होने लगेगा। योगी सरकार इसके अतिरिक्त 2030 तक प्रदेश की बिजली उत्पादन क्षमता में 5120 मेगावॉट का इजाफा करेगी।

## 7 साल में 'बाबा विश्वनाथ' की आय में हुई चार गुना की वृद्धि

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: श्री काशी** विश्वनाथ धाम का विस्तार कर सुगम और अत्याधुनिक बनाया गया तो विश्व भर से शिव भक्तों की संख्या दिन ब दिन बढ़ने लगी। श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद बाबा की आय में भी कई वृद्धि हुई। डबल इंजन सरकार में सुविधाओं के विस्तार होने के बाद विश्वनाथ धाम में दान और दर्शनार्थियों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि भी हुई। वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2023 -24 में बाबा की आय में चार गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। बीच में कोरोना काल में भक्तों की संख्या में थोड़ी कमी आई थी, लेकिन इसके बाद फिर से इसमें बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई।

**16.22 करोड़ पहुंच गई भक्तों की संख्या:** श्री काशी विश्वनाथ धाम के कायाकल्प के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगातार निरीक्षण और निर्देशन में मंदिर में कई सुविधाओं की बढ़ोतरी हुई। मंदिर का विस्तार और दर्शन की सुगमता ने काशी में तीर्थाटन को और बढ़ा दिया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि बाबा के आय में चढ़ावा, दान, टिकट और परिसर में नवनिर्मित भवनों के आय आदि के रूप में पिछले 7 साल में 4 गुना की वृद्धि हुई है। 13 दिसम्बर 2021 को हुए विश्वनाथ कॉरिडोर के लोकार्पण के बाद मई 2024 तक बाबा के भक्तों की संख्या 16.22 करोड़ तक पहुंच गई।




# फाइलेरिया पर योग असरदार, पीड़ितों का हो रहा उपचार



पहल

▸▸ फाइलेरिया पीड़ितों का जीवन हुआ आसान, योगाभ्यास व व्यायाम से आसान बना फाइलेरिया मरीजों का जीवन

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** योगी सरकार ने वर्ष 2027 तक प्रदेश में फाइलेरिया को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत प्रदेश भर में विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं योगी सरकार ने योग के जरिये फाइलेरिया को मात देने में बड़ी सफलता हासिल की है। योगी सरकार की पहल का ही असर है कि फाइलेरिया से पीड़ितों का जीवन नियमित योगाभ्यास और व्यायाम से आसान बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में सहयोगी संस्थाओं द्वारा लम्बे समय से समाज की मुख्य धारा से अलग-थलग पड़े फाइलेरिया मरीजों को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, इंदिरानगर लखनऊ में इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड डमेटोलॉजी (आईएडी) सेंटर खोला गया है, जहां फाइलेरिया मरीजों को देखभाल के तरीके, योग व प्राणायाम सिखाया जाता है। फाइलेरिया नेटवर्क और पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के कई मरीजों ने देखभाल के सही तरीके सीखकर जीवन को सहज बनाया है।

**योग और व्यायाम से सूजन हो रही कम:** योग, व्यायाम और फाइलेरिया प्रभावित अंगों की सूजन के प्रबंधन के बीच के संबंध को समझाते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड डमेटोलॉजी के योग परामर्शदाता संदीप कुमार ने बताया कि उपचार प्रोटोकॉल में सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम, मुद्रा और शवासन शामिल हैं।